

अखबार जो बदल दे नजरिया
# राष्ट्रीय ख़बर
हमारी नज़र
पेज ›› 12 मूल्य ›› 3 रुपये ›› वर्ष ›› 14 अंक ›› 192 | epaper.rashtriyakhabar.com | श्रावण, कृष्णपक्ष त्रयोदशी, विक्रम संवत 2080

## विदुर नीति

अभियुक्तं बलवता दुर्बलं हीनसाधनम्।
हतस्वं कामिनं चोरमाविशंति प्रजागराः॥
कच्चिदेतैर्महादोषैर्न स्पृष्टोऽसि नराधिप।
कच्चिच्च परवित्तेषु गृध्यन्न परितप्यसे॥

**भावार्थ :** जिसका शक्तिशाली से द्वेष हो गया हो, जो खुद दुर्बल हो, या जो साधनहीन हो, जिसका सबकुछ छिन गया हो, जो कामावेश में लिप्त हो या चोर हो- इन छह को अनिद्रा का रोग लग जाता है। हे राजन! कहीं आप इनमें से तो नहीं हैं? अथवा पराए धन को हड़प लेने का लोभ तो आपको नहीं हो गया है जो आप इतने उद्विग्न हैं?

**रांची पारा अपडेट**

| मैक्सिमम | मिनीमम |
|---|---|
| 28.00 °c | 25.00 °c |

सूर्यास्त (आज) ›› 18 .37 बजे
सूर्योदय (कल) ›› 05 .11 बजे

## न्यायमूर्ति भुइयां, भट्टी ने ली सुप्रीम कोर्ट न्यायाधीश पद की शपथ

**नयी दिल्ली :** न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां और न्यायमूर्ति एस वेंकटनारायणन भट्टी ने शुक्रवार को उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश पद की शपथ ली। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ ने आज उच्चतम न्यायालय सभागार में दोनों न्यायाधीशों को पद की शपथ दिलायी। इसके साथी उच्चतम न्यायालय में न्यायाधीशों के कुल स्वीकृत 34 पदों के मुकाबले संख्या 32 हो गई है। न्यायमूर्ति भुइयां का कार्यकाल दो अगस्त 2029 और न्यायमूर्ति भट्टी का कार्यकाल छह मई 2027 रहेगा। शीर्ष अदालत के न्यायाधीश पद पर नियुक्त होने से पहले न्यायमूर्ति भुइयां तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश और न्यायमूर्ति भट्टी केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश थे। गौरतलब है कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने उच्चतम न्यायालय कॉलेजियम की सिफारिश पर न्यायमूर्ति भुइयां और न्यायमूर्ति भट्टी को पदोन्नत कर उच्चतम न्यायालय का न्यायाधीश 12 जुलाई को नियुक्त किया था।

## दिल्ली में बाढ़ के लिए भाजपा जिम्मेदारः आप

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली में बाढ़ के लिए भाजपा को जिम्मेदार ठहराते हुए शुक्रवार को कहा कि अगर हथिनी कुंड से उत्तर प्रदेश और हरियाणा की ओर भी पानी छोड़ा जाता तो राष्ट्रीय राजधानी में बाढ़ की स्थिति नहीं बनती। आप के वरिष्ठ नेता एवं विधायक सोमनाथ भारती ने आज कहा कि हरियाणा स्थित हथिनी कुंड से ईस्ट यमुना कैनाल के जरिए उत्तर प्रदेश, वेस्ट यमुना कैनाल के जरिए हरियाणा और यमुना नदी के जरिए दिल्ली की ओर पानी छोड़ा जाता है। अगर हथिनी कुंड से उत्तर प्रदेश और हरियाणा की ओर भी पानी छोड़ा जाता तो दिल्ली में बाढ़ के हालत नहीं बनते लेकिन जानबूझ कर 10-12 जुलाई तक सिर्फ यमुना में पानी छोड़ा गया। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने गृहमंत्री को पत्र लिखकर यमुना में कम पानी छोड़ने का अनुरोध भी किया था, लेकिन उनके आग्रह को नजरअंदाज कर दिया गया। उन्होंने कहा कि दिल्ली में आई बाढ़ का कारण दिल्लीवासियों के प्रति भाजपा की नफरत है, क्योंकि दिल्ली के लोग अरविंद केजरीवाल को बार-बार चुन रहे हैं।

## शेरनी ने ही मार दिया अपने दो शावकों को : सफारी प्रशासन

**इटावा :** इटावा सफारी पार्क में शेरनी सोना अपने ही दो शावकों को मारकर खा गयी है।सफारी प्रशासन ने इसकी पुष्टि कर दी है। शेरनी सोना ने 6 जुलाई से 10 जुलाई के बीच 5 शावकों को जन्म दिया लेकिन बताया गया है कि दो शावकों पर शेरनी ने ही हमला बोल दिया।शेरनी ने दोनों शावकों को बुरी तरह से काट खाया जिससे उनकी मौत हो गयी। सफारी के बायोलॉजिस्ट बी एन सिंह का कहना है कि इटावा में पोस्टमार्टम नियमों के अनुरूप किया गया है। वन्यजीव विशेषज्ञ ऐसा बताते है कि जब कभी कोई शेरनी अपने बच्चों को अपनाती नहीं है तो उसको इसी तरह से नुकसान पहुंचा करके मौत के घाट उतार देती है। लायन सफारी में 6 जुलाई को सोना नामक शेरनी में पहली दफा एक शावक को जन्म दिया और उसके बाद एक एक करके 5 शावको को 100 घंटे में जन्म दिया है लेकिन एक के बाद एक करके 4 शावकों की मौत हो गई है ।

## सुप्रीम कोर्ट का महाराष्ट्र विधानसभा अध्यक्ष को नोटिस

**नयी दिल्ली :** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और कुछ अन्य विधायकों के खिलाफ एक साल से अधिक समय से लंबित अयोग्यता याचिकाओं पर विधानसभा अध्यक्ष को निर्णय लेने का निर्देश देने की मांग वाली शिवसेना उद्धव ठाकरे धड़े की रिट याचिका पर उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को नोटिस जारी किया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी एस नरसिंहा और मनोज मिश्रा की पीठ ने महाराष्ट्र विधानसभा के अध्यक्ष राहुल नार्वेकर से दो सप्ताह के भीतर अपना जवाब दाखिल करने को कहा। शीर्ष अदालत के समक्ष श्री ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के मुख्य सचेतक सुनील प्रभु ने चार जुलाई 2023 को एक नई रिट याचिका दायर करके लंबित अयोग्यता की कार्यवाही पर निर्णय लेने में अध्यक्ष पर निष्क्रियता का आरोप लगाया है। इसके साथ ही याचिका में अयोग्यता पर एक निश्चित अवधि और हो सके तो दो सप्ताह के भीतर कोई फैसला करने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई ।

अपरिहार्य कारणों से आज का अंक 12 पृष्ठों का है। पाठकों की असुविधा के लिए हमें खेद है।

**उपलब्धि** › हो सकता है कि भविष्य में हम चांद पर रहने लगें : मोदी

# चंद्रयान 3 का सफल प्रक्षेपण देश ने देखा

- इस घटना को लाखों ने लाइव देखा
- प्रधानमंत्री ने ट्विट से जारी किया संदेश
- कई सप्ताह में चांद तक की दूरी तय करेगा यान

**राष्ट्रीय खबर**

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत के तीसरे चंद्र मिशन चंद्रयान-3 के लिए देशवासियों को शुभकामनाएं देते हुए आज कहा कि यह मिशन भारत की आशाओं एवं सपनों को आगे बढ़ाएगा। श्री मोदी ने ट्वीटर पर कई ट्वीट के माध्यम से जारी संदेश में कहा कि जहां तक भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र का सवाल है, 14 जुलाई 2023 हमेशा सुनहरे अक्षरों में अंकित रहेगा। चंद्रयान-3, हमारा तीसरा चंद्र मिशन, अपनी यात्रा शुरू करेगा। यह उल्लेखनीय मिशन हमारे देश की आशाओं और सपनों को आगे



बढ़ाएगा। उन्होंने कहा कि कक्षा उत्थान प्रक्रिया के बाद चंद्रयान-3 को चंद्र स्थानांतरण प्रक्षेप पथ में डाला जाएगा। 300,000 किमी से अधिक की दूरी तय करते हुए, यह आने वाले हफ्तों में चंद्रमा पर पहुंचेगा। जहाज पर मौजूद वैज्ञानिक उपकरण चंद्रमा की सतह का अध्ययन करेंगे और हमारे ज्ञान को बढ़ाएंगे। श्री मोदी ने वैज्ञानिकों के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा, हमारे वैज्ञानिकों को धन्यवाद, अंतरिक्ष क्षेत्र में भारत का इतिहास बहुत समृद्ध है। चंद्रयान-1 को वैश्विक चंद्र मिशनों में एक पथप्रदर्शक माना जाता है क्योंकि इसने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की मौजूदगी की पुष्टि की है। यह दुनिया भर के 200 से अधिक वैज्ञानिक प्रकाशनों में प्रकाशित हुआ था।

उन्होंने कहा कि चंद्रयान-1 तक, चंद्रमा को एक हड्डी-सूखा, भूवैज्ञानिक रूप से निष्क्रिय और निर्जन खगोलीय पिंड माना जाता था। अब, इसे पानी और उप-सतह बर्फ की उपस्थिति के साथ एक गतिशील और भूवैज्ञानिक रूप से सक्रिय निकाय के रूप में देखा जाता है। हो सकता है कि भविष्य में इस पर संभावित रूप से निवास किया जा सके। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-2 भी उतना ही अग्रणी था क्योंकि इससे जुड़े ऑर्बिटर के डेटा ने पहली बार रिमोट सेंसिंग के माध्यम से क्रोमियम, मैंगनीज और सोडियम की उपस्थिति का पता लगाया था। इससे चंद्रमा के जादुई विकास के बारे में अधिक जानकारी भी मिलेगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि चंद्रयान 2 के प्रमुख वैज्ञानिक परिणामों में चंद्र सोडियम के लिए पहला वैश्विक मानचित्र, क्रेटर आकार वितरण पर ज्ञान बढ़ाना, आईआईआरएस उपकरण के साथ चंद्र सतह के पानी की बर्फ का स्पष्ट पता लगाना और बहुत कुछ शामिल है। यह मिशन लगभग 50 प्रकाशनों में प्रकाशित हुआ है। श्री मोदी ने चंद्रयान-3 मिशन के लिए शुभकामनाएँ देते हुए कहा, मैं आप सभी से इस मिशन और अंतरिक्ष, विज्ञान और नवाचार में हमने जो प्रगति की है, उसके बारे में और अधिक जानने का आग्रह करता हूं। इससे आप सभी को बहुत गर्व महसूस होगा।

दाह संस्कार के वक्त की घटना देख लोग अचंभित हुए

## अधजला इंसानी मांस खाते दो लोग गिरफ्तार



- मयूरभंज के दंतुनी गांव की घटना
- दोनों शराब के नशे में पकड़े गये
- गांव के दूसरे लोगों ने उन्हें पकड़ा

**राष्ट्रीय खबर**

**भुवनेश्वरः** किसी शव के दाह संस्कार के दौरान मृतक का आधा जला शरीर खाने के आरोप में दो गिरफ्तार किये गये हैं। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी सुंदरमोहन सिंह और नरेंद्र सिंह हैं। ये दोनों मयूरभंज जिले के दंतुनी गांव के रहने वाले हैं। दो लोगों पर दाह संस्कार के दौरान मृतक के आधे जले शरीर से मांस खाने का आरोप लगाया गया था। ये भयानक हादसा ओडिशा के मयूरभंज जिले में हुआ। पुलिस ने मानव मांस खाने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक आरोपी सुंदरमोहन सिंह और नरेंद्र सिंह हैं। ये दोनों मयूरभंज जिले के दंतुनी गांव के रहने वाले हैं। मंगलवार को गांव के एक व्यक्ति की मौत हो गई। शख्स के शव को अंतिम संस्कार के लिए श्मशान घाट ले जाया गया। गांव से कई लोग चले गये। उस समूह में मोहन और नरेन्द्र भी दूसरों के साथ शामिल थे। ग्रामीणों का कहना था कि पूरी घटना के लिए सिर्फ यही दो लोग जिम्मेदार हैं। और कुछ दूरी पर शव को रखकर जलाया गया था। उनमें से कुछ ने मोहन और नरेंद्र को शव का मांस खाते हुए देखा, जबकि शव आधा जला हुआ था। जब मोहन और नरेंद्र अंतिम

›› पेज 2 भी देखें

## म्यांमार की बाहरी ताकतें अशांति में शामिल है : राज्यपाल उइके



- जांच आयोग के अध्यक्ष का राहत शिविरों का दौरा
- राज्य में फैली हिंसा के पीछे विदेशी हाथः मुख्यमंत्री

**भूपेन गोस्वामी**

**गुवाहाटी :** मणिपुर की राज्यपाल अनुसुईया उइके ने 14 जुलाई को इंफाल पूर्व के खुंद्राक्पम में नाओरेम बिराहारी कॉलेज में एक राहत शिविर के अपने दौरे के दौरान मणिपुर में चल रही हिंसा और अशांति में बाहरी ताकतों, विशेष रूप से म्यांमार की भागीदारी का संकेत दिया। यह दावा मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह द्वारा पहले दिए गए बयानों के साथ-साथ राज्य में लोगों और विभिन्न नागरिक समाज संगठनों की लंबे समय से चली आ रही मान्यताओं के साथ मेल खाता है। राहत शिविर में रह रहे लोगों के साथ बातचीत के दौरान राज्यपाल उइके ने मणिपुर में सुरक्षा स्थिति को प्रभावित करने वाले बाहरी तत्वों के बारे में अपनी चिंता व्यक्त की। उन्होंने जोर देकर कहा, मुझे पता चला है कि बाहर से कुछ लोग आए हैं; सुरक्षा बल आपकी सुरक्षा के लिए उन्हें पकड़ रहे हैं। बाहरी लोग आ गए हैं और इस तरह की स्थिति पैदा कर रहे हैं। राज्यपाल उइके ने निवासियों को आश्वासन दिया कि तलाशी अभियान चल रहा है, और इसमें शामिल बाहरी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा, हम उन्हें मणिपुर के बाहर धकेल देंगे। म्यांमार से भी लोग आ रहे हैं और गड़बड़ी पैदा कर रहे हैं। इसलिए हमें उन्हें रोकना होगा। उन्होंने आगे उल्लेख किया कि उन्होंने सेना, सीआरपीएफ, बीएसएफ और पुलिस को इन बाहरी तत्वों के खिलाफ कार्रवाई करने का निर्देश दिया था। मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने इससे पहले संकेत दिया था कि तीन मई से राज्य में फैली हिंसा के पीछे विदेशी हाथ है और जातीय संघर्ष में संभावित पूर्व योजना और बाहरी संलिप्तता हो सकती है। दूसरी ओर, मणिपुर हिंसा की जांच के लिए गठित जांच आयोग के एक दल ने आज इंफाल में राहत शिविरों का दौरा किया और विस्थापित लोगों से बातचीत की।

गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति अजय लांबा के नेतृत्व में टीम ने उरूप ओबीसी गर्ल्स हॉस्टल राहत शिविर और खुमान लम्पक राहत शिविर के खेल छात्रावास संख्या 2 में राहत शिविरों का दौरा किया।उन्होंने

›› पेज 2 भी देखें

## मोदी को मिला फ्रांस का सर्वोच्च सम्मान



**पेरिस :** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फ्रांस के सर्वोच्च नागरिक एवं सैन्य सम्मान ग्रैंड क्रॉस ऑफ द लीजन ऑफ ऑनर से सम्मानित किया गया है। फ्रांस गणराज्य के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने गुरुवार देर रात पेरिस के एलिसी पैलेस में एक समारोह में श्री मोदी को इस सम्मान से अलंकृत किया। भारतीय प्रधानमंत्री को पहली बार फ्रांस का सर्वोच्च सैन्य नागरिक सम्मान प्रदान किया गया है। प्रधानमंत्री ने भारत के लोगों की ओर से इस अद्वितीय सम्मान के लिए श्री मैक्रोन को धन्यवाद दिया। पूर्व में, लीजन ऑफ ऑनर का ग्रैंड क्रॉस दुनिया भर के चुनिंदा नेताओं और प्रतिष्ठित हस्तियों को प्रदान किया गया है। इनमें दक्षिण अफ्रीका के पूर्व राष्ट्रपति नेल्सन मंडेला, वेल्स के तत्कालीन राजकुमार एवं ब्रिटेन के राजा किंग चार्ल्स, जर्मनी की पूर्व चांसलर एंजेला मर्केल, संयुक्त राष्ट्र के पूर्व महासचिव बुतरस बुतरस घाली समेत कई हस्तियां शामिल हैं। फ्रांस द्वारा दिया गया यह सम्मान श्री मोदी को विभिन्न देशों द्वारा दिए गए शीर्ष अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों और सम्मानों की श्रृंखला में एक और सम्मान है। वर्ष 2021 में भूटान द्वारा ऑर्डर ऑफ द ड्रुक ग्यालपो, 2020 में अमेरिकी सरकार द्वारा लीजन ऑफ मेरिट, 2019 में बहरीन द्वारा किंग हमाद ऑर्डर ऑफ द रेनेसां, 2019 में मालदीव द्वारा ऑर्डर ऑफ द डिस्टिंग्विश्ड रूल ऑफ निशान इज्जुद्दीन, 2019 में रूस द्वारा ऑर्डर ऑफ सेंट एंड्रयू पुरस्कार , 2019 में यूएई द्वारा ऑर्डर ऑफ जायद अवॉर्ड, 2018 में ग्रैंड कॉलर ऑफ द स्टेट ऑफ फिलिस्तीन अवॉर्ड, 2016 में अफगानिस्तान द्वारा स्टेट ऑर्डर ऑफ गाजी अमीर अमानुल्लाह खान और 2016 में सउदी अरब द्वारा ऑर्डर ऑफ अब्दुलअजीज अल सऊद शामिल हैं।

मोदी की शैक्षणिक योग्यता के मामले में विवाद अब भी जारी

## अब फिर से केजरीवाल और संजय सिंह को नोटिस

- केजरीवाल को पहले लगा है 25 हजार जुमार्ना
- गुजरात हाईकोर्ट तक पहुंचा था यह मामला
- अब भी आप अपनी बात पर डटी हुई है

**राष्ट्रीय खबर**

**अहमदाबादः** गुजरात की एक अदालत ने फिर से दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह के नाम पर नोटिस जारी किया है। दरअसल यह नोटिस प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की शैक्षणिक योग्यता की डिग्री से जुड़े मामले में जारी हुआ है। बता दें कि इस मामले में सवाल करने की वजह से गुजरात हाईकोर्ट पहले ही अरविंद केजरीवाल पर 25 हजार रुपये आर्थिक दंड लगा चुकी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की डिग्री विवाद में गुजरात की एक अदालत ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और आप सांसद संजय सिंह को पेश होने का



आदेश दिया है। उन्हें 26 जुलाई को कोर्ट में पेश होना होगा। गुजरात यूनिवर्सिटी ने पीएम मोदी की डिग्री के बारे में व्यंग्यात्मक और अपमानजनक टिप्पणी का आरोप लगाते हुए यूपी के दो नेताओं के खिलाफ मामला दर्ज किया है। गुजरात कोर्ट ने केजरीवाल और संजय को मामले में गुरुवार 13 जुलाई को पेश होने को कहा है। लेकिन गुरुवार को सुनवाई शुरू होते ही केजरीवाल के वकील ने कहा कि दिल्ली में भारी बारिश हो रही है। उनका मुवक्किल इसमें व्यस्त है। इसलिए उपस्थित नहीं हो सका। तब जज ने उन्हें 26 जुलाई को पेश होने का आदेश दिया। गुजरात हाई कोर्ट ने पीएम मोदी की डिग्री पर मुख्य सूचना आयुक्त के आदेश को खारिज कर दिया। इसके बाद केजरीवाल और संजय पर इस पर व्यंग्यात्मक और अपमानजनक टिप्पणी करने का आरोप लगा था। गुजरात यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार पीयूष पटेल ने उनके खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया है। पीयूष ने दावा किया कि गुजरात उच्च न्यायालय के आदेश के बाद केजरीवाल और संजय द्वारा की गई प्रेस कॉन्फ्रेंस और ट्विटर पर पोस्ट करने से विश्वविद्यालय की बदनामी हुई है। उस मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को गुरुवार को कोर्ट में पेश होना था। लेकिन दिल्ली में बारिश के कारण वह उपस्थित नहीं हो सके। वे 26 जुलाई को अदालत में पेश होंगे। दूसरी तरफ

›› पेज 2 भी देखें

**जश्न** › अंतरिक्ष में जेम्स वेब टेलीस्कोप का एक साल शानदार गुजरा

# अंतरिक्ष में बहुत कुछ नया दिखाया इस यंत्र ने

- तारों का जन्म और मौत भी हमने देखा
- आकाशगंगा में दूरस्थ घटनाओं पर नजर
- शोध के लिए व्यापक डेटा उपलब्ध कराया

**राष्ट्रीय खबर**

**रांचीः** जेम्स वेब टेलीस्कोप को अंतरिक्ष में स्थापित करने के एक साल के मौके पर जश्न मनाया गया। यह वाकई जश्न मनाने लायक स्थिति भी रही क्योंकि इसके



आसमान में जाने के बाद अंतरिक्ष विज्ञान ने बहुत कुछ ऐसा जाना जो हमारे लिए अनजाना था। इससे अलावा हब्बल टेलीस्कोप ने हम तक जो जानकारिया पहुंचायी थी, इस खगोल दूरबीन ने उससे आगे का रास्ता दिखाया है। सौर मंडल में हमारे ब्रह्मांडीय पिछवाड़े से लेकर समय की शुरूआत के करीब दूर की आकाशगंगाओं तक, नासा के जेम्स

›› पेज 2 भी देखें

### वेब कार्यक्रम वैज्ञानिक एरिक स्मिथ ने कहा

नासा मुख्यालय में एस्ट्रोफिजिक्स डिवीजन में अनुसंधान के एसोसिएट निदेशक और वेब कार्यक्रम वैज्ञानिक एरिक स्मिथ ने कहा, यह टेलीस्कोप विज्ञान की खोज करने में कितना सक्षम है यह वास्तव में अब स्पष्ट हो गया है, जब हमारे पास आकाश में लक्ष्यों से पूरे वर्ष का डेटा है। इसका अर्थ है कि भविष्य की खोजें और भी आश्चर्यजनक होंगी।ह्व वैश्विक खगोल विज्ञान समुदाय ने पिछला वर्ष उत्साहपूर्वक वेब के प्रारंभिक सार्वजनिक डेटा पर गौर करने और इसके साथ काम करने के तरीके को समझने में बिताया है। आश्चर्यजनक अवरक्त छवियों के अलावा, जिस चीज ने वैज्ञानिकों को वास्तव में उत्साहित किया है वह है इसका क्रिस्प स्पेक्ट्रा, वह विस्तृत जानकारी जिसे दूरबीन के स्पेक्ट्रोस्कोपिक उपकरणों द्वारा प्रकाश से प्राप्त किया जा सकता है। वेब के स्पेक्ट्रा ने अब तक देखी गई कुछ सबसे दूर की आकाशगंगाओं की दूरी की पुष्टि की है, और सबसे पुराने, सबसे दूर के सुपरमैसिव ब्लैक होल की खोज की है। नासा के गोडार्ड स्पेस फ्लाइट सेंटर के वेब वरिष्ठ परियोजना वैज्ञानिक जेन रिग्बी ने कहा, विज्ञान के एक वर्ष के साथ, हम जानते हैं कि यह दूरबीन कितनी शक्तिशाली है, और हमने शानदार डेटा और खोजों का एक वर्ष दिया है। हमने दूसरे वर्ष के लिए अवलोकनों का एक महत्वाकांक्षी सेट चुना है - जो अब तक हमने जो कुछ भी सीखा है उस पर आधारित है। वेब का विज्ञान मिशन अभी शुरू हो रहा है - अभी भी बहुत कुछ आना बाकी है।

सऊदी अरब ने पाकिस्तानी बैंक में दो सौ मिलियन डॉलर जमा किये

## आईएमएफ भी उसे तीन अरब डॉलर कर्ज देगा

**राष्ट्रीय खबर**

**इस्लामाबादः** सऊदी अरब ने पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में 200 मिलियन अमेरिकी डॉलर जमा कराए हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के साथ आपात बैठक से पहले डॉलर की आपूर्ति से पाकिस्तान को राहत मिलने की उम्मीद है। आईएमएफ कार्यकारी बोर्ड की बुधवार को बैठक होने वाली है। इस बैठक में पाकिस्तान के बहुप्रतीक्षित 3 अरब डॉलर के बेल आउट या ऋण सहायता पैकेज को मंजूरी मिल सकती है।



परिणामस्वरूप, इस समय पाकिस्तान के भंडार में 200 मिलियन डॉलर की बढ़ोतरी देश के लिए मददगार होगी। पाकिस्तान के वित्त मंत्री इशाक डार ने एक वीडियो संदेश में कहा कि सऊदी अरब ने वादा किया है कि उनके समर्थन से पाकिस्तान का विदेशी मुद्रा भंडार

›› पेज 2 भी देखें

शहर >> अपडेट

## रघुवर दास होंगे संयोजक



रांची: झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष रघुवर दास को पटना में 13 जुलाई को भारतीय जनता पार्टी के नेताओं एवं कार्यकर्ताओं पर हुई पुलिस प्रशासन की बर्बरता और पुलिस लाठीचार्ज में मारे गये पार्टी कार्यकर्ता विजय सिंह की मृत्यु की जांच के लिए गठित कमेटी का संयोजक नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने घटना की तीव्र निंदा करते हुए इस संबंध में एक उच्चस्तरीय जांच समिति का गठन किया है। यह जांच समिति शनिवार को पटना जाकर वस्तुस्थिति का जायजा लेकर घटना की रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को जल्द सौंपेगी। जांच समिति में सांसद मनोज तिवारी, विष्णु दयाल शर्मा और सुनीता दुग्गल को सदस्य बनाया गया है। कमेटी 15 जुलाई को क्षेत्र का दौरा कर मामले की जांच करेगी।

बैठक > हेमन्त सोरेन ने स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक

# बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध:हेमन्त सोरेन

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य के बच्चों को बेहतर और गुणवत्ता युक्त शिक्षा देने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है। इस सिलसिले में सरकारी विद्यालयों की मजबूत किया जा रहा है । विद्यालयों में आधारभूत संरचना और मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ पठन-पाठन की नवीनतम एवं आधुनिक तकनीक से संबंधित संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं । मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन ने आज स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक करते हुए अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि प्राथमिक, माध्यमिक और प्लस- टू विद्यालयों में शिक्षकों के खाली पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया तेज करें, ताकि विद्यालयों का संचालन बेहतर तरीके से हो। विभाग के सचिव श्री के० रवि कुमार ने मुख्यमंत्री को बताया कि प्लस- टू विद्यालयों में प्रधानाचार्य, शिक्षक और प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति के लिए जेएसएससी ने अधियाचना जारी कर दी है । माध्यमिक विद्यालयों, मॉडल स्कूलों और अन्य श्रेणियों के विद्यालयों के लिए भी शिक्षक एवं प्रयोगशाला सहायक के पदों पर नियुक्ति की प्रक्रिया चल रही है। वहीं, सहायक आचार्य के 26 हजार पदों पर बहाली की प्रक्रिया भी जल्द शुरू हो जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चों के ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए विद्यालयों में पठन-पाठन के अलावा खेल- संगीत जैसी एक्टिविटीज निरंतर चलनी चाहिए। बच्चों के बीच तरह -तरह की प्रतियोगिताएं हों, ताकि वे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ने का बेहतर माहौल मिले, इसके लिए जिलों में रीडिंग रूम की व्यवस्था सुनिश्चित करें । यहां सभी मूलभूत सुविधाओं के साथ वाईफाई की भी व्यवस्था होनी चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि विद्यार्थियों को पठन-पाठन से संबंधित सामग्री और यूनिफॉर्म सत्र शुरू होने के समय ही उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें । उन्होंने यह भी कहा कि जिस तरह एकेडमिक कैलेंडर जारी किया जाता है, उसी तरह इसका भी कैलेंडर जारी किया जाना चाहिए। इसमे बच्चों के बीच पठन-पाठन सामग्री, यूनिफॉर्म, छात्रवृत्ति राशि और अन्य योजनाओं का लाभ देने की समय सीमा तय होनी चाहिए ।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में सभी सरकारी विद्यालयों का फिजिकल मैपिंग कराएं । जो भी विद्यालय भवन जर्जर हों, उसकी मरम्मत कराई जाए। और इसमें गुणवत्ता का पूरा ख्याल रखा जाए । इसके साथ हर 3 वर्ष पर विद्यालयों का मेंटेनेंस होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने जिस मकसद से स्कूल ऑफ एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल खोले हैं ,उसका सार्थक परिणाम सामने आना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि समय-समय पर इन विद्यालयों का निरीक्षण कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें। इस क्रम में विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से संवाद करें और यहां के पठन-पाठन, रखरखाव और मिल रही सुविधाओं की जानकारी लें। अगर इसमें किसी भी प्रकार की खामी मिलती है तो उसके त्वरित निपटारे की व्यवस्था होनी चाहिए।मुख्यमंत्री ने कहा कि दिव्यांग विद्यार्थियों के लिए एक अलग आवासीय विद्यालय बनाने की कार्य योजना बनाएं। यहां बच्चों के पठन-पाठन के साथ-साथ खेल, संगीत, फिजिकल एजुकेशन देने आदि की भी व्यवस्था होनी चाहिए ,ताकि दिव्यांग बच्चे- बच्चियों की जो प्रतिभा है , उसे निखार कर सामने लाया जा सके। उन्होंने यह भी कहा कि इसके लिए पूरे राज्य से दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर उनका यहां नामांकन सुनिश्चित करें।

## पेज एक का शेष

### अधजला इंसानी मांस .. ..

संस्कार के जुलूस के पास पहुंचे तो उन्हें संदेह होने पर रंगे हाथों पकड़ लिया गया। ग्रामीणों का दावा है कि दोनों नशे में थे। इस घटना के बाद मृतक के परिजनों ने मोहन और नरेंद्र के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। एक ग्रामीण का दावा है, मोहन तंत्र साधना करता है। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने मोहन और नरेंद्र को गिरफ्तार कर लिया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, पूछताछ के दौरान आरोपी ने मृतक का मांस खाने की बात कबूल की। उनके खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 297 के तहत मामला दर्ज किया गया है। अपुष्ट जानकारी के मुताबिक दोनों ने पुलिस को यह भी बताया है कि इंसानी मांस का भक्षण करने से उन्हें अत्यधिक ताकत मिलती थी। वैसे दोनों की इन हरकतों से इलाके में दहशत का माहौल है।

### म्यांमार की बाहरी ताकतें .. ..

उपायुक्त टी. किरणकुमार की मौजूदगी में इंफाल पश्चिम जिले के मेकोला गुलाब एचआर सेकेंडरी स्कूल के राहत शिविर का भी दौरा किया, जहां ज्यादातर लोग चुराचांदपुर जिले से विस्थापित हुए हैं। यह बातचीत जांच की सामान्य प्रक्रिया के संबंध में थी। जांच आयोग के अध्यक्ष ने जांच में तेजी लाने के लिए प्रक्रिया के दौरान कैदियों से पूर्ण सहयोग का अनुरोध किया। इसके अलावा, उन्होंने उपस्थित सभी लोगों से राज्य में शांति लाने के लिए हाथ मिलाने का अनुरोध किया।गौरतलब है कि पिछले महीने केंद्र ने मणिपुर में 3 मई को हुए जातीय संघर्ष की जांच के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की अध्यक्षता में 3 सदस्यीय जांच आयोग का गठन किया था, जिसमें सौ से अधिक लोगों की मौत हो गई थी और 50,000 से अधिक लोग आंतरिक रूप से विस्थापित हो गए थे।

### अब फिर से केजरीवाल .. ..

इनके अलावा भी आम आदमी पार्टी के दूसरे नेता प्रधानमंत्री की शैक्षणिक योग्यता के बारे में उपलब्ध प्रमाणपत्र की वैधता पर लगातार सवाल उठा रहे हैं। इसमे कहा गया है कि यह प्रमाणपत्र, जिस तरीके से छापा गया है, वह कंप्यूटर प्रिंट है और जिस वर्ष में इसे देने की बात कही गयी है, उस वक्त इस विधि से प्रमाणपत्र जारी नहीं किये जाते थे। वैसे अंतिम सूचना के मुताबिक अ?विंद केजरीवाल ने दिल्ली में बाढ़ की स्थिति का हवाला देते हुए अभी अदालत में उपस्थित नहीं होने की दलील से अदालत को अवगत करा दिया है।

### अंतरिक्ष में बहुत कुछ .. ..

वेब स्पेस टेलीस्कोप ने विज्ञान संचालन के अपने पहले वर्ष में ब्रह्मांड को प्रकट करने के अपने वादे को पूरा किया है। एक सफल प्रथम वर्ष के पूरा होने का जश्न मनाने के लिए, नासा ने क्लाउड कॉम्प्लेक्स में एक छोटे सितारा बनाने वाले क्षेत्र की वेब की छवि जारी की है। नासा के प्रशासक बिल नेल्सन ने कहा, केवल एक वर्ष में, जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने ब्रह्मांड के बारे में मानवता के दृष्टिकोण को बदल दिया है, धूल के बादलों में झाँकना और पहली बार ब्रह्मांड के दूर के कोनों से प्रकाश देखना। हर नई छवि एक नई खोज है, जो आसपास के वैज्ञानिकों को सशक्त बनाती है। ग्लोब उन सवालों को पूछने और जवाब देने के लिए है जिनके बारे में वे कभी सपने में भी नहीं सोच सकते थे। कल जारी की गई नई वेब छवि हमारे निकटतम तारा-निर्माण क्षेत्र को दर्शाती है। 390 प्रकाश-वर्ष पर इसकी निकटता अत्यधिक विस्तृत क्लोज-अप की अनुमति देती है, जिसमें बीच वाले स्थान में कोई अग्रभूमि तारा नहीं होता है। नासा के विज्ञान मिशन के एसोसिएट एडमिनिस्ट्रेटर निकोला फॉक्स ने कहा, अपनी पहली वर्षगांठ पर, जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप ने पहले ही ब्रह्मांड को प्रकट करने का अपना वादा पूरा कर लिया है, मानवता को छवियों और विज्ञान का एक लुभावनी खजाना उपहार में दिया है जो दशकों तक चलेगा। दुनिया के अग्रणी वैज्ञानिकों और इंजीनियरों द्वारा निर्मित एक इंजीनियरिंग चमत्कार, वेब ने हमें आकाशगंगाओं, सितारों और हमारे सौर मंडल के बाहर के ग्रहों के वायुमंडल की पहले से कहीं अधिक जटिल समझ दी है, जिसने नासा के लिए दुनिया का नेतृत्व करने के लिए आधार तैयार किया है। जेम्स वेब टेलीस्कोप की छवि एक क्षेत्र को दिखाती है जिसमें लगभग 50 युवा तारे हैं, ये सभी द्रव्यमान में सूर्य के समान हैं, या छोटे हैं। सबसे अंधेरे क्षेत्र सबसे घने हैं, जहां मोटी धूल के कोकून अभी भी प्रोटोस्टार बना रहे हैं। आणविक हाइड्रोजन के विशाल द्विध्रुवीय जेट, लाल रंग में दर्शाए गए, छवि पर हावी हैं, ऊपरी तीसरे भाग में क्षैतिज रूप से और दाईं ओर लंबवत दिखाई देते हैं। ऐसा तब होता है जब एक तारा पहली बार ब्रह्मांडीय धूल के अपने जन्म के आवरण के माध्यम से फूटता है, एक नवजात शिशु की तरह पहली बार दुनिया में अपनी बाहों को फैलाते हुए अंतरिक्ष में विरोधी जेट की एक जोड़ी को मारता है। इसके विपरीत, तारे एस 1 ने छवि के निचले आधे भाग में धूल की एक चमकती गुफा बनाई है। छवि में यह एकमात्र तारा है जो सूर्य से काफी अधिक विशाल है। इस तरह हमें बहुत कुछ ऐसा देखने और जानने को मिला, जो अब तक हमारी आंखों से ओझल था। राष्ट्रपति जो बिडेन, उपराष्ट्रपति कमला हैरिस और नेल्सन द्वारा व्हाइट हाउस में अनावरण की गई अपनी पहली गहरी क्षेत्र छवि से, वेब ने हमें पहले से कहीं अधिक ब्रह्मांड दिखाने का अपना वादा पूरा किया है। हालाँकि, वेब ने प्रारंभिक ब्रह्मांड में दूर की आकाशगंगाओं से कहीं अधिक का खुलासा किया।

### आईएमएफ भी उसे तीन .. ..

मजबूत होगा। मंत्री ने यह भी कहा कि सऊदी अरब की यह सहायता वास्तव में कर्ज नहीं है, बल्कि विदेशी मुद्रा भंडार को मजबूत करने के लिए दिया गया पैसा कम से कम एक साल तक पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक में रहेगा। यह जमा राशि केंद्रीय बैंक में जमा कराने के बाद पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने ट्वीट कर सऊदी अरब के प्रति गहरा आभार व्यक्त किया। उन्होंने यह भी कहा कि सऊदी अरब का समर्थन साबित करता है कि देश को पाकिस्तान की आर्थिक सुधार में आस्था और विश्वास है। पाकिस्तान सरकार भी आर्थिक सुधार के लिए जो भी जरूरी होगा वह करेगी। मंगलवार को पाकिस्तान में नियुक्त सऊदी अरब के राजदूत नवाफ बिन सईद अल मलिकी के साथ एक बैठक में, शाहबाज शरीफ ने पाकिस्तान को अटूट समर्थन के लिए सऊदी अरब को धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा, सऊदी अरब की यह सहायता आईएमएफ ऋण प्राप्त करने में बहुत उपयोगी होगी। पाकिस्तान के आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गई।

शाहबाज शरीफ ने इस 200 मिलियन डॉलर के दान के लिए सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान को धन्यवाद दिया।

दूसरी तरफ अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष आखिरकार पाकिस्तान को कर्ज देने के लिए तैयार हो गया है। दोनों पक्षों ने पहले ही आधिकारिक स्तर पर समझौता कर लिया है। 13 जुलाई की एक रिपोर्ट के मुताबिक, संकटग्रस्त देश को पहले चरण में करीब 1।2 अरब डॉलर मिलेंगे। बाकी राशि अगले नौ महीनों में आईएमएफ द्वारा हस्तांतरित की जाएगी। दक्षिण एशियाई देश पाकिस्तान कर्ज. डिफॉल्ट की कगार पर था। देश के पास एक महीने के आयात के लिए पर्याप्त विदेशी मुद्रा नहीं थी।

पाकिस्तान को इस सप्ताह सहयोगी सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से भी फंडिंग मिली।

आईएमएफ अधिकारी नाथन पोर्टर ने पाकिस्तान को आपातकालीन ऋण पर एक बयान में कहा, मुझे यह घोषणा करते हुए बहुत खुशी हो रही है कि पाकिस्तानी और आईएमएफ अधिकारी एक समझौते पर पहुंचने में सफल रहे हैं।ह्व 9 महीने की लंबी बातचीत के बाद पाकिस्तान को आपातकालीन सहायता नीति के जरिए 3 अरब डॉलर देने का समझौता पूरा हो गया है। देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इस साल महंगाई बढ़ी है और वस्तुओं के दाम लगभग दोगुने हो गए हैं। प्याज, चिकन, अंडे, चावल, सिगरेट और ईंधन जैसी दैनिक आवश्यकताओं की कीमतों में वृद्धि के कारण बाजार में अस्थिरता है। माना जा रहा है कि इस लोन से आर्थिक संकट से जूझ रहे देश को सॉवरेन लोन डिफॉल्ट करने के खतरे से मुक्ति मिल जाएगी।

## राहुल गांधी के भारत जोड़ो का संदेश घर-घर पहुंचाएगी कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** झारखण्ड प्रदेश कांग्रेस अब राहुल गाँधी की भारत जोड़ो का सन्देश घर-घर पहुंचाएगी। इसकी शुरूआत 16 जुलाई से की जायेगी। जो 7सितम्बर तक चलेगी। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने पत्रकारों को बताया कि यह अभियान झारखंड कांग्रेस का निर्णय है। उन्होंने कहा कि इसे अभियान के तौर पर लिया गया है। पार्टी के सारे पदाधिकारी, मंत्री-विधायकों से कहा गया है कि सारे लोग अपने अपने क्षेत्र में जाकर लोगों से मिलें और भाजपा की कारस्तानियों को बताएं। उन्होंने कहा कि आज पूरा देश खराब दौर से गुजर रहा है। बेरोजगारी, महंगाई और केंद्र कि गलत नीतियों का दंश पूरी जनता झेल रही है। श्री ठाकुर ने कहा कि इस अभियान को सोशल मीडिया पर भी शेयर किया जाएगा ताकि राहुल गाँधी के सन्देश को पूरा देश सुने।उन्होंने कहा कि पार्टी असंगठित क्षेत्र के लोगों से मिलकर उनकी समस्याओं को समझने और उनका समाधान करने का भी प्रयास करेगी।एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों की बात कर रही है। ठाकुर ने कहा कि यह अभियान बीजेपी की तरह बाध्यकारी नहीं है। उन्होंने दावा किया कि 15 दिनों के अंदर कोडरमा और गिरिडीह जिले से भाजपा के कई कार्यकर्ता और नेता कांग्रेस में शामिल होंगे।उन्होंने कहा कि 12 जुलाई को मौन सत्याग्रह कार्यक्रम ऐतिहासिक रूप से सफल रहा।

भारत का झंडा चांद पर भी लहराएगा

## प्रधानमंत्री के नेतृत्व में भारत अंतरिक्ष महाशक्ति बनने की राह पर:बाबूलाल

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**प्रक्षेपण टीम में शामिल खूंटी के सोहन ने बढ़ाया झारखंड का मान भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने आज श्रीहरिकोटा से भारत के चंद्रयान के सफल प्रक्षेपण पर देश के महान वैज्ञानिकों को बधाई एवम शुभकामनाएं दी है। जिनके कठिन परिश्रम से यह परिणाम आया है। श्री मरांडी ने कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कुशल नेतृत्व में भारत का तिरंगा चांद पर भी फहराएगा। उन्होंने कहा कि भारत अंतरिक्ष में भी महाशक्ति बनने की राह पर अग्रसर है। श्री मरांडी ने कहा कि आज झारखंड की धरती भी गौरवान्वित हुई है। चंद्रयान प्रक्षेपण टीम में शामिल खूंटी जिलांतर्गत तोरपा निवासी युवक सोहन यादव ने राज्य का मान बढ़ाया है। साथ ही लॉन्चिंग यंत्र का निर्माण भी एचईसी ,रांची में हुआ।श्री मरांडी ने सोहन यादव को भी शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। कहा कि झारखंड के युवाओं में योग्यता और लगन की कमी नहीं।उन्हे सिर्फ अवसर उपलब्ध कराने की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री का सम्मान देश के 125करोड़ जनता का सम्मान नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का गौरव बढ़ा फ्रांस सरकार द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को मिले सर्वोच्च सम्मान लिजन ऑफ ऑनर पर बधाई एवम शुभकामनाएं देते हुए बाबूलाल मरांडी ने कहा कि यह देश के 125करोड़ देशवासियों का सम्मान है। उन्होंने कहा कि आज मोदी जी के कुशल नेतृत्व में विश्व में भारत का गौरव बढ़ा है। वसुधैव कुटुंबकम की भावना चरितार्थ हो रही।

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के लिए 1932 का खतियान पहले ,आज और भविष्य में भी चुनावी स्टंट से ज्यादा कुछ नहीं :प्रतुल शाहदेव

राष्ट्रीय खबर



**रांची:**60-40 की नीति लागू करने वाले मुख्यमंत्री से प्रदेश के आदिवासी मूलवासी को ज्यादा अपेक्षा नहीं रही। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के उस बयान पर पलटवार किया जिसमें उन्होंने कहा था की 1932 का खतियान उनकी सरकार के लिए पहले भी,आज भी है और कल भी मुद्दा रहेगा।प्रतुल ने कहा की झामुमो आदिवासी मूलवासी के लिए सिर्फ घड़ियाली आंसू बहाती है। प्रतुल ने कहा की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने 2012 में अर्जुन मुंडा सरकार से 1932 के स्थानीय नीति को लागू करने के मुद्दे पर समर्थन वापस लेकर खुद मुख्यमंत्री बने थे। 14 महीने की उस सरकार में मुख्यमंत्री ने 1932 के खतियान को लागू नहीं किया। प्रतुल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी तृतीय चतुर्थ वर्ग की नौकरियों में स्थानीय युवकों के नियोजन की पक्षधर है। विधानसभा में भी राज्य सरकार के प्रस्ताव को पार्टी विधायकों ने स्पष्ट समर्थन किया।लेकिन कानूनी अड़चनों को दूर करने की जिम्मेवारी राज्य सरकार की ही है। ।लेकिन हेमंत सरकार ने इस मुद्दे पर कभी सीरियस पहल नहीं की। 1932 खतियान आधारित नियोजन नीति को मुख्यमंत्री एक सरकारी संकल्प से लागू कर सकते थे।लेकिन नहीं किया। इन्होंने अपने विधि विभाग के विरोध के बावजूद विधानसभा में 1932 के खतियान आधारित नियोजन नीति को लाकर ड्रामेबाजी कर के नौवीं अनुसूची में शामिल करने के लिए राज्यपाल को भेज दिया। मुख्यमंत्री को पता था कि इस विधेयक के प्रारूप में त्रुटियां हैं और यह कानून की कसौटी पर टिक नहीं पाएगा। लेकिन इन्होंने सिर्फ जनता का ध्यान भटकाने के लिए 1932 की स्थानीय नीति को फूल प्रूफ नहीं बल्कि त्रुटिपूर्ण बना दिया।

## युवाओं को निःशुल्क प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने का प्रयास

राष्ट्रीय खबर

**रांची:** विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर राज्य के प्रतिभाशाली युवाओं को निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण देकर रोजगार एवं स्वरोजगार से जोड़ने हेतु मुख्यमंत्री सारथी योजना का शुभारम्भ मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन (शनिवार 15 जुलाई 2023 ) को आर्यभट्ट सभागार, रांची विश्वविद्यालय में करेंगे। ताकि राज्य के युवा अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को निखार स्वावलंबन का मार्ग बिरसा केंद्र के माध्यम से प्रशस्त कर सकें। प्रथम चरण (2023- 24) में राज्य के 80 प्रखंडों में योजना का शुभारम्भ होगा। आने वाले दिनों में राज्य के सभी प्रखंडों में बिरसा योजना संचालित किया जाएगा। युवाओं के लिए शुरू हो रहे मुख्यमंत्री सारथी योजना का लाभ सभी वर्ग के युवा निःशुल्क ले सकेंगे। इसके लिए सरकार द्वारा पात्रता तय की गई है। सामान्य श्रेणी के 18-35 वर्ष के युवक/युवतियों एवं आरक्षित श्रेणी के 50 वर्ष तक के पुरुष/महिलाओं के लिए प्रखंड स्तर पर कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। प्रशिक्षण के बाद सफल युवक/युवतियों को तीन माह के अंदर नियोजन नहीं होने की स्थिति में रोजगार प्रोत्साहन भत्ता के रूप में युवकों को 1000/- और को प्रतिमाह 1500/- अधिकतम एक वर्ष के लिए के माध्यम से दी जाएगी।

अभियान > शत प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु निबंधन के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु अभियान का शुभारंभ

# भविष्य में एक भी बच्चा ऐसा न हो जिसका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना हो: डॉ.रामेश्वर उरांव

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** मंत्री डॉ.रामेश्वर उरांव ने कहा है कि जन्म-मृत्यु निबंधन कराना बहुत महत्वपूर्ण है। इसके नहीं होने से लोगों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि कई ऐसे लोग हैं, जिनकी जन्म तिथि अन्दाज पर उनके स्कूल आदि में दर्ज हो गया। वही उनका जन्म प्रमाण पत्र हो गया। इससे उनके 60 वर्ष पूर्ण होने से पहले ही स्कूल जन्म प्रमाणपत्र के आधार पर रिटायरमेंट मिल गया। वहीं कई जगह ऐसे भी उदाहरण मिल जाते हैं कि छोटे एवं बड़े भाई बहन दोनो का जन्म का दिवस एक ही है। सरकार द्वारा इन सभी तरह की समस्याओं के निराकरण हेतु इस अभियान को चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस हेतु हम सब को मिलकर लोगों को जागरूक करने का काम करना है, जिससे भविष्य में ऐसे एक भी बच्चे न हों, जिनका जन्म प्रमाण पत्र नहीं बना हो । वह आज झारखण्ड में जन्म-मृत्यु निबंधन के शत-प्रतिशत लक्ष्य को प्राप्त करने एवं निबंधन से संबंधित व्यापक जन-जागरूकता पैदा करने के तहत 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक चलने वाले विशेष अभियान कार्यक्रम का प्रोजेक्ट भवन, रांची से शुभारंभ कर रहे थे। मंत्री ने कहा कि जन्म के साथ-साथ मृत्यु का भी निबंधन कराना बहुत महत्वपूर्ण है। यह पूर्वजों की सम्पत्ति प्राप्त करने, कोर्ट कचहरी के मामले में महत्त्वपूर्ण दस्तावेज के रूप में काम आता है। साथ ही मृत्यु प्रमाण पत्र का बैंक एवं एलआईसी की पॉलिसी में भी महती भूमिका है। उन्होंने कहा कि पहले इस तरह के दस्तावेज सटीक नहीं बनते थे, जिससे लोगों को कई तरह की परेशानियों से गुजरना पड़ता था। एक महीने तक चलने वाले इस अभियान का मुख्य लक्ष्य ही है कि लोगों को जागरूक किया जाये, ताकि इसके लक्ष्य की प्राप्ति हो सके।

शिक्षा विभाग के सचिव के रविकुमार ने कहा कि सभी स्कूलों में बच्चों के जन्म का निबंधन इस अभियान के माध्यम से होगा। राज्य में हर साल करीब 6 लाख छोटे बच्चों का नामांकन होता है। सभी स्कूलों के प्रधानाध्यापक को इस संबंध में निर्देशित किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग भी 31 जुलाई से मतदाता पुनरीक्षण अभियान चला रहा है। ऐसे में जन्म एवं मृत्यु निबंधन अभियान से आयोग भी समन्वय स्थापित कर मतदाता सूची अपग्रेड कर सकेगा। योजना एवं विकास विभाग के सचिव श्री प्रशांत कुमार ने कहा कि हमारा विजन है कि निबंधन प्रणाली सरल हो, बैकलॉग नहीं रहे।

## जीबीएम कॉलेज में खुला जिले का पहला सेहत केंद्र

### युवाओं को मिलेगी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी, होगी काउंसलिंग

राष्ट्रीय खबर

**बोधगया :** शुक्रवार का दिन गौतम बुद्ध महिला कॉलेज के लिए ऐतिहासिक रहा। जहां गया जिले का पहला सेहत केंद्र खोला गया। अब विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ-साथ सेहत सुधारने के टिप्स भी दिए जाएंगे। प्रधानाचार्य प्रो. डॉ. जावैद अशरफ के संरक्षण तथा एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ प्रियंका कुमारी के संयोजन में कॉलेज में युवाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से राज्य स्वास्थ्य समिति के सहयोग से नवनिर्मित सेहत केन्द्र का उद्घाटन हुआ। उद्घाटन समारोह का शुभारंभ कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्य प्रो. जावैद अशरफ, मुख्य अतिथि गया के सिविल सर्जन डॉ. रंजन कुमार सिंह सहित अन्य गणमान्य लोगों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। तत्पश्चात छात्रा अमीषा भारती, स्वाति, प्रगति तथा अंजलि ने डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी के नेतृत्व में हारमोनियम पर जीबीएम कॉलेज के कुलगीत 'गौतम बुद्ध महिला महाविद्यालय युग की शान। सा विद्या या विमुक्तये की पावन वैष्णव तान..' तथा स्वागत गीत 'स्वागतम, शुभ स्वागतम, बार-बार गूंजे ये वचन' की सुमधुर प्रस्तुति दी।

सिविल सर्जन डॉ रंजन कुमार सिंह ने कहा कि सेहत केन्द्रों में युवाओं को पोषण, मानसिक स्वास्थ्य, मादक पदार्थों के सेवन के दुष्प्रभाव, गैर-संचारी रोग, एचआईवी, एड्स, रक्तदान के महत्व के बारे में स्वास्थ्य संबंधी जानकारियाँ दी जायेंगी। साथ ही युवाओं की काउंसलिंग भी होगी। यूनिसेफ के कन्सल्टेंट संजय कुमार ने कहा कि सेहत केन्द्र का उद्देश्य युवाओं को प्रजनन स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना है। उन्हें लैंगिक समानता तथा जीवन कौशलों से रूबरूं करवाना है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. प्रियंका तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ शगुफ्ता अंसारी ने किया। इसके पूर्व पेंटिंग प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। उक्त आशय की जानकारी मीडिया प्रभारी डॉ कुमारी रश्मि प्रियदर्शनी ने दी।

# मुंगेर में राजनीतिक दल के नेताओं ने किया शांति समिति की बैठक का बहिष्कार

## जनता के समय के साथ खिलवाड़ करना कहीं से सही नहीं

लालमोहन महाराज



**मुंगेर :** सदर अनुमंडल पदाधिकारी के कार्यालय में मुहर्रम को लेकर होने वाले शांति समिति की बैठक का राजनीतिक दल के नेताओं ने बहिष्कार किया है। पूर्व जदयू जिलाध्यक्ष जियाउर रहमान ने कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा लगातार इस तरह से जनता को अपमानित किया जाता है, जो कहीं से भी सही नहीं है। जनता सर्वोपरि है ना कि प्रशाशन। वही अधिवक्ता अनिल भूषण ने कहा कि प्रशासन बराबर खानापूर्ति करने के नाम पर अपने समय के हिसाब से मीटिंग में आते हैं और जनता के समय का कोई भी वैल्यू नहीं देते हैं। वही जफर अहमद ने कहा कि जिला प्रशासन आखिर कब तक आम जनमानस के समय के साथ खिलवाड़ करेगी। जिला प्रशासन की सोच है कि मुझसे बड़ा कोई नहीं है। राजेश दास ने कहा कि पूर्व में भी जिला प्रशासन के द्वारा ऐसी बातें सामने आई थी। कुछ दिन ठीक-ठाक रहा और फिर से यही स्थिति उत्पन्न हो गई है। जिला प्रशासन अपने अंदाज में आ गई है। शांति समिति की बैठक में बुलाकर लोगों के समय का कोई महत्व नहीं देना कहीं से सही नहीं है। शाकिर सिद्दीकी ने कहा कि शांति समिति की बैठक में समय के साथ खिलवाड़ करना कहीं से सही नहीं है। जिला प्रशासन को समय के महत्व को समझना चाहिए। मो आबिद सिराज उल हक चंदन सैनी ने कहा कि अनुमंडल कार्यालय की बैठक में कई बार ऐसा हुआ कि समय पर शांति समिति की बैठक नहीं हो सकी। शुक्रवार को भी उसी गलती को दोहराया गया। महान जनता के समय के साथ खिलवाड़ करना कहीं से सही नहीं है।

## दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान जीएमसीएच में मौत

**मझौलिया, प च :** थाना क्षेत्र के नानोसती चौक के पास गुरुवार की शाम एनएच 727 पर पिकअप तथा बाइक की टक्कर में घायल बाइक चालक आजाद आलम 25 वर्ष की जीएमसीएच बेतिया में चिकित्सा के क्रम में मौत हो गयी। स्थानीय पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौप दिया। शव को पैतृक निवास सतभिड़वा हाकिम सिंह टोला पहुंचते ही परिवार में चीत्कार मच गई। मृत युवक की पत्नी कलामून नेशा बेहोश होकर गिर गई। आजाद बाइक से फेरी कर पारचून का समान बिक्री कर, परिवार का भरण पोषण करता रहा। गुरुवार की शाम करीब 6.30 बजे रामनगर बनकट से सामान बिक्री कर लौटने के क्रम नानोसती चौराहा पर बेतिया से आ रही तेज रफ्तार पिकअप बीआर 06 जीई 9137 की चपेट में आ गया। बाइक समेत चालक को पिकअप लगभग 50 फीट पक्की सड़क पर घसीटता रहा। इस दौरान बाइक चालक का हाथ पैर समेत पूरा अंग बुरी तरह जख्मी हो गया। यात्रियों ने घायल को मझौलिया स्थित निजी नर्सिंग होम ले गए,वहां से प्राथमिक उपचार उपरांत जीएमसीएच बेतिया रेफर किया गया। जहां उसकी मौत हो गयी। घटना के बाद उतेजित राहगीरों और ग्रामीणों ने पिकअप चालक को बंधक बना लिया। पुलिस ने बंधक बने चालक को अभिरक्षा में ले लिया। पिकअप मुजफ़्फरपुर का बताया गया है। निरीक्षक सह थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि मामले में अभी तक कोई आवेदन नही मिला है।

## खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के खुलने से औद्योगिकरण को बढ़ावा मिलेगा : महासेठ



राष्ट्रीय खबर

**पटना :** बिहार के व्यापारियों को अब खाद्य और पेय पदार्थों की जांच के लिए ज्यादा समय और चक्कर नहीं लगाने होंगे। पाटलिपुत्र कॉलोनी में बिहार के पुराने और विश्वसनीय शिवा टेस्ट हाउस द्वारा अत्याधुनिक फूड टेस्ट लैब खोला गया है। जहां पेय और खाद्य पदार्थों के सैंपल की मानक के अनुरूप जांच होगी। उक्त बातें शुक्रवार को उद्योग मंत्री समीर कुमार महासेठ ने उद्घाटन के मौके पर कही। उन्होंने कहा कि इससे राज्य में खाद्य और पेय पदार्थों के औद्योगिकरण को बढ़ावा मिलेगा। ऐसे प्रयोगशाला को सरकार द्वारा हरसंभव मदद की जाएगी। विदित हो कि शुक्रवार को पाटलिपुत्र कॉलोनी स्थित शिवा टेस्ट हाउस द्वारा नए फूड टेस्ट लैब का शुभारंभ बिहार सरकार के उद्योग मंत्री समीर महासेठ, शिवा टेस्ट हाउस के संस्थापक डॉ. बी प्रसाद, सीईओ डॉ. एस प्रसाद, प्रत्युष पुष्कर के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर किया गया। श्री पुष्कर ने कहा कि 1988 में स्थापित, शिवा टेस्ट हाउस एक मान्यता प्राप्त स्वतंत्र प्रयोगशाला है। जिसमें परीक्षण और अंशांकन के लिए वैश्विक मान्यता मानकों के अनुसार रासायनिक और सूक्ष्मजीवविज्ञानी विश्लेषण करने के लिए नवीनतम प्रौद्योगिकियों और सुविधाओं के साथ उच्च-स्तरीय उपकरण हैं।

# डॉ. विकास मण्डल बने टीपी वर्मा कॉलेज के बर्सर, प्राचार्य ने दी बधाई



राष्ट्रीय खबर

**नरकटियागंज, प च :** स्थानीय टीपी वर्मा कॉलेज के नये बर्सर अर्थशास्त्र के सहायक प्राध्यापक डॉ विकास मंडल बनाये गए हैं। जानकारी देते हुए प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय ने बताया कि पूर्व बर्सर डॉ दुर्बादल भट्टाचार्य ने नव नियुक्त बर्सर डॉ विकास मंडल को प्रभार सौंप दिया। डॉ विकास मंडल ने सिहेश्वर प्रसाद वर्मा सभागार में पदभार ग्रहण किया तो हॉल करतल ध्वनि से गूंज उठा। उन्हें फूल माला, पुष्प गुच्छ, अंगवस्त्र प्रदान किया गया। प्राचार्य डॉ. राय ने उन्हें बधाई और शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कॉलेज का विकास प्राथमिकता है, डॉ मण्डल को गुरुत्तर दायित्व सौंपा गया है। इस अवसर पर डॉ मंडल ने कहा कि मैं वित्तीय मानदंडों के अनुरुप कर्त्तव्य निर्वहन करते हुए कॉलेज के विकास में पूर्ण योगदान दूंगा। समस्याओं का यथा संभव समाधान किया जाएगा। राजनीति विज्ञान के विभागाध्यक्ष सह परीक्षा नियंत्रक डॉ चंद्रभूषण बैठा ने नये बर्सर को अंगवस्त्र से सम्मानित करते हुए कहा कि हम सभी कॉलेज परिवार के अंग है। जिसमें किसी ना किसी को इस पर सुशोभित होना है। उन्होंने बताया कि सारा लक्ष्य है कॉलेज को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व सौहार्दपूर्ण वातावरण के साथ उन्नति के पथ पर अग्रसर होना है। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ लक्ष्मीकांत राय, डॉ दुबदल भट्टाचार्य, डॉ चंद्रभूषण बैठा, डॉ दशरथ राम, डॉ सच्चिदानंद मंडल, डॉ नम्रता गुप्ता, प्रशाखा पदाधिकारी भूषण तिवारी, लेखापाल नेसार अहमद, मनोज दूबे, राजेश्वर पाठक, अभय दूबे, डॉ संजीव सिन्हा, डॉ अर्पणा शुक्ला, डॉ मदन मोहन पंडित, डॉ शिप्रा शुक्ला, प्रो आलोक रंजन, प्रो अतुल कुमार, प्रो दिव्या वर्मा, डॉ रंजू कुमारी, प्रियंका श्रीवास्तव, सुजीत कुमार वर्मा, संजय चौधरी, अनूप तिवारी, सत्येन्द्र गुप्ता, सुभाष ठाकुर, नुपूर, रानी श्रीवास्तव, अखिल स्नेह श्रीवास्तव, अभिषेक तिवारी, सौरभ कुमार, राजन कुमार, सतीश कुमार, जितेन्द्र कुमार, अजय श्रीवास्तव ने फूलमाला एवं बुके प्रदान कर बधाई दिया।

## चम्पारण की टीम 0 के मुकाबले सिवान को 3 गोल से पराजित कर ग्रुप बी चैंपियन बना

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया,प च :** महाराजा स्टेडियम में 71 वें मोइनुल हक फुटबॉल टूनामेंट के समूह बी का लीग मैच का आयोजन जिला फुटबॉल संघ के सौजन्य से किया गया। उपर्युक्त लीग मैच का शुभारंभ 9 जुलाई को हुआ। समूह बी के अंतिम लीग का मुकाबला 13 जुलाई को सम्पन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि पूर्व यूनिवर्सिटी क्रिकेटर रजत बनर्जी रहे। उन्हें जिला फुटबॉल संघ ने शॉल, मोमेंटो देकर सम्मानित किया। खेल के मध्यांतर तक सिवान व पश्चिम चम्पारण की टीम शून्य के स्कोर पर खेलती रही। रोमांचक और संघर्षपूर्ण मुकाबला के अंतिम क्षण पश्चिम चम्पारण के खिलाड़ियों ने लगातार तीन गोल किया। पहला गोल जर्सी नंबर 6 मुकेश कुमार, दूसरा गोल जर्सी नंबर 7 युवराज तथा तीसरा गोल जर्सी नंबर 10 सुधीर ने कर, जिला को विजेता बना दिया। यूनिवर्सिटी के पूर्व क्रिकेटर इकबाल सबा ने बताया कि मोइनुल हक फुटबॉल टूनामेंट बिहार का सबसे उच्च स्तरीय फुटबॉल टूनामेंट में शुमार है। जिसमें बिहार के लगभग सभी जिला की टीम शामिल होती है। उन्होने कहा मोइनुल हक फुटबॉल टूनामेंट 2022-23 को चार ग्रुपों में विभाजित कर लीग मैच कराया गया। जिसमे बी ग्रुप के सभी मैच जिला फुटबॉल संघ के सौजन्य से महाराज स्टेडियम में खेला गया। इस दौरान खेल प्रेमी जिया इकबाल उर्फ चुन्नू ने इस लीग मैच में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी को एक हजार रुपए नगद देकर पुरस्कृत किया। इस लीग मैच के उद्घाटन में मुख्य अतिथि चम्पारण रेंज के पुलिस उप महानिरीक्षक जयंत कांत व उद्घाटनकर्ता जिला पदाधिकारी दिनेश कुमार राय रहे। विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक डी अमरकेस, बगहा पुलिस अधीक्षक किरण कुमार गोरख जाधव, जिला उप विकास आयुक्त अनील कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी बिनोद कुमार व बिहार फुटबॉल संघ के सचिव सैयद इम्तियाज हुसैन को संघ ने नामित किया। अंतिम लीग मैच समापन मे पूर्व यूनिवर्सिटी क्रिकेटर इकबाल सबा, जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष धीरेंद्र कुमार सिंह, जिला फुटबॉल संघ के सचिव डॉ इंतेसारुल हक, खेल प्रेमी जिया इकबाल उर्फ चुन्न, महेंद्र श्रीवास्तव, प्रवक्ता कोतैबा कैसर, रामबालक यादव उपस्थित रहे। इस प्रकार ग्रुप बी में पश्चिम चम्पारण सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर चैंपियन

## प्रदीप और काजल राघवानी की फिल्म इश्क का डिजिटल प्रीमियर आज

राष्ट्रीय खबर




**पटना :** इस वर्ष बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड पाने वाले भोजपुरी सुपर स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू और काजल राघवानी की फिल्म इश्क का इंतजार अब खत्म हो गया। आज शाम 7 बजे इस फिल्म का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर दंगल एप और भोजपुरी सिनेमा पर होगा। इसकी जानकारी दंगल की ओर से प्रेस रिलीज जारी कर दिया गया। चिंटू और काजल की केमेस्ट्री वाली फिल्म इश्क एक शानदार व स्वच्छप्रेम कहानी है। जिसे दर्शक दंगल एप डाउनलोड कर देख सकेंगे। फिल्म के लेखक, निमार्ता सह निर्देशक राजकुमार आर पांडेय ने बताया कि फिल्म में एक से बढ़कर एक सुरीले गीत हैं। जिसमें एक्शन प्रदीप खड़का और कोरियोग्राफी पप्पू खन्ना और कानू मुखर्जी तथा पीआरओ रंजन सिन्हा हैं।

# छापामारी की भनक लगते हीं शटर गिराकर भाग खड़े हुए मौत के सौदागर

### दो अल्ट्रासाउंड एवं एक निजी क्लिनिक पर लगा सरकारी ताला, कई पर है निगाहें

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया, प.च. :** प्रखंड में शुक्रवार को सिविल सर्जन के निर्देश पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थापित प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ ओमप्रकाश ने विभिन्न अल्ट्रासाउंड जांच घर एवं निजी क्लिनिको का जांच किया। उन्होंने बताया कि जिला कार्यालय को यह शिकायत प्राप्त हुआ कि प्रखंड क्षेत्र में काफी मात्रा में बगैर अनुमति के अवैध रूप से निजी क्लिनिक जांच घर तथा अल्ट्रासाउंड संचालित किया जा रहा है। तथा, मरीजों का शोषण किया जा रहा है। जिसके आलोक में सिविल सर्जन के निर्देशित पत्र के आलोक में एक जांच टीम गठित कर स्थानीय पुलिस के सहयोग से 2 अल्ट्रासाउंड एवं एक निजी क्लिनिक को सील किया गया। उन्होंने बताया कि सील किए गए अल्ट्रासाउंड में अपोलो अल्ट्रासाउंड और इंडियन अल्ट्रासाउंड तथा आसमा हेल्थ केयर सेंटर शामिल है। शेष भनक लगते ही अल्ट्रासाउंड निजी क्लिनिक तथा जांच घर के संचालक क्लीनिक छोड़ भाग खड़े हुए। प्रभारी चिकित्सक डॉ. ओम प्रकाश ने बताया कि संबंधित संचालक एवं चिकित्सक अपना अपना प्रमाण पत्र अनुज्ञप्ति 24 घंटे के अंदर पीएचसी कार्यालय को उपलब्ध कराएं अन्यथा उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि प्रखंड क्षेत्र में बड़े-बड़े बैनर पोस्टर और अपने आप को डिग्रियों से सुसज्जित करने वाले हेल्थ केयर सेंटर अल्ट्रासाउंड जांच घर आदि को जब इसकी भनक लगी तो धड़ाधड़ क्लीनिक का शटर गिराकर भाग खड़े हुए। जो, स्पष्ट दशार्ता है कि उनका क्लीनिक जांच घर अल्ट्रासाउंड निसंदेह अवैध ढंग से संचालित हो रहा है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि जांच टीम द्वारा हो रही कार्रवाई सिर्फ दिखावे की है। इससे कुछ होता जाता नहीं है। सब सिस्टम से बंधा हुआ है। कल से सब कुछ सामान्य हो जाएगा। बहर हाल जांच टीम द्वारा की गई इस छापेमारी से बड़े-बड़े लोगों की पोल खुल गई है। टीमें में स्वास्थ्य प्रबंधक शकील अहमद, विनय कुमार तिवारी, संतोष कुमार, प्रशिक्षु दारोगा पूजा कुमारी समेत महिला एवं पुरुष आरक्षी बल शामिल रहे। स्थानीय लोगों ने उक्त कार्रवाई आसपास के बाजारों में भी करने की मांग की है।

## शिक्षक नेता के निलंबन से शिक्षकों में आक्रोश

राष्ट्रीय खबर



**मझौलिया,प. च. :** प्रखंड क्षेत्र में जिलाध्यक्ष नंदन कुमार को निलंबित करने का आदेश जिला शिक्षा पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण ने जारी कर दिया है। नंदन कुमार ने बताया कि सरकार की आलोचना करने के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना भारतीय संविधान के अनुच्छेद- 19 प्रदत्त मूलभूत मौलिक अधिकार है ,बिहार पंचायत प्रारंभिक शिक्षक सेवा नियमावली-2020 के आचार संहिता-17 मे नीहित दायरो में रहकर किया गया है।फिर भी यदि कार्रवाई की गई है तो यह उनके लिए वीरता का मेडल है। नंदन कुमार ने कहा कि वह सम्मान पूर्वक मेडल स्वीकार कर रहे हैं। गौरतलब हो कि अपनी मांगों को लेकर शिक्षक संघ 11 जुलाई 23 को पटना में शांतिपूर्ण ढंग से धरना प्रदर्शन किया। लेकिन शिक्षा विभाग को यह नागवार गुजरा। त्वरित कार्रवाई करते हुए जिला शिक्षा पदाधिकारी बेतिया पश्चिम चम्पारण के पत्रांक 2964 दिनांक 12 जुलाई 2023 से पंचायत सचिव पंचायत नियोजन इकाई करमवा को शिक्षक नंदन कुमार निलंबित करते हुए अनुशासनिक कार्रवाई का आदेश दिया गया है। सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिला शिक्षा पदाधिकारी पश्चिम चम्पारण के शिक्षक नंदन कुमार समेत कुल 3 शिक्षकों के विरुद्ध निलंबन की कार्रवाई करने का आदेश निर्गत करने का मामला प्रकाश में आया है। इस कार्रवाई से शिक्षकों में आक्रोश व्याप्त है, शिक्षक संघ का कहना है कि इस निलंबन के विरुद्ध संघ विरोध और धरना प्रदर्शन करेगा। जिसकी सारी जवाबदेही प्रशासन की होगी।

## बी4यू भोजपुरी पर आज प्रसारित होगी फिल्म सास भी कभी बहु थी

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** सामाजिक और पारिवारिक विषय पर बनी भोजपुरी फिल्म सास भी कभी बहु थी का वर्ल्ड टेलीविजन प्रीमियर आज शनिवार को शाम 6:30 बजे होगा। यह जानकारी वाइस प्रेजिडेंट संदीप सिंह ने देते हुए बताया कि फिल्म में सास व बहु के बीच के द्वंद्व को दशार्या गया है। फिल्म के निमार्ता प्रदीप सिंह ने फिल्म को फैमली ड्रामा बताया है। फिल्म सास के किरदार में किरण यादव और बहु के रूप में संचिता बनर्जी अपने अदाकारी से सभी दर्शकों का खूब मनोरंजन करने वाली है। फिल्म में आदित्य ओझा, संचिता बनर्जी, किरण यादव, संजय पांडेय, प्रकाश जैस, स्वेता वर्मा, करन पांडेय, निशा सिंह प्रमुख भूमिका में हैं।

## बीडीओ ने आवास योजना, डंपिंग सेंटर व विद्यालयों का किया निरीक्षण

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** प्रखंड के भरगावा पंचायत में आवास योजना,डंपिंग सेंटर व विद्यालयों का निरीक्षण प्रखंड विकास पदाधिकारी तेजप्रताप त्यागी ने किया। उन्होंने भरगावा, बड़ेया व करमैनी स्कूल का निरीक्षण के बाद बताया कि शुक्रवार को विशेष निरीक्षण के क्रम में इन विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति का अवलोकन किया गया। जिसमें एक शिक्षक छुट्टी पर थे, जिसकी सूचना जिला कार्यालय को दी जाएगी। उन्होंने बताया कि जारी निरीक्षण के प्रभाव से विद्यालयों में सुधार हो रहा है। कुछ विद्यालय की व्यवस्था ठीक नही देखी गई। प्रधानाध्यापक को यथाशीघ्र विद्यालय की साफ-सफाई अच्छी तरह से कराने का निर्देश दिया गया। बीडीओ श्री त्यागी ने बताया कि अभी भी अधिकतर विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति 50% से कम पाई गई। उन्होंने विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों को निर्देश दिया कि विद्यालय का संचालन निर्धारित समय पर करें। छात्रों को पोषाक में आने के लिए प्रेरित करे। शिक्षण कार्य गुणवत्ता पूर्वक करें।और विद्यालय और शौचालय को साफ सुथरा रखें। मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार नियमित रूप से समय पर तैयार करावे। आवास योजना के लाभार्थियों की आवाज व सामग्री जांच की गई, उन्हें जल्द से जल्द भवन बनाने का निर्देश दिया गया।

## ठनका गिरने से वृद्ध की घटनास्थल पर हुई मौत, आधा दर्जन घायल

**चकिया पू चं:** थाना क्षेत्र के नरकटिया गांव स्थित सरेह में शुक्रवार को धान रोपनी के दौरान ठनका गिरने से एक वृद्ध की घटनास्थल पर हीं मौत हो गई। मृतक की पहचान कुड़िया पंचायत के नरकटिया गांव वार्ड 10 निवासी 65 वर्षीय रामाधार साह के रूप में बताई गई है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के अनुसार मृतक उक्त स्थान पर धान रोपनी करने गया था तभी आकाशीय बिजली की चपेट में आने से मौत हो गई। मृतक का आकाशीय बिजली गिरने से पूरा शरीर झुलस गया व आधा से अधिक कान फटकर लटक गया। अचानक हुई मौत से परिजनों व ग्रामीणों में मातम पसर गया। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। मृतक अपने पीछे पत्नी समेत विवाहित एक लड़का व तीन लड़की से भरा पूरा परिवार अपने पीछे छोड़ गया। इस बाबत थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर धनंजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए मोतिहारी भेज दिया गया है। दुसरी ओर कुड़िया पंचायत के गोपालपुर जितौरा गांव के मुसहरी टोला स्थित नवसृजित प्राथमिक विद्यालय के निकट ठनका गिरने से चार छात्र - छात्रा सहित दो रसोइया घायल हो गई। घायलों की पहचान उक्त गांव निवासी अंकित कुमार पिता मुन्ना साह, दीपक कुमार पिता रामबाबू साह, आशा कुमारी पिता सुनील पासवान, सलोनी कुमारी पिता अजय साह तथा रसोईया सुमित्रा देवी पति रामानंद साह व मुन्नी देवी पति भैरो साह साह के रूप में बताई गई है। स्थानीय लोगों ने आनन-फानन में सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल लाया जहां पर उपचार चल रहा है।

## शहर >> अपडेट

### बीएलओ को दिया गया प्रशिक्षण

**रामगढ़वा, पू.च. :** आगामी लोकसभा चुनाव के पूर्व तैयारी के मद्देनजर स्थानीय प्रखण्ड सभागार में सभी बीएलओ की बैठक सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें सभी बीएलओ को निर्वाचन सूची से सम्बंधित दिशा निर्देश व आई टी एप्लिकेशन की जानकारी दी गई। मतदान केन्द्र का युक्तिकरण, मतदाता सूची का अपडेशन, मृत व्यक्ति का विलोपन, वोटर लिंगानुपात में सुधार हेतू प्रयास आदि विषयों में विस्तार से चर्चा की गई। अवर निर्वाचन पदाधिकारी रितिका रीति तथा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी मो सज्जाद द्वारा सभी बी एल ओ को भारत निर्वाचन आयोग म अघतन दिशा निर्देश से अवगत कराया गया। मौके पर कमरुल होदा और नसीम आलम सहित सभी बी एल ओ मौजुद थे।

## प्रदर्शनकारी शिक्षकों पर कार्रवाई लोकतंत्र की हत्या : सूर्यकांत पाठक

राष्ट्रीय खबर

**मोतिहारी, पू च :** राज्य कर्मी घोषित करने की मांग को लेकर शिक्षकों ने 11 जुलाई को विधानसभा के समक्ष विशाल धरना-प्रदर्शन किया था, जो पूर्णतः संवैधानिक व शांतिपूर्ण था। उक्त बातें परिवर्तनकारी शिक्षक महासंघ के जिलाध्यक्ष सूर्यकांत पाठक ने कहा। उन्होंने कहा कि प्रारंभिक, माध्यमिक, उच्चतर माध्यमिक, पुस्तकालयाध्यक्षों व शारीरिक शिक्षकों की एकमात्र मांग राज्य कर्मी का दर्जा को लेकर लाखों शिक्षक आकस्मिक अवकाश लेकर संवैधानिक तरीके से गर्दनीबाग, पहुंचकर शांतिपूर्ण ढंग से मानसून सत्र के दौरान विधानसभा का घेराव किया था। तत्क्षण सदन मे सत्ताधारी दल और प्रतिपक्ष के विधायकों व विधान पार्षदों ने मुखर रूप से पूर्व से बहाल नियोजित शिक्षकों को बिना शर्त राज्यकर्मी का दर्जा देने की आवाज बुलंद की थी। जिसपर सरकार की ओर से सकारात्मक पहल करते हुए उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और वित्त मंत्री विजय चौधरी ने सदन के सदस्यों को आश्वस्त कराया था, कि सत्र समाप्ति के पश्चात मुख्यमंत्री स्वयं शिक्षक नेताओं से वार्ता कर नई अध्यापक नियमावली 2023 का रिव्यू कर समस्याओं का हल निकालेंगे। तब जाकर शिक्षक संघ ने आंदोलन स्थगित किया था। जिला महासचिव विनोद कुमार पाण्डेय ने बताया कि सरकार के सकारात्मक पहल से शिक्षकों के बीच अच्छा संदेश गया था। लेकिन समूचे बिहार भर मे प्रदर्शनकारी शिक्षक नेताओं और शिक्षकों पर दंडात्मक कार्रवाई का पत्र जारी होने से शिक्षकों मे भारी रोष उत्पन्न हो रहा है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मृत्युंजय ठाकुर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से आग्रह किया है कि अविलंब इस तरह के अलोकतांत्रिक कृत्य पर रोक लगाई जाये। नियमावली संसोधन को लेकर संघीय स्तर पर सरकार से पत्राचार किया जा रहा है। प्रदर्शनकारियों पर कार्रवाई लोकतंत्र की हत्या है।

## अग्रवाल समाज ने कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद यात्रा का किया स्वागत

### महालक्ष्मी से की सुख और समृद्धि की कामना

राष्ट्रीय खबर



**गया :** सनातन धर्म के उद्गम स्थल और महाराजा श्री अग्रसेन की तपोस्थली अग्रोहा धाम से अग्रवंशियो की कुलदेवी आद्य महालक्ष्मी जन आशीर्वाद यात्रा भगवान विष्णु की पावन भूमि गयाजी पहुंची। जहां अग्रवाल समाज के लोगों ने यात्रा का फूल बरसा कर भव्य स्वागत किया। स्थानीय श्री अग्रसेन भवन में संघ के अध्यक्ष अमरेश अग्रवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में समाज के पुरुष, महिलाएं एवं बच्चों ने माता लक्ष्मी की विशेष पूजा -अर्चना कर माता को चुनरी चढ़ाया। महाराज श्री अग्रसेन को माल्यार्पण कर सामूहिक आरती कर प्रसाद का वितरण किया गया। रथ के साथ चल रहे पटना के महेश सर्राफ, विजय कृष्ण अग्रवाल ने बताया की अग्रोहा धाम (हरियाणा) से चली कुलदेवी माता महालक्ष्मी का कुल 18 रथ भारत भ्रमण पर है। अग्रोहा धाम में विश्व का सबसे बड़ा माता महालक्ष्मी की 108 फिट ऊंची भव्य मंदिर निमार्णाधीन है। यात्रा के उद्देश्य के बारे में इन लोगों ने बताया कि हमारा उद्देश्य समाज के सभी अग्र बंधुओं को एक छत के नीचे लाना है,जोकि कई स्थानों पर बिखरे पड़े हैं। निवर्तमान अध्यक्ष प्रधान मित्तल ने बताया कि पहले भी अग्रोहा धाम से श्रीअग्रसेन महाराज का रथ गया आया है ।

## चाकू से गोद कर अधेड़ की हत्या

**बेतिया प च :** जिला की अंतर्गत श्रीनगर थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी रुपन कुशवाहा उम्र 55 वर्ष की हत्या चाकू से गोदकर कर करने की खबर है। मिली जानकारी के अनुसार भगवानपुर निवासी रुपन कुशवाहा खेत में सोहनी करने के लिए शाम लगभग 6:00 बजे अल्पाहा विद्यालय के पास गए। सूत्रों की माने तो वहां उत्तरप्रदेश के कुशीनगर जिला के बांका खास निवासी माखन के पुत्र सुगन ने अचानक चाकू से गोदकर हत्या कर दिया। सुगन के प्रहर से रुपन कुशवाहा की चीख पुकार सुनकर खेत में काम करने वाले लोगों हत्यारा का विरोध किया, लेकिन हत्यारा उन्हीं लोगों पर चाकू लेकर भीड़ गया। जिसके कारण ग्रामीण भयभीत हो गए। अल्पाहा के अन्य ग्रामीण जब तक पहुंचे तब तक सुगन न रुपन को चाकू से गोद भाग निकला। जानकारी के अनुसार हत्यारा सुगन आवारा किस्म का युवक है, जो आस पास के लोगो को हमेशा तंग करता रहता है। किसी से रुपए मांगना, किसी से दारु मांग कर पीना, नही देने पर हातापाई करना उसके लिए आम बात है। थानाध्यक्ष अमित कुमार सिंह ने बताया कि शव पोस्मार्टम उपरांत परिजनों को सौप दिया है। गिरफ्तार युवक को अपनी अभिरक्षा में लेकार श्रीनगर थाना पुलिस कार्रवाई में जुट गई है।

## पॉक्सो एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**बेतिया :** जिला अंतर्गत मैनाटांड़ पुलिस ने पॉक्सो एक्ट के अभियुक्त को गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। प्रभारी थानाध्यक्ष रंजीत राम ने बताया कि पूर्वी चंपारण के हरैया निवासी रामजी पासवान को थाना कांड संख्या 74 / 23 में गिरफ्तार किया गया है। उनके विरुद्ध पॉक्सो एक्ट अंतर्गत केस दर्ज है। जिसके आलोक में कार्रवाई की गयी है।

## दुपट्टा के फंदा से लटका मिला विवाहिता का शव

**साठी, प च :** थाना क्षेत्र के धोबनी धर्मपुर पंचायत के धर्मपुर गांव में दुपट्टा के फंदा से एक विवाहिता का झूलता शव पुलिस ने बरामद कर लिया है। मृतका धर्मपुर गांव निवासी श्याम सागर शर्मा की पत्नी सविता देवी बताई गई है। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस घटनास्थल पर पहुंच गई। थानाध्यक्ष उदय कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए जीएमसीएच भेज दिया गया है। मामला की छानबीन की जा रही है, दोषियों को गिरफ्तार कर न्यायालय को सौंप दिया जाएगा। पूछताछ के दौरान परिजनों ने बताया कि सविता का विवाह सनातन संस्कृति अंतर्गत 2016 में हुई। उसके पति श्याम सागर शर्मा लगभग एक माह पहले विदेश कमाने गया है। सविता मुफस्सिल थाना क्षेत्र के सन सरैया स्थित अपने मायके से ससुराल आई। मृतका को पायल कुमारी नामक एक 3 वर्ष की पुत्री है। घटना स्थल पर पहुंचे मृतिका के पिता प्रेमचंद शर्मा ने इस घटना को आत्महत्या नहीं हत्या बताया है। हलांकि, पुलिस घटना के प्रत्येक बिंदु को बारीकी से जांच कर रही है। यह घटना हत्या है या आत्महत्या। इस पर बारीकी से जांच किया जा रहा है।

## जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार पर लगे रोक लगाए : सुनील राम

राष्ट्रीय खबर



**बेतिया प च :** जिला अंतर्गत एम्बुलेंस कर्मचारियों ने विभिन्न मांग के सम्बंध में बैठक किया। जिसमें विगत 4 माह के बकाया वेतन का अविलंब भुगतान, लंबित इपीएफ एवं ईएसआईसी का अद्यतन सुधार, विगत 10 माह के ईपीएफ में की गई कटौती को सम्बंधित खाता में अविलंब जमा कराने, जिला में व्याप्त भ्रष्टाचार खत्म करने की मांग राज्य चिकित्सा कर्मचारी संघ इंटक जिला एंबुलेंस कर्मचारी संघ के अध्यक्ष ने की। उपर्युक्त विचार बेतिया बलिराम भवन में आयोजित बैठक में कर्मियों को सम्बोधित करते हुए सुनील राम जिलाध्यक्ष ने व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि बैठक का उद्देश्य 102 एंबुलेंस में कार्यरत चालकों एवं ईएमटी के समस्याओं का निराकरण एवं भविष्य की नीतियों पर चर्चा है। उन्होंने कहा कि एसीओ डरा धमकाकर शोषण कर रहे हैं। मौके पर गयासुद्दीन बैठा, शशि भूषण वर्मा, रंजीत सिन्हा, अजय चौबे, धर्म प्रकाश शर्मा, अजय पांडेय, सूरज कुमार, अमित शाही, गोविंद प्रसाद यादव, संदीप यादव, राकेश सिंह, ऋतु राज कुमार, सूरज भान राम, निरंजन सिंह, शाहिद अली, राम सिंह, रमेश महतो व अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

## बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध को लेकर डीएम ने दिया आवश्यक निर्देश

राष्ट्रीय खबर



**मुजफ्फरपुर :** जिला मे बाल श्रम उन्मूलन तथा किशोर श्रम निषेध विनियमन हेतु टास्क फोर्स की बैठक जिला पदाधिकारी, प्रणव कुमार की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान श्रम अधीक्षक अजय कुमार ने बताया की इस वित्तीय वर्ष में अबतक 09 बच्चों को रेस्क्यू किया गया है।जिसमें 04 बच्चों का भौतिक सत्यापन कर लिया गया है।भौतिक सत्यापन में रेस्क्यू के बाद बच्चा की भौतिक स्थिति और संबंधित दस्तावेज को सत्यापित किया जाता है। इसके बाद 25 हजार की राशि प्रदान की जाती है। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया की पूर्व में भी बच्चें रेस्क्यू किये गये हैं। उनका राशि का लाभ और सीएलटीएस में अविलम्ब अपलोड करें। रेस्क्यू के बाद तत्काल 3 हजार रुपए की राशि भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने रेस्क्यू किये गये बच्चों का लगातार फॉलोअप करने का निर्देश दिया। प्रखण्ड स्तर पर टास्क फोर्स की बैठक कराने का निर्देश देते हुए उन्होंने कहा की 31 जुलाई से पहले संबंधित सदस्यों और गैरसरकारी सदस्यों के साथ अनिवार्य रूप से बैठक करायें। पंचायत स्तर पर सभी एलईओ सरकारी एवं गैर सरकारी सदस्यों के साथ प्रत्येक प्रखण्ड में कम से कम 05 पंचायतों में 15 अगस्त से पूर्व बैठक करें ।

## शाखा प्रबंधक से किया गाली-गलौज

**रीगा :** स्थानीय मिल चौक स्थित दी सीतामढ़ी सेंट्रल कोऑपरेटिव बैंक लिमिटेड के शाखा प्रबंधक अमित कुमार सिंह ने स्थानीय पुलिस को आवेदन दिया है। अपने आवेदन में उन्होंने बताया है कि बैंक संचालन अवधि में रीगा निवासी शैलेंद्र प्रसाद के पुत्र संतोष कुमार एवं आशुतोष कुमार दोनों एकाएक बैंक में घुसकर तैश में आकर गाली-गलौज करने लगा। उपस्थित बैंक कर्मी के बीच-बचाव के बाद सामान क्षति होने से बचा। दोनों बोला रीगा में डेरा लेकर रहता है तुमको मैं देख लूंगा। बैंक में ताला मारने की भी धमकी दिया है। थानाध्यक्ष राम एकबाल प्रसाद ने बताया कि आवेदन प्राप्त हुआ है जांचोपरांत उचित कार्रवाई की जाएगी।

## आकाशीय बिजली की चपेट में आने से वृद्ध की मौत

**रीगा :** थाना क्षेत्र के शाहबाजपुर गांव में आकाशीय बिजली गिरने से एक वृद्ध की मौत घटना स्थल पर हो गई। जानकारी के अनुसार शहबाजपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड 13 निबासी स्व वासुदेव पासवान के करीब 60 वर्षीय पुत्र राजेन्द्र पासवान धान की रोपनी करवा रहे थे, उसी दौरान करीब 3 बजे एकाएक आकाशीय बिजली गिरने से राजेन्द्र पासवान की मौत हो गई साथ मे काम कर रहे मजदूरों में काफी भय व्याप्त हो गया। वही मृतक के घर पर जानकारी मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया।

## बेटे की गैरमौजूदगी में नेता पिता ने बनाई हाजिरी, वीडियो वायरल

राष्ट्रीय खबर



**बगहा :** अनुमंडलीय अस्पताल के स्थापना कार्यालय में कार्यरत बेटे के अनुपस्थिति में उसका पिता द्वारा हाजिरी बनाने का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया है। हाजिरी बनाने का तीन अलग-अलग वीडियो वायरल हुआ है। जिसमें एक व्यक्ति द्वारा उपस्थिति पंजी पर अपने पुत्र का अटेंडेंस लगाया जा रहा हैं। जबकि उपस्थिति दर्ज करने वाले व्यक्ति का दूर-दूर तक अस्पताल के नौकरी से कोई भी नाता नहीं है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बगहा निवासी कांग्रेसी नेता रमेश राम अनुमंडलीय अस्पताल में रोगी कल्याण समिति के सदस्य हैं। इनका बेटा राहुल मेहरा अनुमंडलीय अस्पताल में गार्ड के पद पर तैनात है। जिसकी हाजरी बनाने का मामला प्रकाश में आया है। अनुमंडलीय अस्पताल के प्रभारी उपाधीक्षक डॉ. केबीएन सिंह ने बताया कि इस वीडियो की जानकारी मिली है। वीडियो अस्पताल के स्थापना कार्यालय का है। स्थापना के प्रभारी प्रधान लिपिक सत्येंद्र राव से दो दिनों के अंदर स्पष्टीकरण मांगा गया है। उपाधीक्षक ने आगे बताया कि इस मामले में उनके द्वारा एक पत्र सीएस को भेजा गया था। लिपिक का जवाब संतोषजनक नहीं पाया जाता है तो उन पर भी विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं लिपिक सत्येंद्र राव ने बताया कि रजिस्टर मेरे पास नहीं है। जबकि कांग्रेसी नेता रमेश राम ने बताया कि मैं अस्पताल में गया हुआ था तब सत्येंद्र राव ने कहा कि आपके बेटे की हाजिरी दो दिनों से नहीं बनी है आप ही बना दीजिए, तो मैंने उसकी हाजिरी बना दी।

## भाजपा कार्यकताओं ने किया मुख्यमंत्री व उपमुख्यमंत्री का पुतला दहन

राष्ट्रीय खबर



**सुगौली, पू.च :** नगर के बस स्टैंड चौक पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष रवि पासवान के अध्यक्षता में कार्यकताओं द्वारा मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एवं उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव का पुतला दहन किया गया। विधानसभा मार्च के दौरान भाजपा कार्यकताओं के साथ नीतीश कुमार, तेजस्वी यादव सरकार के पुलिस बल द्वारा किए गए शर्मनाक एवं बर्बरतापूर्ण व्यवहार से बीजेपी कार्यकताओं में भारी आक्रोश है। भाजपा पूरे प्रदेश में नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव के ऐसे कुकृत्य के विरोध में काला दिवस मना रही है। इस दौरान ओबीसी मोर्चा के जिलाध्यक्ष विकाश शर्मा ने कहा कि भाजपा के शांतिपूर्ण विधानसभा मार्च पर जिस प्रकार दोनों चाचा-भतीजा ने मिलकर अपनी बर्बरता और तानाशाही का परिचय दिया है। इससे भाजपा चुप नहीं बैठेगी। आने वाले समय में इससे भी ज्यादा उग्र आंदोलन होगा और पलटू राम नीतीश एवं तेजस्वी को सत्ता क्या बिहार से बाहर का रास्ता दिखाया जायेगा। मौके पर भाजपा जिला मंत्री गंगाराम, मुखिया मैनेजर सहनी, मंडल उपाध्यक्ष बृज किशोर पासवान, युवा मोर्चा के नगर अध्यक्ष चंदन गुप्ता, नगर महामंत्री बिट्टू ठाकुर, रंजीत राम सहित अन्य उपस्थित थे।

## रेफरल अस्पताल गौनाहा में मनाया गया वन महोत्सव

**नरकटियागंज, प. च. :** अनुमंडल अंतर्गत गौनाहा प्रखण्ड के रेफरल अस्पताल गौनाहा परिसर में शुक्रवार को वन महोत्सव धूमधाम और उल्लास पूर्वक मनाया गया। इस दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शशि कुमार के जन्मदिवस पर पुरुषोत्तमपुर मुजफ्फरपुर के सामाजिक कार्यकर्ता दीपक कुमार ने उपहार स्वरुप पौधा भेंट किया। उन्होंने कहा कि पौधा पर्यावरण संरक्षण के लिए काफी महत्वपूर्ण है। वन महोत्सव में शामिल स्वास्थ्य कर्मियों को दीपक कुमार ने शपथ दिलाया कि प्रत्येक व्यक्ति किसी शुभ दिन जन्मदिन, वैवाहिक वर्षगांठ अथवा अन्य व्रत, पर्व एक पौधा अवश्य लगाएं। क्योंकि पौधा अपनों के साथ-साथ दूसरों को भी फल-फूल, हवा और पर्यावरण को लाभ पहुंचाता है। इस अवसर पर अस्पताल परिसर में दर्जनों लाभकारी पौधे लगाए गए। वन महोत्सव समारोह में डॉ कमरुज्जमा, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक झापस पासवान, अनील पटेल, मेराज खान, जुनेद आलम, दीनदयाल, आलोक कुमार, रोहित कुमार, राजकुमार शामिल रहे।

## शस्य वैज्ञानिक डॉ. एके सिंह बने बीएयू सबौर के निदेशक, मिल रही बधाइयां

राष्ट्रीय खबर



**पटना :** राजधानी के जाने-माने शस्य वैज्ञानिक डॉ. एके सिंह को बिहार कृषि विश्वविद्यालय, सबौर में निदेशक (अनुसंधान) का कार्यभार सौंपा गया है। कृषि विशेषज्ञ के रूप में उनके पास 25 वर्षों से अधिक का अनुभव है। डॉ. सिंह इससे पूर्व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद का पूर्वी अनुसंधान परिसर, एनबीपीजीआर क्षेत्रीय केन्द्र श्रीनगर, फसल अनुसंधान कार्यक्रम पूसा आदि स्थानों में भी शस्य वैज्ञानिक के रूप में अपनी अपनी बहुमूल्य सेवाएं दे चुके हैं। वहीं कई राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय विभिन्न शोध पत्रिकाओं में उनका योगदान है। उनके अथक प्रयास से वर्षा आधारित और सिंचित स्थितियों के लिए स्वर्ण सुरक्षा और स्वर्ण गौरव नामक फाबा बीन की दो किस्में विकसित की हैं, जिससे पूर्वी भारत के बहुत से किसान एवं अन्य हितधारक लाभान्वित हो रहे हैं। किसान हित में उनके द्वारा उठाये गए कदम की सराहना जगजाहिर है। इसके लिए उन्हें अनेकानेक राज्यस्तरीय व राष्ट्रीय सम्मान से नवाजा गया है।

## तिरहुत मुख्य नहर में उपलाया शव

**बेतिया :** जिला अंतर्गत शनिचरी थाना क्षेत्र के पटखौली नवगांव तिरहुत मुख्य नहर में 73 आरडी के पास नहर की सतह पर एक महिला का शव देखा गया। ग्रामीणों ने बताया कि शुक्रवार की सुबह लगभग 7- 8 बजे सिरिसिया ओपी क्षेत्र में मिश्रौली बजार तरफ जा रहे नहर में शनिचरी के पास नहर में उपलाया शव देखा गया। किसी ने उपर्युक्त शव छानने या निकालने की जहमत उठाया। नहर में उपलाया शव किसी महिला का बताया जा रहा है।

## आशा कार्यकताओं ने प्रसव केंद्र में कार्य का किया बहिष्कार

**ह. खड़गपुर :** मानदेय बृद्धि व अपनी मांगों को लेकर आशा कार्यकताओं ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्थित परिसर में प्रसव केंद्र में कार्य का बहिष्कार किया। साथ ही अपनी मांगों को लेकर जोरदार आवाज बुलंद करते हुए सरकार के नीतियों की कड़ी आलोचना की। आंदोलन में शामिल आशा कार्यकताओं ने बताया कि विपरीत परिस्थिति में भी नियमित टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी देखभाल करती हैं। मासिक मानदेय को 1000 से बढ़ाकर 10 हजार किया जाए और राज्य के स्वास्थ्य कर्मी का दर्जा दिया जाए। आशा कार्यकताओं ने कहा कि हम सबों के साथ सरकार सौतेला व्यवहार कर रही है।

## फरार आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे, जेल

**सुगौली, पू च :** स्थानीय पुलिस ने हत्याकांड के मामले में फरार चल रहे एक नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। गिरफ्तार व्यक्ति पर हत्या के प्रयास को लेकर केस दर्ज किया कराया गया था। इस बाबत थानाध्यक्ष धनंजय शर्मा ने बताया कि 2022 में दर्ज कराए केस में हत्या के प्रयास का आरोपी बहुरूपिया दानी मियां टोला निवासी अनवर हुसैन को गुरुवार की देर रात्रि छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। थानाध्यक्ष श्री शर्मा ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था। जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी भी की गई थी लेकिन वह हाथ नहीं आया। इधर सूचना मिली कि वह घर में आकर छुपा हुआ है। जिसके आधार पर गुरुवार की आधी रात के बाद पुलिस टीम के साथ छापेमारी की गई और उसको उसके घर से गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार अनवर हुसैन को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।

## अंचलाधिकारी ने किया पदभार ग्रहण, बगहा को मिले सात नये अमीन

**बगहा :** अंचल बगहा - 2 में अंचलाधिकारी के रूप में रामकुमार पासवान ने योगदान कर लिया है। सहकर्मियों ने बुके भेंट कर उनका स्वागत किया। बगहा एक व बगहा दो अंचलों में कुल सात अमीनो ने भी योगदान किया है। बगहा एक में प्रीति कुमारी, प्रियंका कुमारी व पंकज कुमार ने अमीन के रूप में योगदान किया है। जबकि बगहा दो अंचल में राकेश कुमार, मनीष कुमार झा, शिल्पी भारती व मुन्नी कुमारी ने अमीन के रूप में योगदान किया है। बगहा दो के नवागत सीओ ने योगदान के बाद अपने अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ बैठक कर निर्देश दिया कि सभी कर्मी अपने दायित्वों का पूरी ईमानदारी व निष्ठा के साथ निर्वहन करें। इस अवसर पर आरओ सह प्रभारी सीओ दीपक कुमार, राजस्व कर्मी जयप्रकाश प्रकाश, जगई राम समेत अन्य कर्मी मौजूद रहे।

## एसएसबी ने लौरिया में लगाया 650 पौधा

**लौरिया, प च :** सशस्त्र सीमा बल ने वृहत प्लांटेशन ड्राइव के तहत स्थानीय सहूजैन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में 650 पौधा लगाया गया। क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल बेतिया के द्वितीय कमान अधिकारी कुमार सुंदरम ने पौधारोपण करते हुए कहा कि अब हमारा कार्य केवल देश की सुरक्षा करना ही नहीं है,अपितु मानवीय सरोकार से संबंधित कार्य करना भी प्रमुख है। उन्होंने विद्यालय के छात्रों को आह्वान करते हुए कहा कि आप सब भी एक एक पौधा को गोद लेकर पौधारोपण करें। मैं पुनः तीन माह बाद आऊंगा और आपसबों को पुरस्कृत करूंगा। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य मजिस्टर राव,शिक्षक सत्येंद्र दुबे आदि द्वारा उत्साह और उमंग के साथ सीमा सुरक्षा बल को सहयोग किया गया और छात्रों द्वारा प्रसन्नतापूर्वक पौधारोपण किया गया।

## भाजपा ने मनाया काला दिवस, पुलिस बर्बरता की हुई निंदा

**रीगा :** मंडल भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं ने प्रखंड क्षेत्र में शुक्रवार को काला दिवस मनाया। भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं द्वारा पटना में विधानसभा मार्च के दौरान निकम्मी राज्य सरकार के इशारे पर साजीश पूर्वक कार्रवाई के दौरान पुलिस द्वारा लाठीचार्ज की गई। जिसकी कार्यकताओं ने निंदा की। मंडल भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष नवीन कुमार गुप्ता, राजीव रंजन सिंह उर्फ गोलू, तथा रीगा प्रभारी संजीव कुमार चौधरी ने बताया कि शांति पूर्वक मार्च किया जा रहा था। जिसके उपर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के इशारे पर लाठी बरसा कर लोकतंत्र की हत्या की है। जहानाबाद जिला के भारतीय जनता पार्टी महामंत्री विजय कुमार सिंह के मौत को कार्यकताओं ने शहीद की दर्जा दी। बताया कि विजय कुमार सिंह का शहादत व्यर्थ नहीं जाएगा। विधानसभा मार्च शिक्षकों के मांग के समर्थन में आयोजित था।

## श्रीमद्भागवत गीता में है हर मानसिक बीमारी का उपचार : प्रो त्रिपाठी

**गया :** कामदा एकादशी के पावन अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता राष्ट्रीय व्याख्यान गोष्ठी का आयोजन ऑनलाइन माध्यम से किया गया। आयोजन स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग मगध विश्वविद्यालय तथा राम बच्चन सिंह महिला महाविद्यालय मऊ एवं चतुर्वेद संस्कृत प्रचार संस्थान काशी के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ। इसका सीधा प्रसारण विश्वसंस्कृतकुटुंबकम् फेसबुक पेज पर किया गया।कार्यक्रम में देश भर से 100 से अधिक संस्कृत विद्वानों, जिज्ञासुओं तथा शोध छात्र- छात्राओं ने प्रतिभागिता की, जिन्हें प्रमाण पत्र भी प्रेषित किए गए। कार्यक्रम का आरंभ वैदिक मंगलाचरण से हुआ जिसका वाचन डॉ मदनमोहन तिवारी, वेद प्राध्यापक, महर्षि वाल्मीकि संस्कृत विश्वविद्यालय, कैथल, हरियाणा ने किया। मुख्य वक्ता प्रोफेसर मार्कंडेय नाथ तिवारी, सांख्य-योग विभागाध्यक्ष लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, नई दिल्ली रहे। उन्होंने श्रीमद्भगवद्गीता के संदर्भ में सांख्य-योग दर्शन का तात्विक विवेचन विषय पर अपने गंभीर एवं सारगर्भित विचार प्रस्तुत किए। विशिष्ट वक्ता के रूप में प्रो नीलिम्प त्रिपाठी, आचार्य, महर्षि महेशयोगी वैदिक विश्वविद्यालय, भोपाल रहे, जिन्होंने गीता में मानसिक उपचार विषय पर अपना सुंदर उद्बोधन दिया। उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता में जीवन की तमाम परेशानियों के उत्तर हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्नातकोत्तर संस्कृत विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर मुनेश्वर प्रसाद व संचालन राम बच्चन सिंह महिला महाविद्यालय मऊ के प्राध्यापक और कार्यक्रम के संयुक्त संयोजक डॉ अवनींद्र कुमार पांडेय ने किया। कार्यक्रम की समन्वयक संस्कृत विभाग, मगध विश्वविद्यालय की प्राध्यापिका डॉ. ममता मेहरा ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

## नौतन में टूव्हीलर हीरो सर्विस सेंटर का शुभारंभ

राष्ट्रीय खबर



**नौतन, प च :** प्रखंड अंतर्गत लक्की आटोमोबाइल के द्वारा हीरो कंपनी का अधिकृत लक्की हीरो सर्विस सेंटर का शुभारंभ शुक्रवार को किया गया। जिसका विधिवत उद्घाटन जिला परिवहन पदाधिकारी विपिन कुमार यादव, वेदांत गोयनका, एरिया मैनेजर सौरभ कुमार, सेल्स मैनेजर श्यानतन प्रह्लादी, सेल्स अधिकारी पंकज कुमार, सर्विस अधिकारी हर्ष राज ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस दौरान श्री सौरभ ने बताया कि लक्की हीरो सर्विस सेंटर कंपनी का अधिकृत सेंटर है। जहाँ से हीरो मोटरसाइकिल की आधुनिक सर्विस कंपनी से प्रशिक्षित कुशल कारीगरों के द्वारा दी जाएगी। सर्विस सेंटर खोलने में इसके संचालक सुजित कुमार का अथक प्रयास है, जिसका फायदा आस पास के लोगों को पूर्ण रूप से मिलेगा। मौके पर सर्विस सेंटर के संचालक सुजीत कुमार, रामेश्वर पटेल, साहेब पटेल, अभय पटेल, दिग्विजय सिंह के साथ सैकड़ों गणमान्य व लक्की आटोमोबाइल के कर्मचारी मौजूद रहें।

## सोना-चांदी चमकाने के नाम पर मकानों में प्रवेश कर रहा अपराधी गिरोह

**पटना :** सोना-चांदी व पीतल-तांबा चमकाने के नाम पर एक गिरोह सक्रिय है। जो खुद को कंपनी का प्रतिनिधि बताकर घरों में प्रवेश कर महिलाओं को गुमराह करके सोने चांदी लेकर नौ दो ग्यारह हो जाता है। गिरोह का शिकार राजधानी की रहने वाली आरती देवी हुई है। खाजेकला थाना इलाके के साह कमाल रोड स्थित आरती देवी के घर में जेवर चमकाने के नाम पर तांबे का लोटा महिला से लेकर चमका दिया। उसके बाद सोने चांदी का जेवर लेकर फरार हो गया। उन्होंने एक पाउडर वाले पाउच में रख दिया और कहा की 10 मिनट बाद निकाल लीजिएगा। अचानक महिला को एहसास हुआ कि पाउडर में सोने के जेवर नहीं है। तब तक मोटरसाइकिल से दोनों गिरोह के सदस्य फरार थे।

## जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा, सारथी रथ से महिला बंध्याकरण व पुरुष नसबन्दी के प्रति जागरुकता : डीसीएम

**बेतिया,प च :** जिला में जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा कार्यक्रम को लेकर लोगों को जागरुक करने के लिए सारथी रथ को जिला स्वास्थ्य समिति ने रवाना किया। उपर्युक्त रथ जिला के सभी 18 पीएचसी में 11 से 31 जुलाई तक परिवार कल्याण पखवाड़ा की जागृति के लिए प्रचार प्रसार करेगा। इस सम्बंध में डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि आशा और आशा फैसिलिटेटर्स के मध्यम से लाभार्थियों को महिला बंध्याकरण, पुरुष नसबंदी के प्रति जागरुक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सभी पीएचसी को 75 महिला बंध्याकरण व 5 पुरुष नसबंदी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। बढ़ती जनसंख्या पर नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग के सारथी रथ व माइकिंग से जागरुकता फैलाई जा रही है। सिविल सर्जन डॉ श्रीकांत दुबे ने बताया कि परिवार नियोजन के विषय में महिलाओं को जागरुक करना आवश्यक है। इसके लिए आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता परिवार नियोजन के बारे में खुलकर बात करना आवश्यक है। डीसीएम राजेश कुमार ने बताया कि सरकारी अस्पताल में निः शुल्क सुरक्षित प्रसव कराया जाता है। साथ ही आर्थिक सहायता भी दी जाती है। जिसका लाभ सभी को उठाना चाहिए। नसबंदी के लिए पुरुष लाभार्थी को 3000व महिलाओं को 2000 रुपए एवं प्रेरक को प्रति लाभार्थी 300 रुपए प्रोत्साहन राशि दिए जाने का प्रावधान है। मौके पर जिला लेखा प्रबंधक रणवीर कुमार, डॉ आलोक कुमार, डीपीसी अमित कुमार, पीएसआईके प्रताप सिंह उपस्थित रहे।

## देवघाट पर आवारा पशुओं के पशुपालकों से वसूले जाएंगे दंड : नगर आयुक्त

### कुंड की साफ-सफाई एवं टूटे टाइल्स की मरम्मत का दिया निर्देश

**राष्ट्रीय खबर**

**गया :** नगर आयुक्त अभिलाषा शर्मा ने पितृपक्ष मेला महासंगम 2023- की तैयारियों को लेकर मेला क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने मेला क्षेत्र के पार्किंग स्थल कॉलरा अस्पताल, देव घाट, अक्षय वट, गया कॉलेज खेल परिसर, रामशिला रामकुण्ड आदि स्थानों का मुआयना कर अधिकारियों को निर्देश दिया। इस दौरान नगर निगम के सभी उप नगर आयुक्त, नगर प्रबंधक, सभी सहायक अभियंता, सभी कनीय अभियंता, सभी वार्ड निरीक्षक एवं अन्य कर्मी मौजूद थे। देव घाट के निरीक्षण के क्रम में देव घाट जाने वाले मार्ग पर से कचरा को हटाने एवं डस्टबिन रखने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि पितृपक्ष मेला में तीर्थ यात्रियों को निगम की ओर से बेहतर सुविधा दिया जाएगा ताकि उन्हें परेशानी न हो। देव घाट में टूटे हुए टाइल्स को मरम्मती कराने का निर्देश दिनकर प्रसाद कनीय अभियंता को दिया गया। नोडल पदाधिकारी सफाई को टाइल्स में जमे गंदगी को रगड़कर साफ करवाने, सफाई कराकर धुलवाने का निर्देश दिया गया। पीएचईडी के शौचालय एवं स्नानागार को हैंड ओवर लेने का निर्देश दिया गया ताकि नगर निगम द्वारा कराए गए रख रखाव के टेंडर से मेंटेनेंस की कारवाई की जा सकेगी। नोडल अधिकारी प्रकाश व्यवस्था को सभी लाइटों की जांच कराकर कार्यरत कराने एवं झुक गए पोल को सीधा कराने का निर्देश दिया गया। नगर प्रबंधक को टीम द्वारा आवारा पशुओं को पकड़ने व पशु पालकों पर दंड शुल्क लगाने एवं प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया गया। इससे पूर्व माइकिंग कर उन्हें चेतावनी दी जाएगी। नोडल पदाधिकारी सफाई को पीएचईडी से समन्वय स्थापित कर पानी की सफाई कराने का निर्देश दिया गया, सुबोध कुमार सिंह कनीय अभियंता को टूटे हुए टाइल्स, नाली की मारमती, टूटे हुए रेलिंग के स्थान पर स्टील का रेलिंग लगाने, रामकुंड एवं रामशिला मंदिर के आस पास अच्छी तरह से सफाई कर नाला पर किए गए अतिक्रमण को भी हटाने का निर्देश दिया गया। निरीक्षण के दौरान कनीय अभियंता और स्थानीय पार्षद प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आशा कार्यकताओं के अनिश्चितकालीन हड़ताल के दूसरे दिन ओपीडी बाधित



### धमकाना बंद करे प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, मांगे पूरी होने तक हड़ताल जारी

**राष्ट्रीय खबर**

**मुंगेर :** अपनी 9 सूत्री मांगों के समर्थन में आशाओं का हड़ताल दूसरे दिन भी जारी रहा। सदर अस्पताल में हड़ताली आशाओं ने घूम घूम कर चिकित्सा पदाधिकारी का घेराव करते देखा गया जिससे स्वास्थ्य सेवा बाधित रहा। घंटो ओपीडी सेवा बाधित रहा। मरीजों का चिट्ठा नही कटा बैरंग घर लौटना पड़ा। उपस्वास्थ्य केंद्र में टीकाकरण बाधित रहा। सभी हड़तालियों के हौसले बुलंद देखे गए।

वहीं सदर अस्पताल के गेट पर बिहार राज्य आशा कार्यकर्ता संघ, गोपगुट की जिला सचिव जुली कुमारी ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी हड़ताली आशाओं को धमकाना बंद करे।उन्होंने शांतिपूर्ण तरीके से सभी आशा कार्यकर्ता/फेसलेटर से मांगे पूरी होने तक हड़ताल पर डटी रहने का अपील किया।अध्यक्ष उषा देवी ने कहा हमारी मांगे जायज है उसे लेकर रहेंगे। हड़ताल को मेहरुन्निसा, मीना सरकार, रिंकू, सुलोचना, मंजू देवी, रंजू देवी, रानी बानो, फूल बाती, कल्याणी आदि ने संबोधित किया।

## मशान नदी के कटाव से बढ़ा खतरा, गांव बचाने का हो रहा प्रयास

**लौरिया, प च :** प्रखंड के तेलपुर पंचायत मसान नदी के कटाव से गांव का अस्तित्व खतरे में है। विगत तीन वर्षों के बाढ़ के भयंकर प्रकोप से तेलपुर पंचायत के ग्रामीण सहमे हुए हैं। ग्रामीणों ने मुखिया मोहम्मद जावेद, इफ्तिखार अहमद व रियाज अहमद ने बताया कि पिछले तीन वर्षों में आई भयंकर बाढ़ ने मशान नदी के रुख को बदल दिया है। नदी का रुख अपने मुख्य धारा से अलग बस्ती के तरफ हो गया है, जिससे ग्रामीण सहमे हुए हैं। देवराज का यह एकलौता पंचायत तेलपुर है जो मशान नदी के किनारे बसा है। इधर तीन वर्षों में जिला प्रशासन से लेकर स्थानीय विधायक रश्मि वर्मा, सांसद सतीश चंद्र दुबे, सहित जल संसाधन विभाग के सचिव तक को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया, लेकिन परिणाम शून्य रहा। समय रहते मशान नदी का रूख नही बदला गया तो आने वाले बरसात के दिनों में तेलपुर पंचायत का अस्तित्व मिट जाएगा। पिछले वर्ष ग्रामीणों द्वारा चंदा इकठ्ठा कर कटावरोधी कार्य कराया गया था, जो तेज बहाव का भेंट चढ़ गया। ह के कारण बांस व बल्ली से बनाया गया कतावरोधी को बाढ़ का पानी अपने साथ बहा ले गया। मौके पर राजेश साह, विक्रमा महतो, असगर इमाम, अतहर हुसैन, एलियास अहमद, मुजीबुर रहमान,मोहम्मद नेयाज सहित दर्जनों ग्रामीण मौजुद रहे।

## लाल बाजार क्रिश्चियन क्वार्टर रोड के व्यवसायियों का दर्द आज भी बरकरार

**बेतिया :** नगर के लाल बाजार क्रिश्चियन क्वार्टर रोड के प्रमुख व्यवसायियों का दुख दर्द आज भी बरकरार है। व्यवसायियों का हब यह रोड के दोनों तरफ शहर के नामी-गिरामी व्यवसायी अपना कारोबार करते हैं। लेकिन वर्षों से जल जमाव का दंश झेलने को विवश हैं। जो आज भी बरकरार है। वर्षा कम हो या अधिक यहां अक्सर पानी लग ही जाता है। स्थानीय व्यवसायी उमंग कलेक्शन के प्रोपराइटर दीपक पटेल, स्वर्ण ज्वेलर्स के मालिक श्यामसुंदर ने बताया की बरसात आते ही हम व्यवसायियों का व्यवसाय जलजमाव के चलते कारोबार ठप हो जाता है। पानी के चलते हमारे यहां ग्राहक नहीं आते एक तो हमारे व्यवसाय मंदी के चलते जहां काफी प्रभावित हुए हैं वहीं जलजमाव ने कोढ़ में खाज का काम करता है। जो असहनीय है एक तरफ बेतिया नगर निगम के द्वारा जहां यह लागातार दावा किया जा रहा है की हमने पूरे बेतिया में जलजमाव से मुक्ति पा ली है वही बेतिया का लाल बाजार क्रिश्चियन क्वार्टर रोड, राज देवड़ी का पूरा एरिया, नया बाजार रोड कमलनाथ नगर रोड दावों का पोल खोलता नजर आ रहा है। जिसको लेकर स्थानीय व्यवसाई होने कहा है कि अगर जल्द से जल्द जलजमाव से हमें मुक्ति नहीं मिलता तो हम प्रदर्शन करने को विवश हो जाएंगे।

## महज 48 घंटे में पुलिस ने सुलझाई हत्या की गुत्थी, तीन गिरफ्तार

### बचपन के दोस्तों ने ही की थी सुभाष की निर्मम हत्या

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत सबुनी निवासी सुभाष बैठा के मौत की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। सुभाष की हत्या उसके बचपन के चार दोस्तों ने ही मिलकर की थी। महज 500 रुपए के लिए उसके दोस्तों ने उसकी निर्मम हत्या कर दी थी। पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है तथा चौथे के लिए छापेमारी जारी है।

मामले की जानकारी देते हुए रामनगर थाना अध्यक्ष अनंत राम ने बताया कि मृतक सुभाष जम्मू कश्मीर से मजदूरी कर कुछ दिन पहले ही बिहार लौटा था। वहीं, शुक्रवार को वह अपने बचपन के दोस्तों संग लूडो खेल रहा था। खेल के दौरान उसने 500 रुपए की बाजी लगाई। पैसे लौटाने के लिए दोस्तों के बीच कुछ अनबन हो गई। सुभाष पैसे हार गया तो दोस्तों ने उसका मोबाइल अपने पास रख लिया। रविवार की शाम उसके दोस्तों ने फोन देने के लिए उसे बुलाया। स्मैक का नशा किया और चार दोस्तों ने सुभाष की निर्मम तरीके से हत्या कर दी। गिरफ्तार तीन आरोपी महताब, नौशाद और रुस्तम ने ने पुलिस कस्टडी में अपना जुर्म कबूल किया है। इधर, चौथे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस अभी भी छापेमारी में जुटी हुई है।

## एसडीएम ने किया विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण

**राष्ट्रीय खबर**



**बगहा :** बिहार सरकार शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव द्वारा जारी पत्र के आलोक में अनुमंडल क्षेत्र के सभी विद्यालयों में गुरुवार के दिन शिक्षकों की उपस्थिति की जांच की गई। इस दौरान शिक्षा विभाग सहित कई अन्य अधिकारी भी विद्यालयों में औचक निरीक्षण करते हुए शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित की। हालांकि अनुमंडल क्षेत्र के सभी विद्यालयों में शिक्षक उपस्थित रहे तथा कहीं से भी किसी शिक्षक की अनुपस्थिति की सूचना नहीं मिली। पठन-पाठन बदस्तूर जारी रहा। इसी क्रम में बगहा अनुमंडल अधिकारी डॉ अनूप कुमार सिंह ने बगहा-2 प्रखंड अंतर्गत करीब आधा दर्जन विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। अनुमंडल कार्यालय सहित प्राप्त सूचना के अनुसार विभागीय निदेशानुसार एसडीएम द्वारा प्राथमिक विद्यालय मदनपुर, मध्य विद्यालय मदनपुर, प्राथमिक विद्यालय नयागांव, उम विद्यालय गोबरहिया, प्राथमिक विद्यालय धरवनिया टोला तथा उम विद्यालय मंगलपुर का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के क्रम में सभी विद्यालयों में पठन-पाठन प्रक्रिया संचालित पाया गया। इस दौरान जांच में पाए गए अन्य तथ्यों का समेकित प्रतिवेदन संधारित कर जिला कार्यालय को भेजा जा रहा है।

## सड़क पर उतरे पानी की किल्लत से परेशान ग्रामीण

**शाहकुंड :** प्रखंड के दरियापुर पंचायत अंतर्गत हसनचक नवटोलिया वार्ड संख्या 11 व 12 के लोगों ने बुधवार को दरियापुर सजौर मुख्य सड़क मार्ग को बॉस बल्ले लगाकर जाम कर दिया। इस दौरान ग्रामीण द्वारा जमकर प्रदर्शन किया गया।सड़क जाम होने से आगमन ठप हो गया। सड़क के दोनों ओर गाड़ियों की कतार लग गई ग्रामीणों का कहना था कि पंप संचालक 15 दिन से मनमानी कर रहे हैं।पानी की आपूर्ति नहीं की जा रही है। वहीं संचालकों का कहना है कि ठेकेदार 28 महीने से मानदेय नहीं दे रहा है। विभाग के पदाधिकारी को कहते कहते थक गए। लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई इसलिए हम लोग काम करना बंद कर दिए सूचना पर पहुंची सजौर पुलिस व मुखिया आलोक कुमार ने लोगों को समझा-बुझाकर पानी की आपूर्ति बहाल कराई, तब 1 घंटे बाद जाम खत्म हुआ। इसी पंचायत के सरौख व चंद्रभानपुर में भी पानी की आपूर्ति 15 दिनों से ठप ह।

## तेलियाडीह पंचायत में डीएम ने जनकल्याणकारी योजनाओं का लिया जायजा



**राष्ट्रीय खबर**

**ह. खड़गपुर :** जिलाधिकारी नवीन कुमार प्रखंड के तेलियाडीह पंचायत में सरकार द्वारा चलाए जा रहे जन कल्याणकारी योजनाओं का निरीक्षण किया तथा लापरवाही बरतने वाले सम्बंधित विभाग के पदाधिकारियों को कड़ी फटकार लगाई। निरीक्षण के क्रम में डीएम पहले पुरुषोत्तमपुर गाँव पहुँचे जहाँ वार्ड संख्या 4 में सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का जायजा लिया। तथा, आवास योजना और नल जल योजना, नली गली के स्थिति आदि की जानकारी ग्रामीणों से ली। जहां पानी नहीं पहुंचने की शिकायत की। वही मध्य विद्यालय पुरुषोत्तमपुर में उन्होंने षष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं से लघुत्तम एवं महत्तम समापवर्तक से जुड़े सवाल को ब्लैक बोर्ड पर हल करने को कहा और शिक्षक मुकेश कुमार से क्लास की जानकारी ली। अष्टम वर्ग के छात्र-छात्राओं वर्ग और आयत में अंतर बताने को कहा जिसका छात्र के द्वारा सही जवाब दिया गया। कंप्यूटर शिक्षक मनीष कुमार को वेतन रोकने के आदेश प्रधानाचार्य को दिया। शिक्षक रामदेव पासवान को एक भी सही जवाब नहीं देने से जिलाधिकारी रंज दिखे। निरीक्षण के क्रम में डीसीसी संजय कुमार, एडीएम आदित्य कुमार झा, बीडीओ सत्यनारायण पंडित, सीओ संतोष कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

## धान की रोपनी करने गए 16 वर्षीय किशोर लापता

### परिजनों ने दर्ज कराया सनहा, एक सप्ताह बाद भी नहीं मिला कोई सुराग

**राष्ट्रीय खबर**



**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के बखरिया पंचायत स्थित थवैया वार्ड नम्बर 5 निवासी स्वर्गीय हाबुल मियां के पुत्र अमरूल मियां ने अपने 16 वर्षीय मानसिक रूप से विक्षिप्त पुत्र बलिस्टर मियां के लापता होने को लेकर मझौलिया थाना में सनहा दर्ज कराया है। उल्लेखनीय है कि लापता किशोर के परिजनों ने बताया कि बीते दिनों राजघाट के समीप से बिना किसी को बताए उनका पुत्र गायब है। काफी खोजबीन के बाद भी कहीं कोई अता पता नहीं चल सका तो परिजनों की बेचैनी बढ़ गई। लापता युवक जिसकी उम्र लगभग 16 वर्ष रंग सावला तथा कद लगभग 5 फीट है जो जींस और शर्ट पहना है तथा मानसिक रूप से विक्षिप्त बताया जाता है। पुत्र के अचानक लापता होने को लेकर परिजनों ने थाना में आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया है। इस बाबत थानाध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि सनहा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है। इधर लापता किशोर के परिजन अचानक लापता हो जाने से बेजार है। हमार रजऊ कहां गई ला हो कह किशोर की मां छाती पीटते हुए बार-बार बेहोश हो जा रही है। लापता किशोर की मां के चीत्कार से सबकी आंखें नम हो जा रही है। बताते चलें कि उपर्युक्त घटना 5 जुलाई 2023 की बताई गई है। अनहोनी की आशंका से लापता किशोर के परिजन भयभीत हैं।

## ग्रामीणों ने राजा कुमार को दबोच कर किया पुलिस के हवाले

### चोर गिरोह का किया पदार्फाश, सात सदस्य गिरफ्तार

**राष्ट्रीय खबर**



**योगापट्टी, प च :** थाना से चंद दुरी पर अवस्थित नवगावां गांव में ग्रामीणों ने बकरा चोरी के संदेह पर नेपाल के युवक की पिटाई उपरांत पुलिस को सौपा। घटना की खबर पर पहुंचे सदर एसडीपीओ महताब आलम ने ग्रामीणों के सौंपे राजा कुमार से पुछताछ किया। उसकी निशानदेही पर नवगावां गांव से संदेह साह, नन्हक कुमार, विकास कुमार को पुलिस पुलिस ने हिरासत में लिया। दो दिनों की पुछताछ के बाद पुलिस को चोर गिरोह के अन्य सदस्यों की गिरफ्तारी का सुराग मिला। डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस ने पुरषोत्तमपुर थाना क्षेत्र के भेडिहारी गांव में छापामारी कर चोरी के पेशेवर अभियुक्त मोहम्मद छोटू, अब्दुल सलाम और महताब खां को गिरफ्तार किया। थाना क्षेत्र के अलग अलग जगहों पर हुई चोरी की घटना और बाईक चोरी की घटना का पटाक्षेप कर दिया है। सदर एसडीपीओ महताब आलम ने बताया कि योगापट्टी थाना क्षेत्र के नवगांवा में नेपाल के पोखरिया थाना क्षेत्र के सतवरिया गांव निवासी राजा कुमार के चोरी के बकरा के साथ ग्रामीणों ने पकडकर पुलिस को सौंप दिया। पुलिस की पुछताछ में नवगावां गांव के संदेश साह नन्हक कुमार उर्फ विकाश कुमार के घर में चोरी की चार बाइक, साईकिल, चार मोबाईल, चोर गिरोह के सदस्यों ने छूपाकर रखा। उपर्युक्त सुचना पर बरामदी एवं संलिप्त युवकों की गिरफ्तारी व चोरी की समान की बरामदगी हुई। वहीं उनके पास से चार बाइक, चार मोबाइल, एक बकरी, 315 बोर का 1 देशी कट्टा एव 2 जिन्दा कारतुस, दो चाकू पुलिस ने बरामद किया। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर महताब आलम के साथ इंस्पेक्टर उग्रनाथ झा, मनोज कुमार, मनोज प्रसाद, उमेश कुमार यादव, राघवेन्द्र प्रताप, अमरनाथ सिंह, पंचरत्न सिह, हरेन्द्र पासवान पुलिस पदाधिकारी सहित दर्जनों पुलिस जवान शामिल रहे।

## दलितों पर हो रहे अत्याचार को बंद करे बिहार की सरकार : अनिल



**राष्ट्रीय खबर**

**मुजफ्फरपुर :** बिहार किस संविधान से चल रहा है, कौन सब संविधान बिहार के अंदर है। साहेबगंज के परसौनी गांव में दलित जाति के शिवनाथ राम को दलित होने के कारण उनकी हत्या हो जाती है। आजादी के 75 साल बाद जब देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है, एक दलित को चापाकल से पानी पीने का अधिकार नही मिला है और इसी वजह से उसकी हत्या कर दी जाती है। उक्त बातें जिला प्रदेश प्रभारी अनिल कुमार ने प्रेस वार्ता में कही। उन्होंने कहा की मध्यप्रदेश में दलित व्यक्ति पर पेशाब करने की घटना प्रकाश में आया था मगर यहां तो उससे भी बढ़कर घृणित कार्य हुआ है उससे भी अमानवीय व्यवहार हुआ है। पानी पीने के लिए उस दलित की हत्या कर दी जाती है, सिर्फ वो इंसान दलित है, अछूत है। चाचा भतीजा अपनी कुर्सी संभालने में रहेंगे, बीजेपी अपनी कुर्सी हथियाने में लगी रहेगी। हम यहां दलितों के मुद्दे पर जमीन तलाशने नही आए है। अगर दलितों की हत्या हो रही है तो हम उन्हे बचाने आए हैं, उन्हे न्याय दिलाने आए हैं। मौके पर प्रदेश अध्यक्ष शंकर महतो, प्रदेश महासचिव संजय मंडल, जिला अध्यक्ष राजेंद्र कुमार, जिला प्रभारी अहद अली भी मौजूद थे।

## शिक्षकों का छात्र-छात्राओं के प्रति अमर्यादित व्यवहार के विरुद्ध महापंचायत

**राष्ट्रीय खबर**



**मझौलिया :** प्रखंड क्षेत्र के राजकीय उत्क्रमित मध्य विद्यालय सेनवरिया बैरागी टोला में विद्यालय की प्रधानाध्यापिका आशा कुमारी एवं शिक्षक जयराम कुमार के छात्र-छात्राओं से अमर्यादित भाषा का प्रयोग एवं सम्मानजनक व्यवहार नहीं करने को लेकर अभिभावकों ने विद्यालय परिसर में महापंचायत बुलाया। विद्यालय के छात्र छात्राओं ने विद्यालय की अव्यवस्था, शिक्षकों की मनमानी, शिक्षकों के अभद्र व्यवहार से आक्रोशित छात्र छात्राओं ने विद्यालय गेट पर पहुंचकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया। उनका आरोप है कि विद्यालय की प्रधानाध्यापिका द्वारा अमर्यादित भाषा व शब्दों का उपयोग धड़ल्ले से की जाती है। पढ़ाने के लिए कहने पर नाम काट कर भगा देना एवं सर्टिफिकेट में लाल स्याही लगाने की धमकी दी जाती है। सिलेबस के अनुसार विद्यालय में पढ़ाई नहीं की जाती है। अब तक मात्र विज्ञान, गणित में एक- एक पाठ पढ़ाई हुई है। पढ़ाने के लिए कहने पर शिक्षकों के अमर्यादित भाषा व असंसदीय का उपयोग करते पढ़कर डीएम एसपी बनोगे क्या? शिक्षक जयराम हाथ में जो चीज रहती है उसी से पिटाई कर देते हैं। मध्यान्ह भोजन मीनू के अनुसार नहीं बनाई जाती है। कुछ छात्र छात्राओं का कहना है कि प्रतिदिन मध्यान भोजन का घटना पूर्णतः नियम विरुद्ध हो जाती है। छात्र-छात्राओं ने बताया कि शौचालय का गेट हमेशा बंद रहता है। यहां 5 वीं कक्षा तक पढ़ाई की जाती है।

## पहाड़ी नदी का पानी हरकटवा गांव में घुसा, ग्रामीणों में हाहाकार

### सीमा सड़क संगठन का मार्ग भी हुआ क्षतिग्रस्त

**राष्ट्रीय खबर**



**नरकटियागंज :** अनुमंडल के गौनाहा प्रखण्ड क्षेत्र में बुधवार की रात हुई वर्षा में पहाड़ी नदी छेगराहां का पानी पूर्वाह्न 2 बजे हरकटवा गांव में घुस गया। जिससे पूरे गांव में चित्कार मच गया। हरकटवा गांव के कर्ण गुरो, चंद्रिका महतो, नंदा गुरो, ओमप्रकाश गुरो, कन्हैया महतो, रामकली देवी, लीलावती देवी, रोगाही गुरो, कुश राज मुखिया, उमाशंकर गुरो, शहंशाह मुखिया, प्रभु नाथ, शंभू नाथ, परमेश्वर गुरो ने बताया कि बुधवार की रात में आकाश में बिजली चमकी, मूसलाधार वर्षा हुई। जिसके कारण रात भर लोगों को रातजगा करना पड़ा है। इसी बीच रात 2 बजे आधा गांव में नदी के बाढ़ का पानी घुस गया। उन्होंने बताया कि किसी के घर में कमर तक, जांघ तक, कही घुटने तक का बाढ़ का पानी घुस गया। हरकटवा व रूपवलिया गांव के बीच सीमा सड़क संगठन निर्मित सड़क पर बाढ़ के पानी का दबाव बढ़ गया। जिससे सीमा सड़क क्षतिग्रस्त हो गया, उपर्युक्त सड़क पर पानी बहने लगा। ग्रामीणों ने बताया कि सीमा सड़क गांव के दक्षिण होने के कारण बांध का काम कर रहा है। जिसके कारण हल्की बारिश से गांव में बाढ़ का पानी घुस जा रहा है। सरकार अगर समय रहते कदम नहीं उठाएगी तो पूरे गांव में तबाही मच जाएगी। जिससे गांव के लोगों को गांव छोड़ने को विवश होना पड़ेगा। मुखिया छोटन साह ने बताया कि बरसात की पहली बारिश से हरकटवा व रूपवलिया गांव में तबाही मच गई है। इधर प्रभारी सीओ दीपक कुमार राम ने बताया कि हरकटवा व सीमा सड़क के निरीक्षण के उपरांत विभागीय पत्र भेजा जाएगा। जिससे कटावरोधी कार्य कर सीमा सड़क व हरकटवा गांव को बचाया जा सके।

संपादकीय

# दिल्ली का हाल देख सबक ले पूरा देश

दिल्ली का हाल बेहाल है। मौसम के बदले तेवर ने विकास की सारी अवधारणाओं को ध्वस्त कर रख दिया है। देश की राजधानी का यह हाल यह सोचने पर मजबूर करता है कि आधुनिक विकास की होड़ में हम प्रकृति को कितना नजरअंदाज करते चले आये हैं। बारिश होगी और कभी कभार अत्यधिक बारिश भी होगी। पर विकसित इलाकों में जल निकासी कैसे हो, यह सोचना तो हमारा काम है। सिर्फ दिल्ली ही नहीं पूरे देश में विकास की सोच में इस विषय की अनदेखी हुई है। आधुनिक शहर बेंगलुरु का भी यही हाल है, जहां आये दिन बाढ़ की वजह से हादसे भी हो रहे हैं। दरअसल मॉनसून आते ही देश के विभिन्न हिस्सों में बाढ़ की तबाही नजर आने लगती है। असम, ओडिशा और हिमाचल प्रदेश के कई इलाके पहले ही बाढ़ के शिकार हैं। मॉनसून का मौसम आगे बढ़ने के साथ ही देश के अलग-अलग इलाकों से ऐसी और खबरें आएंगी। पुराने रिकॉर्ड पर नजर डालें तो बाढ़ की घटनाएं तथा उनसे होने वाला नुकसान लगातार बढ़ रहा है। आंशिक तौर पर ऐसा



जलवायु परिवर्तन के कारण तेज बारिश की घटनाएं बढ़ने के कारण हुआ है लेकिन व्यापक तौर पर देखें तो प्रभावी बाढ़ नियंत्रण कार्यक्रम का अभाव भी इसकी वजह है। कुछ अन्य आपदाओं मसलन भूकंप आदि के बारे में जहां पहले से कोई पूवार्नुमान नहीं लगाया जा सकता या बचाव के कोई उपाय नहीं किए जा सकते हैं, वहीं बाढ़ के अधिकांश मामलों में पहले से अनुमान लगाया जा सकता है। ऐसे में नुकसान कम करने की गुंजाइश भी हमेशा रहती है। देश के कुल भौगोलिक क्षेत्र का 12 फीसदी यानी करीब 4 करोड़ हेक्टेयर भूभाग बाढ़ की आशंका वाला क्षेत्र माना जाता है। अच्छी बात यह है कि इसमें से करीब 3.2 करोड़ हेक्टेयर यानी 80 फीसदी इलाका ऐसा है जिसे बाढ़ से काफी हद तक बचाया जा सकता है। परंतु इस दिशा में ज्यादा कुछ नहीं किया गया है। बाढ़ के कारण लगातार बिगड़ते हालात की कई वजहें हैं और वे काफी हद तक जाहिर भी हैं। उदाहरण के लिए वनों का तेजी से कटना, नदियों के जल भराव वाले इलाके में हरियाली का कम होना तथा उनकी सहायक नदियों में गाद का जमना भी इसकी एक वजह है। गाद जमने के कारण उन नदियों की जल धारण क्षमता प्रभावित होती है। नदियों में कचरे का प्रवाह भी इस समस्या में इजाफा करता है। इसके अलावा नदियों के तल और बाढ़ से प्रभावित होने वाली जमीन जिसे आमतौर पर बफर जोन माना जाता है, उन पर भी लोगों ने अतिक्रमण किया है। नदी प्रणालियों में जल प्रवाह का नियमन नहीं होने और बांधों के गेटों को खोलने और बंद करने में समन्वय न होने के कारण भी हालात प्रभावित होते हैं। इसके अलावा शहरों में आने वाली बाढ़ अब एक नई समस्या बन गई है। मुंबई (2005), श्रीनगर (2014), चेन्नई (2015) और पटना (2019) इसके उदाहरण हैं। अपर्याप्त, पुराने और समुचित रखरखाव के अभाव वाली नाली व्यवस्था के अलावा खराब शहरी नियोजन, अवैध अतिक्रमण के कारण प्राकृतिक जल संरचनाओं का सिकुड़ना या गायब होना तथा नालियों में कचरा डाले जाने के कारण भी ऐसी परिस्थितियां ज्यादा निर्मित हो रही हैं। आश्चर्य की बात है कि ऐसी कोई एक एजेंसी नहीं है जो देश भर में बाढ़ प्रबंधन का काम संभाले। संविधान में भी बाढ़ प्रबंधन को लेकर कोई प्रावधान नहीं है। मौसम विज्ञान विभाग जहां बारिश को लेकर पूवार्नुमान पेश करता है, वहीं बाढ़ के पूवार्नुमान का दायित्व केंद्रीय जल आयोग के पास है। एक बार बाढ़ आ जाने के बाद राहत और बचाव कार्य केंद्रीय और राज्य स्तरीय आपदा प्रबंधन एजेंसियां करती है। प्रभावित आबादी का पुनर्वास और क्षतिग्रस्त संरचनाओं को पुनर्निर्मित करने का काम नगर निकाय करते हैं और इस काम में उन्हें राज्य तथा केंद्र सरकार की सहायता की आवश्यकता होती है। इस संबंध में संवैधानिक प्रावधान अस्पष्ट हैं। हालांकि पानी, सिंचाई और उससे संबंधित मसले राज्य का विषय हैं लेकिन बाढ़ प्रबंधन को संविधान की केंद्रीय सूची, राज्य सूची और अनुवर्ती सूची किसी में स्थान नहीं दिया गया है। ये अहम मुद्दे हैं जिन्हें तत्काल हल करना जरूरी है और वह भी पूरी समग्रता के साथ। ऐसा होने पर ही हम बार-बार बाढ़ आने की समस्या से निपट सकेंगे। यह सलाह भी दी जा सकती है कि एक उच्चस्तरीय विशेषज्ञ पैनल तैयार किया जाए। मिसाल के तौर पर सन 1970 के दशक के राष्ट्रीय बाढ़ आयोग के तर्ज पर। ऐसा करके बाढ़ों से जुड़ी तमाम बातों को समझकर इनसे निपटने के लिए एक व्यावहारिक कार्य योजना सुझाई जा सकती है। दरअसल नये निर्माण में कमिशनखोरी और कमाई की लालच में प्रकृति के प्रवाह को रोकने की सोच ने धीरे धीरे यह हालत पैदा कर दी है, इस सच को स्वीकार कर लेना चाहिए। वैसे परेशानी सिर्फ जल निकासी की ही नहीं है बल्कि भूमिगत जल रिचार्ज की भी है।

# मुंह मोड़ते संगी-साथी, अकेले पड़ते अखिलेश यादव

समाजवादी पार्टी पिछले करीब दस वर्षों में हार का ह्लचैकाह्ललगा चुकी है। 2014 के लोकसभा चुनाव से शुरू हुआ हार का यह सिलसिला 2017 के विधान सभा और 2019 के लोकसभा चुनाव के पश्चात एक बार फिर 2022 के विधान सभा में मिली हार तक जारी रहा था। हर बार सपा को भाजपा से मात खानी पड़ी।बीजेपी के समाने अखिलेश ने सभी दांव अपना चुके हैं। अब 2024 के लोकसभा चुनाव में एक बार फिर सपा के अध्यक्ष और पूर्व सीएम अखिलेश यादव की ह्लचुनावी परीक्षाह्लहोगी,लेकिन इस बार भी अखिलेश की राह आसान नहीं लग रही है। अब तो अखिलेश के पास कोई नया ह्यप्रयोगह्लभी नहीं बचा है। वह कांग्रेस,बसपा के साथ मिलकर चुनाव लड़ चुके हैं। राष्ट्रीय लोकदल और ओम प्रकाश राजभर की पार्टी का भी साथ कर-के देख लिया हैं,लेकिन कोई भी प्रयोग उनकी हार के सिलसिले को रोक नहीं पाया। स्थिति यह हो गई है कि आज की तारीख में 2024 के लोकसभा चुनाव के लिए अखिलेश यादव बिल्कुल 'तन्हा'नजर आ रहे हैं।कांग्रेस और बहुजन समाज पार्टी तो समाजवादी पार्टी से दूरी बनाकर चल ही रहे हैं,इसके अलावा उसके मौजूदा साथी राष्ट्रीय लोकदल के चैधरी जयंत सिंह और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के मुखिया ओम प्रकाश राजभर भी भाजपा गठबंधन की तरफ पेंगे बढ़ा रहे हैं।



अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

समाजावादी पार्टी यानी अखिलेश का साथ उसके सहयोगी ही नहीं छोड़ रहे हैं,बल्कि कई पुराने नेताओं ने भी किनारा कर लिया है।वह मुसलमान नेता भी समाजवादी पार्टी का साथ छोड़ रहे हैं जो कभी मुलायम सिंह को अपना रहनुमा समझते थे,लेकिन अखिलेश से उनकी नाराजगी बढ़ती जा रही है।इसमें कई नेता ऐसे हैं जो मुलायम के काफी करीबी थे।बीते वर्ष अक्टूबर में तो मुस्लिम बाहुल्य जिला संभल में सपा को इतना तगड़ा झटका लगा कि उसकी पार्टी के नेता और उत्तर प्रदेश उर्दू अकेडमी के पूर्व चेयरमैन हाजी आजम कुरैशी का सपा से ही मोहभंग हो गया है।कुरैशी ने सपा की साइकिल से उतरकर बीजेपी का दामन थाम लिया।पीएम नरेंद्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर कुरैशी बीजेपी के साथ जुड़ने और मुस्लिमों को जोड़ने के लिए काम कर रहे हैं। भाजपा का दामन थामने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर हमला बोलते हुए हाजी आजम कुरैशी तो यहां तक आरोप लगा रहे हैं कि अखिलेश अपने दफ्तर में बैठकर सिर्फ ट्वीट करने का काम करके मुसलमानों को बीजेपी से डर दिखा रहे हैं,लेकिन मुसलमान हकीकत समझ गया है कि कौन मुसलमानों के साथ है और कौन उनके लिए घड़ियाली आंसू बहाता है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव से मुसलमानों की नाराजगी की वजह पर नजर दौड़ाई जाए तो पता चलता है कि मुसलमानों को अखिलेश से सबसे बड़ी यही नाराजगी है कि सपा प्रमुख मुसलमानों के समर्थन में नहीं बोल रहे हैं। मुस्लिम वर्ग का कहना है कि मुस्लिमों को टारगेट किया जा रहा है। उन पर हो रही कार्रवाई के खिलाफ अखिलेश कोई आवाज नहीं उठा रहे हैं।यहां तक की मुसलमानों की समस्याओं और उत्पीड़न के खिलाफ अखिलेश शायद ही कभी मुंह खोलते हों। इसके अलावा समाजवादी पार्टी के गठन के समय मुलायम सिंह के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने वाले आजम खान की अनदेखी भी अखिलेश पर भारी पड़ रही है।कुछ राजनैतिक जानकार कहते हैं कि मुसलमानों की नाराजगी बेवजह नहीं है,वह चाहते थे कि विधानसभा में आजम खान को नेता प्रतिपक्ष बनाया जाये। इसके पीछे का तर्क देते हुए मुसलमानों का कहना था कि अगर सपा चुनाव जीत जाती तो अखिलेश मुख्यमंत्री बनते, लेकिन हार के बाद तो कम से कम आजम को उचित सम्मान दिया जाता। मुस्लिम नेताओं की नाराजगी के एक बड़ी वजह यह भी है।चुनाव के समय मुसलमान वोटर तो सपा के पक्ष में एकजुट हो जाते हैं, लेकिन सपा के कोर यादव वोटर्स अखिलेश से किनारा कर रहे हैं। पार्टी छोड़ने वाले ज्यादातर नेताओं का कहना है कि चुनाव में मुस्लिमों ने एकजुट होकर समाजवादी पार्टी के लिए वोट किया, लेकिन सपा के यादव वोटर्स ही पूरी तरह से उनके साथ नहीं आए। इसके चलते चुनाव में हार मिली। इसके बाद भी मुस्लिमों से जुड़े मुद्दों पर अखिलेश का नहीं बोलना नाराजगी को बढ़ा रहा है।

बात पार्टी से नाराज चल रहे समाजवादी पार्टी के कद्दावर नेताओं की कि जाए तो इसमें सांसद शफीकुर्ररहमान वर्क से लेकर तमाम नेता शामिल हैं।संभल से समाजवादी पार्टी के सांसद डॉ।शफीकुर्रहमान बर्क अपनी ही पार्टी पर हमला बोलते हुए कहते हैं कि भाजपा के कार्यों से वह संतुष्ट नहीं हैं। भाजपा सरकार मुसलमानों के हित में काम नहीं कर रही है। फिर वह तंज कसते हुए कहते हैं कि भाजपा को छोड़िए समाजवादी पार्टी ही मुसलमानों के हितों में काम नहीं कर रही। सपा के सहयोगी रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रहे डॉ। मसूद ने 2022 में विधान सभा चुनाव नतीजे आने के कुछ दिनों बाद ही अपना इस्तीफा पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को भेज दिया था। इसमें उन्होंने रालोद अध्यक्ष जयंत चैधरी के साथ सपा मुखिया अखिलेश यादव पर जमकर निशाना साधा था। अखिलेश को तानाशाह तक कह दिया था। सपा पर टिकट बेचने का आरोप भी लगाया था। इसी दौरान इमरान मसूद और सहारनपुर के सपा नेता सिकंदर अली ने पार्टी छोड़ दी। पार्टी छोड़ते हुए सिकंदर ने कहा कि हमने दो दशक तक सपा में काम किया।

सिकंदर ने कहा कि सपा के बड़े-बड़े मुस्लिम नेता जेलों में बंद हैं लेकिन अखिलेश यादव की चुप्पी पीड़ा पहुंचाने वाली है। मुलायम सिंह यूथ बिग्रेड सहारनपुर के जिला उपाध्यक्ष अदनान चैधरी भी अखिलेश यादव पर आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे चुके हैं। अदनान चैधरी का कहना था कि मुस्लिमों पर हो रहे अत्याचार पर अखिलेश यादव की चोंच बिल्कुल बंद है। हाल ही में सुल्तानपुर के नगर अध्यक्ष कासिम राईन ने भी अपने सभी पदों से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि अखिलेश यादव को मुसलमानों पर होने वाले अत्याचारों के खिलाफ आवाज उठाने में कोई रुचि नहीं है। आजम खां का पूरा परिवार जेल में डाल दिया गया पर अखिलेश यादव नहीं बोले। नाहिद हसन को जेल में डाल दिया गया और शहजिल इस्लाम का पेट्रोल पंप गिरा दिया गया लेकिन सपा अध्यक्ष ने इस पर आवाज नहीं उठाई। सपा सरकार में दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री रहे इरशाद खान ने भी मुसलमानों की अनदेखी का आरोप लगाते हुए पार्टी से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर मुसलमानों की अनदेखी करने का आरोप लगाया।

# आइसक्रीम की एक डिश

प्रेरक-प्रसंग

एक बार एक छोटा सा लड़का एक होटल में गया। कुछ ही देर में वहां वेटर आया और उसने पुछा आपको क्या चाहिए सर? छोटे बच्चे ने उल्टा पुछा! वैनिला आइसक्रीम (vanilla ice-cream) कितने रूपए का है ? उस वेटर वाले ने जवाब दिया 50 रुपये का ।
यह सुन कर उस छोटे लड़के ने अपने जेब में हाँथ डाल कर कुछ निकला और हिसाब किया । उसने दुबारा पुछा कि संतरा फ्लेवर आइसक्रीम (orange flavor ice-cream) कितने का है। वेटर ने दुबारा जवाब दिया और कहा 35 रुपये का सर।यह सुने के बाद उस लड़के ने कहा! मेरे लिए एक संतरा फ्लेवर



आइसक्रीम (orange flavor ice-cream) ले आईये। कुछ ही देर में वेटर आइसक्रीम की प्लेट और साथ में बिल लेकर आया और उस बच्चे के टेबल पर रखकर चले गया। उस लड़के ने उस आइसक्रीम को खाने के बाद पैसे दिए और वह चले गया । जब वह वेटर वापस आया तो वह दंग रहे गया यह देखकर कि उस लड़के नें खाए हुए आइसक्रीम प्लेट के बगल में आइस-क्रीम के 35 रुपए के साथ उसके लिए 15 रुपए का टिप छोड़ गया था ।

**कहानी से शिक्षा**

उस लड़के पास 50 रुपये होने पर भी उसने उस वेटर के टिप के बारे में पहले सोचा न की अपने आइसक्रीम के बारे में । उसी प्रकार हमें अपने फायदे के बारे में सोचने से पहले दूसरों के बारे में भी सोचना चाहिए ।

सावन शिवरात्रि (15 जुलाई) पर विशेष

# भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं भगवान शिव

शिवरात्रि को भगवान शिव का सबसे पवित्र दिन माना गया है, जो सकारात्मक ऊर्जा का स्रोत भी है। हालांकि पूरे साल मनाई जाने वाली इन शिवरात्रियों में से दो की मान्यता सर्वाधिक है, फाल्गुन महाशिवरात्रि और सावन शिवरात्रि। प्रायः जुलाई या अगस्त माह में मानसून के सावन महीने में मनाई जाने वाली सावन शिवरात्रि को कांवड़ यात्रा का समापन दिवस भी कहा जाता है। इस वर्ष सावन माह के कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि 15 जुलाई शनिवार को रात 8.32 बजे से शुरू हो रही है और इस तिथि का समापन 16 जुलाई की रात 10.08 बजे होगा। विभिन्न हिन्दू तीर्थ स्थानों से गंगाजल भरकर शिवभक्त अपने स्थानीय शिव मंदिरों में इस पवित्र जल से भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं। धार्मिक मान्यता के अनुसार भारत में सावन शिवरात्रि का बहुत महत्व है। इस दिन गंगाजल से भगवान शिव का जलाभिषेक करना बहुत पुण्यकारी माना जाता है। मान्यता है कि इस दिन तीर्थस्थलों के गंगाजल से जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है। दाम्पत्य जीवन में प्रेम और सुख शांति बनाए रखने के लिए भी यह व्रत लाभकारी माना गया है। सावन शिवरात्रि के दिन व्रत रखने से क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान और लोभ से मुक्ति मिलती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यह व्रत कुंवारी कन्याओं के लिए श्रेष्ठ माना गया है और यह व्रत रखने से क्रोध, ईर्ष्या, अभिमान तथा लोभ से भी मुक्ति मिलती है। सर्वत्र पूजनीय शिव को समस्त देवों में अग्रणी और पूजनीय इसलिए भी माना गया है क्योंकि वे अपने भक्तों पर बहुत जल्दी प्रसन्न होते हैं और दूध या जल की धारा, बेलपत्र व भांग की पत्तियों की भेंट से ही अपने भक्तों पर प्रसन्न होकर उनकी समस्त मनोकामनाएं पूर्ण करते हैं। वे भारत की भावनात्मक एवं राष्ट्रीय एकता तथा अखण्डता के प्रतीक हैं। भारत में शायद ही ऐसा कोई गांव मिले, जहां भगवान शिव का कोई मंदिर अथवा शिवलिंग स्थापित न हो। यदि कहीं शिव मंदिर न भी हो तो वहां किसी वृक्ष के नीचे अथवा किसी चबूतरे पर शिवलिंग तो अवश्य स्थापित मिल जाएगा।



योगेश कुमार गोयल
वरिष्ठ पत्रकार

**तीर्थस्थलों के गंगाजल से जलाभिषेक के साथ भगवान शिव की विधि विधान से पूजा-अर्चना करने और व्रत रखने से वे शीघ्र प्रसन्न होते हैं और उनकी विशेष कृपा प्राप्त होती है।**

हालांकि बहुत से लोगों के मस्तिष्क में यह सवाल उमड़ता है कि जिस प्रकार विभिन्न महापुरूषों के जन्मदिन को उनकी जयंती के रूप में मनाया जाता है, उसी प्रकार भगवान शिव के जन्मदिन को उनकी जयंती के बजाय रात्रि के रूप में क्यों मनाया जाता है? इस संबंध में मान्यता है कि रात्रि को पापाचार, अज्ञानता और तमोगुण का प्रतीक माना गया है और कालिमा रूपी इन बुराईयों का नाश करने के लिए हर माह चराचर जगत में एक दिव्य ज्योति का अवतरण होता है, यही रात्रि शिवरात्रि है। शिव और रात्रि का शाब्दिक अर्थ एक धार्मिक पुस्तक में स्पष्ट करते हुए कहा गया है कि जिसमें सारा जगत शयन करता है, जो विकार रहित है, वह शिव है अथवा जो अमंगल का ह्रास करते हैं, वे ही सुखमय, मंगलमय शिव हैं। जो सारे जगत को अपने अंदर लीन कर लेते हैं, वे ही करूणासागर भगवान शिव हैं। जो नित्य, सत्य, जगत आधार, विकार रहित, साक्षीस्वरूप हैं, वे ही शिव हैं।
शिव के मस्तक पर अर्द्धचंद्र शोभायमान है, जिसके संबंध में कहा जाता है कि समुद्र मंथन के समय समुद्र से विष और अमृत के कलश उत्पन्न हुए थे। इस विष का प्रभाव इतना तीव्र था कि इससे समस्त सृष्टि का विनाश हो सकता था, ऐसे में भगवान शिव ने इस विष का पान कर सृष्टि को नया जीवनदान दिया जबकि अमृत का पान चन्द्रमा ने कर लिया। विषपान करने के कारण भगवान शिव का कंठ नीला पड़ गया, जिससे वे 'नीलकंठ' के नाम से जाने गए।

जानकारी

# कालापत्थर बीच



कालापत्थर समुद्र तट नीले समुद्र के किनारे बड़ी काली चट्टानों के साथ सफेद रेशमी रेत का एक लंबा विस्तार है। यह हैवलॉक के एक कोने पर स्थित है और समुद्र तट नंबर 5 की निरंतरता है। उच्च मौसम में समुद्र तट पर थोड़ी भीड़ हो सकती है, लेकिन यदि आप आगे दक्षिण की ओर चलते हैं तो आप खुद को पूरी तरह से अकेला पाएंगे। हरे-भरे जंगल के बीच एक छोटा सा आवास पथ है, जहां कभी हाथियों का प्रशिक्षण शिविर हुआ करता था, लेकिन आजकल आपको केवल एकांत समुद्र तट ही मिलेगा। कालापत्थर गांव के पास स्थित कालापत्थर बीच पर आपको दूर-दूर तक सफेद रेत मिलेगी। यहां इस बीच पर बड़े काले पत्थर और चट्टान स्थित हैं। स्वराज द्वीप के एक कोने पर स्थित यह बीच एक शानदार जगह है। बता दें कि एक साथ पड़ने वाली समुद्री जगहों में यह जगह आखिरी में हैं।

# 1500 रुपये सस्ते दाम में खरीदें Samsung Galaxy M04

नई दिल्ली : Samsung Galaxy M04 भारतीय बाजार में बाते साल लॉन्च किया गया था। अब यह स्मार्टफोन ई-कॉमर्स साइट Amazon पर भारी डिस्काउंट के साथ मिल रहा है। अगर आप अपने लिए 10 हजार रुपये से कम बजट में कोई नया स्मार्टफोन तलाश कर रहे हैं तो यह मौका आपके लिए फायदेमंद साबित हो सकता है। आइए Samsung Galaxy M04 पर मिलने वाली डील के बारे में विस्तार से जानते हैं।



**Samsung Galaxy M04 पर ऑफर**

Samsung Galaxy M04 के 4GB RAM 128GB इनबिल्ट स्टोरेज वेरिएंट को ई-कॉमर्स साइट अमेजन पर 7,999 रुपये में लिस्ट किया गया है। जबकि यह फोन बीते साल दिसंबर में भारतीय बाजार में 8,499 रुपये में लॉन्च किया गया था, जिसके बाद हिसाब से 1500 रुपये बचत हो रही है।

**Samsung Galaxy M04 के फीचर्स और स्पेसिफिकेशंस**

Samsung Galaxy M04 में 6.5 इंच की PLS LCD dOXA´nZ है, जिसका रेजोल्यूशन HD+ 720 x 1600 पिक्सल है। ऑपरेटिंग सिस्टम की बात करें तो इसमें एंड्रॉयड 12 पर बेस्ड डल्लीवक दिया गया है। प्रोसेसर के लिए इसमें Helio P35 चिपसेट दिया गया है। स्टोरेज के लिए इसमें 4GB RAM और 4GB RAM वर्चुअल RAM के जरिए बढ़ा सकते हैं। इसमें 128 GB स्टोरेज दी गई है जो कि माइक्रोएसडी कार्ड द्वारा बढ़ा सकते हैं। कैमरा सेटअप की बात की जाए तो सैमसंग के इस स्मार्टफोन के रियर 13 मेगापिक्सल का पहला कैमरा और 2 मेगापिक्सल का दूसरा कैमरा दिया गया है। वहीं सेल्फी और वीडियो कॉल के लिए 5 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा दिया गया है। बैटरी की बात करें तो M04 में 5,000mA की बैटरी है जो कि 10ह चार्जिंग को सपोर्ट करती है।

साइबर दुनिया

टॉप ट्वीट

"जहां तक भारत के अंतरिक्ष क्षेत्र का सवाल है, 14 जुलाई 2023 हमेशा सुनहरे अक्षरों में अंकित रहेगा। चंद्रयान-3, हमारा तीसरा चंद्र मिशन, अपनी यात्रा शुरू करेगा। यह उल्लेखनीय मिशन हमारे देश की आशाओं और सपनों को आगे बढ़ाएगा।"

नरेंद्र मोदी
प्रधानमंत्री





"उन के पास अपनी कला के माध्यम से समय को पार करने का एक तरीका है। उनके गाने रोशन परिवार की यात्रा की नींव हैं और मुझे उनकी इस असाधारण वंशावली का हिस्सा होने पर बेहद गर्व है।"

ऋतिक रौशन
बॉलिवुड अभिनेता

संपादक के नाम पत्र

# अहंकार का त्याग जरूरी

प्रत्येक मनुष्य महत्वकांक्षी होता है।जिस क्षेत्र में दायरे में चल रहा है।वह चाहता है कि वह वहां सबसे आगे रहे।किन्तु उसका यह अहंकार उसके विकास मार्ग में चट्टान बनकर खड़ा हो जाता है जो उसके लिए बड़ा बाधक तत्व है।एक विचारक ने अहंकार को आलपिन की उपाधि दी है।आलपिन कागज में प्रवेश करती है अपितु उसका बड़ा सिर उसे आगे बढने से रोक देता है।इसी तरह जो अहंकार से ग्रस्त हो गया है।समझो उसकी प्रगति का रास्ता वही पर बन्द हो गया।जो मान अभिमान से दूर है वह शांत भाव से आगे बढ़ता रहता है।अहंकार क्रोध कषायों का जनक है।जब तक मनुष्य के बुध्दि में अहंकार है।उसके चोट लगती ही रहती है।इस दुनिया के सच्चा सम्मान और यश की प्राप्ति करनी है तो अहंकार को दूर करना होगा।जिसने अहंकार को गले लगा दिया उसका अंत भी जल्दी आ जाता है।जहाँ ऋजुता है,वही परमात्मा का निवास है। जब कौरवों और पांडवों में युद्ध होना तय हो गया तो अर्जुन श्रीकृष्ण से सहायता लेने पहुंचा।कृष्ण ने कहा अर्जुन एक तरफ शस्त्रविहीन में हूं।और दूसरी तरफ शस्त्र से सुसज्जित मेरी एक अक्षोहिणी नारायणी सेना है।तुमको दोनों में एक को चुनना है।अर्जुन ने कृष्ण को ही चुना और उसने अपना सारथी बनाया।अहंकार से किसी का भला नही होता है।कभी कभी मनुष्य को माया का अहंकार हो आता है।सता के मद में चूर अहंकारी को इतिहास के पृष्ठों को पलटकर देख लेना चाहिए।

**कांतिलाल मांडोत**

स्वस्तिक मीडिया वेंचर्स प्रा. लिमिटेड के लिए मुद्रक और प्रकाशक रजत कुमार गुप्ता द्वारा वृंदा मीडिया पब्लिकेशन्स प्रा.लि., चिरौंदी, बोड़ेया रोड, रांची से मुद्रित और एचआई 254, हरमू बाईपास रोड, हरमू हाउसिंग कालोनी, रांची से प्रकाशित। सम्पादक - रजत कुमार गुप्ता
RNI No- JHAHIN/ 2008/ 26373, email-rastriyakhabarhn@gmail.com, www.rashtriyakhabar.com, Phone No. 0651-2244605, 2244505

## शहर >> अपडेट

### छात्रों ने बनाया चंद्रयान-3 का मॉडल

**हजारीबाग** : इचाक मानव विकास द्वारा संचालित कैंपियन बेसिक अकैडमी में चंद्रयान-3 के लॉन्चिंग के अवसर पर बच्चों ने बहुत ही सुंदर मॉडल प्रस्तुत किया। शिक्षक रजा आलम के नेतृत्व में छात्रों ने इस मॉडल को तैयार किया तथा बताया कि अगर ये मिशन सफल हो जाता है। तो भारत कई देशों से आगे निकल जायेगा और दुसरे देशों पर भारत की निर्भरता भी कम होगी।

## सिटी अपडेट्स >>

### दो दिवसीय तीरंदाजी चयन प्रतियोगिता संपन्न

**हजारीबाग**: झारखंड खेल प्राधिकरण के निदेर्शानुसार जिला खेलकूद कार्यालय एवं हजारीबाग तीरंदाजी संघ के संयुक्त तत्वाधान में हजारीबाग स्टेडियम कर्जन ग्राउंड (तीरंदाजी मैदान) में खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर के लिए चयन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में जिला केकटकमदाग,कटकमसांडी,सदर, बरकट्ठा, इचाक, बड़कागांव, केरेडारी प्रखंडों से लगभग 100 खिलाड़ियों ने भाग लिया इस चयन प्रतियोगिता में10से14 वर्ष के अंदर सुयोग्य खिलाड़ियों में15 बालक और15 बालिका का चयनित किया जाएगा। वही जिला खेल पदाधिकारी कैलाश राम ने कहा कि इस चयन प्रतियोगिता में भाग लिए खिलाड़ियों का शॉर्टलिस्ट तैयार किया जा रहा है। और उन्हें अतिशीघ्र प्रशिक्षण के लिए बुलाया जाएगा। इस मौके पर कैलाश राम जिला खेल पदाधिकारी आलोक कुमार अध्यक्ष तीरंदाजी संघ हजारीबाग,अलीशाह टुडू राष्ट्रीय तीरंदाज, मनोज कुमार, सचिव हजारीबाग तीरंदाजी संघ, चंद्रशेखर कुमार,चंदेश्वर दास सचिव हजारीबाग ओलंपिक संघ,कोलेश्वर गोप हॉकी प्रशिक्षक,सोनी कुमारी फुटबॉल प्रशिक्षक, मरियम कुजूर, विनोद कुमार राष्ट्रीय तीरंदाज, आर्यन कुमार ,कुमार राष्ट्रीय तिरंदाज ,सुमित यादव, रानी कुमारी ,फूलमती कुमारी कार्यक्रम को सफल बनाने में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने बच्चों के बीच मनाया अपना जन्म दिवस

**हजारीबाग** : हजारीबाग यूं तो लोग अपनों और जान पहचान वालों के साथ अपना जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ विभिन्न कार्यक्रम को आयोजित कर मनाते हैं पर हजारीबाग शहर के युवा समाजसेवी हर्ष अजमेरा ने शुक्रवार को अपना जन्म दिवस कटकमसांडी स्थित नव प्राथमिक विद्यालय इण्डातार में बच्चों के संग बड़े धूमधाम के साथ मनाया बच्चों को शिक्षा से संबंधित पेंसिल, रबर, कॉपी सहित अन्य सामान का वितरण कर बच्चों को प्रत्येक सप्ताह मुफ्त शिक्षा देने का संकल्प लिया। इसी के साथ प्रथम दिन उन्होंने अपने मित्र साथियों के साथ बच्चो का क्लास लिया। हर्ष अजमेरा की टीम के द्वारा हफ्ते में एक दिन बच्चों को शिक्षा दी जाएगी।

उद्घाटन

## आजीविका दीदी कैफे का उद्घाटन

# सस्ते दर पर मिलेगा लोगों को शुद्ध भोजन: उपायुक्त

- कैंटीन के खुल जाने से सदर अस्पताल में इलाज हेतू आए मरीजों
- कैफे में हर बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है



हजारीबाग : हजारीबाग सदर अस्पताल परिसर में आमलोगो की सुविधा के लिए बने नवनिर्मित पलाश आजीविका दीदी कैफे का आज 14 जुलाई को उपायुक्त नैंसी सहाय ने विधिवत उद्घाटन किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित एवं प्रशिक्षु आईएएस सुलोचना मीणा भी मौजूद थीं। उपायुक्त ने उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान कहा कि यह कैफे डीएमएफटी मद से बना है जिसका संचालन जेएसएलपीएस के सखी मंडल की दीदियों के द्वारा किया जायेगा। इस कैंटीन के खुल जाने से सदर अस्पताल में इलाज हेतू आए मरीजों, उनके परिजनों तथा आम नागरिकों को रियायती दर पर शुद्ध भोजन व पेयजल उपलब्ध होगा। इस कैफे में एकसाथ करीब पचास लोगों को बैठने की व्यवस्था है। सुदुर क्षेत्रों से आए मरीजों व उनके परिजनो को कम दर पर भोजन उपलब्ध कर उन्हें आर्थिक राहत देने का प्रयास है।

मौके पर उप विकास आयुक्त प्रेरणा दीक्षित ने बताया कि इस कैंटीन का निर्माण डीएमएफटी मद से जिला परिषद् द्वारा किया गया है। इस कैफे में हर बुनियादी सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। साफ सफाई के साथ साथ शुद्ध भोजन एवं पेयजल की व्यवस्था की गई है। इस उद्घाटन कार्यक्रम में डीपीएम शान्ति मार्डी व अन्य मौजूद थे।

### उपायुक्त ने जागरूकता रथ को किया रवाना

**हजारीबाग** : हजारीबाग 14 जुलाई से 14 अगस्त 2023 तक जिले भर में चलने वाले जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के निबंधन हेतु शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने एवं निबंधन से संबंधित विषय का व्यापक प्रचार-प्रसार करने हेतु आज उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा समाहरणालय परिसर से जन-जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस दौरान जिला सांख्यिकी पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, सिविल सर्जन,डीआरसीएचओ उपस्थित थे। यह जन जागरूकता रथ जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं सुदूरवर्ती क्षेत्रों में जाकर लोगों को जन्म एवं मृत्यु के निबंधन हेतु जागरूक करने का कार्य करेगा। झारखण्ड राज्य में जन्म-मृत्यु निबंधन का स्तर वर्तमान में संतोषजनक नहीं है। सरकार द्वारा निबंधन को शत-प्रतिशत प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके निमित्त दिनांक 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक राज्य में जिला स्तर एवं प्रखण्ड स्तर पर कोविड- 19 अवधि के दौरान छुटे हुए एवं अन्य छुटे हुए मामलों के शत-प्रतिशत निबंधन हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान जन-जागरूकता हेतु एवं आम जनों में जन्म - मृत्यु की घटना के निबंधन के महत्व को समझाने हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार का कार्यक्रम चलाया जा रहा है।

### उपायुक्त ने ब्लड बैंक का किया निरिक्षण

उपायुक्त ने सदर अस्पताल परिसर में संचालित ब्लड बैंक का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ब्लड बैंक पहुंचकर ब्लड की उपलब्धता के साथ- साथ अन्य निर्माण संबंधी मामलों की जानकारी ली। ब्लड बैंक भवन तीन मंजिला होने के कारण लिफ्ट संचालन के तकनीकी खामियों को यथाशीघ्र पूर्ण करने को कहा।

## शिप मेला में बच्चों में लिखा उत्साह




राष्ट्रीय खबर

**साहेबगंज** : जिला श्रम विभाग के तत्वाधान में शुक्रवार को श्रम कार्यालय परिसर में एक दिवसीय अपरेंटिस शिप मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन जिला श्रम पदाधिकारी धीरेंद्र नाथ महतो ने किया। जिसमे जिले के तीन कौशल विकास केंद्र के विभिन्न ट्रेडों में प्रशिक्षण रहे तकरीबन 400 छात्र छात्राएं और उसके संचालक शामिल हुए।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश कौशल विकास के विभिन्न ट्रेडों में हुनर सीख रहे छात्र छात्राओं को अपरेंटिस हासिल करने की जानकारी देना था। अपरेंटिस शिप मेला के माध्यम से जिस श्रम पदाधिकारी धीरेंद्र नाथ महतो ने अपरेंटिस शिप इंडिया नामक एक पोर्टल की जानकारी दी। बताया गया कि इस पोर्टल में सभी बड़ी वाली कंपनियों को रजिस्टर्ड किया गया है। सभी कंपनियों ले अपरेंटिस देने के लिए सारी जानकारियां जरुरत के अनुसार उपलब्ध कराई है।

ऐसे में कौशल विकास का हुनर सिखने वाले छात्र छात्राओं के लिए यह पोर्टल काफी महत्वपूर्ण साबित होगा। उन्होंने बताया कि इस पोर्टल में जाकर छात्र-छात्राएं अपना निबंधन कंपनी की जरूरतों के अनुसार करा सकते हैं। जैसे ही कंपनी को अपरेंटिस देना होगा छात्र-छात्राओं द्वारा काली पोर्टल पर कराएं गए निबंधन के अनुसार उनको कॉल करेगी। उन्होंने बताया कि आज से 10 से 15 साल पहले ऐसे सुविधा उपलब्ध नहीं थी।

## प्रमंडलवासियों को दी जा रही महत्वकांक्षी योजनाओं की जानकारी

# गीत नाट्य कार्ययोजना के तहत किया जा रहा है जन जागरूकता कार्यक्रम



राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग** : हजारीबाग उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल हजारीबाग सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के आदेशानुसार हजारीबाग के विभिन्न कलादलों ने सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से हजारीबाग प्रखंड (इचाक, कटकमसांडी, दारू, डांडी, कटकमदाग, टाटीझरिया एवं चुरचू) के सुदूरवर्ती पंचायतों में प्रचारात्मक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति कर योजनाओं का प्रचार-प्रसार किया। कलाकारों ने नुक्कड़-नाटक के माध्यम से लोगों को सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, सोना सोबरन धोती-साड़ी वितरण योजना, राशन कार्ड वितरण, मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना, सर्वजन पेंशन योजना एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से रूबरू करवाया गया। झारखंड समाज विकास परिषद के कलाकारों द्वारा सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना की जानकारी क्षेत्रीय भाषा के माध्यम से देने का प्रयास किया। नाटक मंडली ने नुक्कड़-नाटक कर ग्रामीणों को इस योजना की जानकारी देते हुए बताया कि हमारी बेटियां पढ़ें और बढ़ें इसके लिए राज्य सरकार आठवीं एवं दसवीं कक्षा में पढ़ने वाली युवतियों को 2500 रुपए तो वही 10वीं, 11वीं एवं 12वीं में पढ़ने वाली युवतियों को 5000 की आर्थिक सहायता प्रदान की जाएगी। साथ ही 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर एकमुश्त 20000 की अनुदान राशि उपलब्ध कराई जाएगी। सुदुरवर्ती तथा ग्रामीण इलाकों में गंभीर बीमारी से पीड़ित होने वाले लोगों को स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के साथ-साथ उनके आजीविका पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्हें अपना एवं परिवार का भरण- पोषण करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है। लोगों की इस समस्या को दूर करने हेतु कलादल मंडली ने सरकार की महत्वकांक्षी योजना मुख्यमंत्री स्वास्थ्य सहायता योजना से लोगों को बोल-चाल की भाषा में अवगत कराया और लाभ लेने हेतु नुक्कड़ नाट्य कर प्रेरित किया।

## पेड़ से लटका मिला युवा की शव



राष्ट्रीय खबर

**दारू**: दारू थाना क्षेत्र अंतर्गत मेडकूरी पंचायत के घाघरा में घाघरा नदी श्मशान घाट के समीप शुक्रवार को आम के पेड़ के टहनी से लटका एक युवा का शव मिला। शव घाघरा निवाशी संदीप कुमार उम्र 27 वर्ष के रूप में पहचान किया गया। ग्रामीणों ने बताया कि मृतक घाघरा निवासी संदीप कुमार की दो शादियां हुई थी जिसमें आज से 10 वर्ष पूर्व पहली शादी हुई जिसमें कोई बच्चे नहीं थे और दूसरी शादी 2 वर्ष पूर्व अपने गांव की लड़की से ही हुई थीं इसमें भी कोई बच्चे नहीं है। मृतक के पड़ोसी मंटू मेहता ने बताया कि बृहस्पतिवार दिन 10:00 बजे से ही संदीप घर से बाहर है। मृतक एवं उसकी दूसरी पत्नी मकई के बारी मे काम कर रहीं थीं जिसमे कुछ कहा सुना हुआ उसके बाद से ही वह गायब है, घर नही आने पर जब हम लोग शुक्रवार की सुबह खोजबीन करने लगे तो देखा की घाघरा नदी के समीप आम के पेड़ से एक शव लटका है तो आसपास के लोग और दारू थाना को इसकी सूचना दिया उसके बाद मौके पर दारू थाना पहुंचकर शव को नीचे उतारा और शव की पहचान करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। दारू थाना के एसआई रंजीत कुमार ने कहा की ग्रामीणों के द्वारा मुझे आम के पेड़ से लटका हुआ शव कि सूचना मिली सुचना पाते ही हम लोग घटनास्थल पर पहुंचे और शव को पेड़ से नीचे उतारा।

## कुएं में मिला गायब महिला और बच्चे का शव

राष्ट्रीय खबर

**हजारीबाग**: इचाक थाना क्षेत्र के मोकतमा गांव के एक कुएं से शुक्रवार को एक महिला और उसके एक मासूम बच्चे का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक महिला का नाम सीमा देवी (27) पति शंभू प्रसाद मेहता और उसका छोटा बेटा शिवांश (3) ग्राम मोकतमा निवासी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पति पत्नी में झगड़ा होने के बाद पत्नी सीमा देवी अपने छोटे पुत्र शिवांश को लेकर बुधवार की रात को ही घर से निकल गई। परिवार वालों ने ढूंढने का काफी प्रयास किया। किंतु वह नही मिली। शुक्रवार की अहले सुबह घर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर स्थित सरकारी कुआं में कुछ महिलाओं ने पानी में तैरता महिला और बच्चे का शव देखा। जिसके बाद खबर जंगल में आग की तरह फैल गई। घटना के बाद से सीमा के सुसराल वाले गायब है। सुचना पाकर एसआई अरविंद कुमार और सनातन मुर्मू सदलबल घटना स्थल पर पहुंचे। और मां बेटे के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल हजारीबाग भेज दिया। इधर घटना की खबर सुनकर मृतिका सीमा देवी के भाई राम मेहता, सोनू कुमार,बहन कांति देवी, बहनोई राजेश मेहता समेत मायके से कई लोग पहुंचें और जमकर हंगामा किया।

## न्यूज फटाफट

### पीरटांड़ में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन



**पीरटांड़** : पीरटांड़ प्रखंड मुख्यालय सभागार में शुक्रवार को बीडीओ दिनेश कुमार की अध्यक्षता में मनरेगा योजना की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मनरेगा की समीक्षा की गई।इस दौरान बीडीओ ने मनरेगा योजना को समय सीमा के अनुसार पूर्ण करने का कड़ा निर्देश दिया। साथ ही पंचायत सचिवों एवं सम्बंधित अधिकारियों के साथ प्रखंड के सभी पंचायत में बागवानी पर भी चर्चा की। बीडीओ ने कहा कि कार्य मे प्रगति दिखा कर प्रखंड को अव्वल करे। वही बैठक में पंचायत सचिव एवं रोजगार सेवक को पंचायत भवन को सुचारू रूप से संचालित करने हेतु कहा गया। बैठक में बीडीओ के अलावे मनरेगा बीपीओ एवं सम्बंधित कर्मी मौजूद थे।

### फोटोयुक्त मतदाता सूची को लेकर बैठक का आयोजन



**पीरटांड़** : शुक्रवार को प्रखंड सभागार में फोटोयुक्त मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के सफल संचालन के निमित सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अंचल अधिकारी विनय प्रकाश तिग्गा की अध्यक्षता में एक बैठक आहूत की गई। जिसमें मतदाता सूची का सत्यापन एवं मतदान केंद्रों में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता के विषयों पर चर्चा की गई। उक्त के मद्देनजर सभी मतदान केंद्र के निरीक्षण हेतु कर्मियों को प्रतिनियुक्त किया गया है एवं निदेश दिया गया है कि 20 जुलाई 2023 तक सभी बूथ का वेरिफिकेशन पूर्ण किया जाना है। बैठक में अंचल अधिकारी विनय प्रकाश तिग्गा, इंद्रजीत महतो, भोला राय, आशीष कुमार, किरण प्रसाद, नीतू कुमारी, दशरथ हेम्ब्रम सहित सभी प्रतिनियुक्त कर्मी उपस्थित थे।

### स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का बुलंद किया नारा



**हजारीबाग**: गौतम बुद्ध शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय मुकुंदगंज, हजारीबाग की एनएसएस इकाई की ओर से गांव लिए गोद पारतुंबा में कार्यकताओं की ओर से चलाए जा रहे स्वच्छता अभियान का समापन शुक्रवार को हुआ। दूसरे दिन एनएसएस के कार्यकताओं के साथ सह समन्वयक पुष्पा कुमारी और सहायक अध्यापक संदीप खलखो ने भी गांव में जगह-जगह साफ-सफाई की। वहीं स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत का नारा भी बुलंद किया। पारतुंबा गांव में गामीणों को स्वास्थ्य के प्रति सचेत किया गया। उन्हें खासकर बरसात में पनपने वाली मौसमी बीमारियों मलेरिया, डेंगू, टायफाइड आदि के कारण, लक्षण और उससे बचाव के बारे में बताया गया। उन्हें घरों और आसपास साफ-सफाई रखने, जलजमाव को हटाने और ताजा व गर्म भोजन के अलावा उबला हुआ पानी पीने की सलाह दी गई। साथ ही बताया गया कि बर्तन आदि में पानी न छोड़ें और अगर पानी है। तो उसे ढंक कर रखें। चूंकि खुले पानी में मच्छर के प्रकोप से मलेरिया और डेंगू बीमारियां फैलती हैं। वहीं रात में शरीर को पूरी तरह ढंकने वाले पोशाक पहनने और मच्छरदानी का इस्तेमाल करने की नसीहत दी गई। प्राचार्य डॉ अरविंद कुमार यादव ने कहा कि स्वस्थ तन में ही स्वस्थ मन का वास होता है। स्वस्थ रहने के लिए साफ-सफाई अत्यंत जरूरी है। खुद भी स्वच्छ रहें। और आस-पड़ोस के लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें।

### एथलेटिक्स टीम का गठन



**हजारीबाग**: झारखंड जूनियर एथलेटिक्स अंडर 18 एंड अंडर 20 बालक एवं बालिका चैंपियनशिप 15 एवं 16 जुलाई 2023 चंदनक्यारी बोकारो में आयोजित हो रही है। इस संदर्भ में हजारीबाग एथलेटिक्स संघ के द्वारा हजारीबाग एथलेटिक्स टीम का गठन किया गया जिसमें 20 सदस्य धानू कुमारी के नेतृत्व में 14 /7/2023 को हजारीबाग रेलवे स्टेशन से प्रस्थान प्यारी जाने के लिए रवाना हुए। टीम को शुभकामनाएं देने के लिए हजारीबाग एथलेटिक्स संघ के सचिव अजीत कुमार एवं अनवर हुसैन साबिर हुसैन मिथिलेश सिंह रवि कुमार प्रियरंजन कुमार सिंह राहुल कुमार सीदास ने उज्जवल भविष्य के लिए कामना किए।

### बाबा धाम से लौट रहे दो सगे भाई की मौत

**हजारीबाग**: बाबा धाम से लौट रहे हजारीबाग दामोडीह सिरसी की दो सगे भाई की मौत सड़क दुर्घटना में हो गई याद कर काफी हृदय विदारक घटना है। इस घटना से सिरसी के तमाम लोग शोक में डूबे हुए हैं। आज संतोष केसरी के परिवार से मिलकर उनके परिवारों को धारण बताएं और उनके दोनों बच्चों को जो करीब 8 से 10 साल के बच्चे हैं। अगमुखिया का काम किया है। जो हिम्मत करके अपने पिता के कार्यक्रम मे लगे हुए है। उनके दुख के साथ हम खड़े हैं।मैं ईश्वर से प्रार्थना करता हूं। कि ईश्वर इस दुख की बेला में ईश्वर दुख सहने की शक्ति प्रदान करें और मृत आत्मा को ईश्वर अपने चरणों में स्थान दें,साथ ही साथ सरकार से मांग है। कि मृतक के परिवारों को 10,10 लाख सरकारी मुआवजा बच्चियों की पढ़ाई बच्चों के मुख्य पढ़ाई की सरकार व्यवस्था करें यह मांग बरकट्ठा विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी बटेश्वर प्रसाद मेहता भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्य समिति के सदस्य सरकार के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है।

### मासी मार्सल विद्यालय का छात्र गुरुवार से लापता

**चरही** : चरही थाना क्षेत्र अंतर्गत मासी मार्सल विद्यालय से एक मामला प्रकाश में आया है। विद्यालय परिसर से एक छात्र जिसका नाम पवन कुमार मुर्मू पिता विसलाल मांझी ग्राम लावालॉन्ग बंगडवा तिरला थाना जगेसर जिला बोकारो का रहने वाला है जो विद्यालय परिसर से गुरुवार की रात 8:00बजे से लापता है। विद्यालय के वार्डन प्रकाश बबलू हेमब्रॉम ने इस संबंध में चरही थाना में आवेदन दिया है। आवेदन में वार्डन द्वारा छात्र के लापता होने की जानकारी दी गई है।

पुलिस प्रशासन

## 2993 लम्बित मामले थे, एक साल के कार्यकाल में 900 से अधिक केस का निष्पादन

# रैश ड्राइविंग आम लोगों के साथ पुलिस के लिए भी सिरदर्द है : प्रभात कुमार

- पुलिसिंग सही हो और प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ तो ही किसी भी जिला या शहर का समग्र विकास हो सकता है
- लोगों के जोड़ते हुए किसी भी घटनाक्रम में ऐसी कार्रवाई दिखाते है

पार्थो चक्रवर्ती




**जमशेदपुर**: जब किसी शहर की शान्ति एवं विकास की बात आती है तो दो शब्द एक साथ जुड़ते हैं और वे दो शब्द पुलिस-प्रशासन है। यानि पुलिसिंग सही हो और प्रशासनिक व्यवस्था सुदृढ़ तो ही किसी भी जिला या शहर का समग्र विकास हो सकता है, वहां शान्ती बहाल रह सकती है, लोग चैन की नींद सो सकते हैं। इस जिला को बने हुए कई दशक बीत गये और इस दौरान अनेकों पुलिस कप्तान यहां पर रहे उनमें से कई ऐसे भी रहे, जिन्हें लोग आज भी बरबस याद करते हैं और ये सिर्फ इसलिए नहीं कि उन्होने अपराधियों को मारा-पीटा उनपर एक्शन की एक अच्छी पुलिस व्यवस्था वो है जिसे लोगों का साथ मिलता है और वर्तमान संदर्भ में बीते एक साल से हमारे बीच में एक ऐसे ही पुलिस कप्तान है जो कि बड़े ही सुझबूझ के साथ लोगों के जोड़ते हुए किसी भी घटनाक्रम में ऐसी कार्रवाई दिखाते हैं कि लोगों को भी आश्चर्यचकित होना पड़ा है। जी हां, हम बात कर रहे हैं, भारतीय पुलिस सेवा के पदाधिकारी व जमशेदपुर के वरीय आरक्षी अधीक्षक प्रभात कुमार का, जिनकी कार्यशैली बहुत ही शालीन और शान्त दिमाग वाली है, जो कि इन्होने इस शहर में हुए अनेकों घटनाओं के उद्भेदन और पुलिसिया कार्रवाई से साबित किया है। अनेकों घटनाएं इस संदर्भ में लिखी जा सकती है लेकिन एक दो घटनाएं जो सामने हैं, उनमें हालिया ज्वलंत घटना शास्त्रीनगर में रामनवमी के बाद का है, जिसमें लोगों को लगा कि पुलिस इस मामले में पीछए हटेगी, लेकिन इस घटना की संवेदनशीलता को देखते हुए बारीकी जांच के साथ जिन लोगों पर पुलिस ने कार्रवाई की, शहर के लोगों को यह अहसास हुआ कि रियल पुलिसिंग क्या है। कुछ इसी तरह लोगों के मोबाईल चोरी होने या गायब होने का मामला रहा, जिसमें प्रायः लोग नाउम्मीदी में रहते थें, अपनी जरूरतें व अन्य नकरात्मक कार्रवाई से बचने के लिए पुलिस रिपोर्ट या सनहा दर्ज कराते थें, ऐसे में शहर के लगभग 1000 से अधिक लोगों के चोरी हुए, मोबाईल की रिकवरी कर उन्हें चार स्थानों पर मेला लगाकर, जिसमें बिष्टुपुर में दो बार साकची थाना परिसर में एवं घाटशिला थाना परिसर में उसके रियल ऑनर को सुपुर्द किया गया। इसके साथ ही एक मोबाईल रिकभरी एप की शुरूआत भी की, जिसके माध्यम से अब किन्ही को भी थाना जाकर मोबाईल चोरी की रिपोर्ट नहीं करानी है, वे आसानी से घर बैठे इस एप पर अपनी रिपोर्ट दे सकते हैं। बीते वर्ष जब श्री कुमार ने पदभार ग्रहण किया था, उस समय कुल 2993 लम्बित मामले थे, एक साल के अपने जिला में अभी तक के कार्यकाल में उन्होने 900 से अधिक केस का निष्पादन कर दिया। अपने कार्यकाल के शुरूआती दिनों से ही अपराधियों पर आक्रामक रुख रखने वाले वरीय आरक्षी अधीक्षक ने कोवाली थाना क्षेत्र में अन्तर्राज्यीय गाड़ी चोरों के गिरोह का पदार्फाश करते हुए 78 मोटरसाईकिल जब्त किया था, वहीं इसी क्रम में कमलपुर थाना क्षेत्र में भी 11 चोरी किये दोपहिया वाहन को जब्त किया था। इस कार्रवाई के बाद दोपहिया चोर गिरोह की कमर टूट गयी थी और इसमें बहुत कमी आयी। सिर्फ विभाग से उन्होने काम ही नहीं लिया, बल्कि अपने विभाग को सुविधा देने के साथ साथ उसे आधुनिक बनाने का प्रयास किया, जिस क्रम में एम.जी.एम. थाना बिल्डिंग को पुर्ण होने के बाद थाना संचालित किया गया, वहीं बमामाईन्स थाना की नयी बिल्डिंग का उद्घाटन आज होगा, जिसके बाद वहीं से थाना संचालित होगी, वहीं डुमरिया थाना के नये भवन का उद्घाटन इस माह के अंत में होने की संभावना है।

## प्रदेश >> अपडेट

### बच्चों को किया सम्मानित

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के मनातू प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत नौडीहा पंचायत के अपग्रेड हाई स्कूल करैला में मैट्रिक की परीक्षा को पास करने वाले बच्चों के लिए विदाई समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण प्रिंस कुमार, द्वितीय स्थान पर अलैंकिक ज्योति, तीसरे स्थान पर चांदनी कुमारी, तीनों छात्र छात्राओं को मेडल, कप आदि से सम्मानित की गई। इस सम्मान समारोह में विद्यालय के लिए समर्पित सहयोग बाल संसद के प्रधानमंत्री मनदीप उरांव को भी पुरस्कृत किया गया।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### साइबर ठगों ने उड़ाया 21 लाख रुपये

**मेदिनीनगर :** पलामू जिले में साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के खाते से 21 लाख रुपए की ठगी कर ली। मामला जिले के हुसैनाबाद थाना क्षेत्र का है, जहां के चिरैयाखाड़ गांव निवासी और वर्तमान में जिला मुख्यालय मेदिनीनगर के सुदना निवासी रामसुंदर सिंह के बैंक खाते से साइबर अपराधियों ने लगभग 21 लाख रुपये उड़ा लिए। इस संबंध में रामसुंदर सिंह ने मेदिनीनगर साइबर थाना में एक लिखित शिकायत दर्ज करायी है।शिकायत में उन्होंने बताया है कि 5 जुलाई को उनके मोबाइल पर अंजान नंबर से कॉल आया। उन्होंने कॉल उठाया जिसमें सामने से बात कर रहे शख्स ने अपना नाम मधुसूदन बताया। उसने बताया कि वह भारतीय स्टेट बैंक ब्रांच का कर्मी है। बैंक में आपका केवाईसी करना है। जिस पर रामसुंदर सिंह ने कहा कि हम बैंक आकर मिल लेंगे। लेकिन कुछ देर बाद फ्रॉड ने फिर से कॉल किया और कहा कि आप चिंता नहीं करें आपको पूरी जानकारी दी जाएगी।रामसुंदर सिंह उसकी बातों में आ गए और एक एप्लिकेशन को डाउनलोड किया। जिसमें उन्होंने पैन कार्ड और आधार की जानकारी दी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### एन्टी क्राईम चेकिंग के दौरान पकड़े गये दो अपराधी

**देवघर :** शुक्रवार को द्वितीय पाली के दौरान आध्यात्मिक केन्द्र बरमसिया सरकार भवन रोड में पुअनि विजय कुमार किण्डो चतरा जिला बल के द्वारा पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एन्टी क्राईम चेकिंग लगाया गया था। जिसमें एक प्लेटिना हरियाणा नं0-एचआर-0609825 पर सवार दो व्यक्ति एक हैण्ड बैग लटकाये जा रहे जिसे रोककर चेक किया गया, बैग चेकिंग के दौरान 1 देसी पिस्टल बिना मैग्जीन लोडेड तथा 3 एटीएम, दो बड़ा मोबाईल तथा 3700 नगद के साथ पकड़ा गया ।जिसे चेकिंग पदाधिकारी पुअनि विजय कुमार की सूचना पर ओपी-12 लाया गया जहां वरीय पदाधिकारी के आदेशानुसार सभी सामानों की जप्ति सूची बनाकर दो अभियुक्त हर्ष राज सिन्हा और पवन कुमार यादव, दोनो कुण्डा, जिला- देवघर को अग्रिम कार्यवाई करने हेतु नगर थाना ले जाया गया ।

### विद्युत उपभोक्ताओं ने की जर्जर पोल-तार बदलने की मांग

**पलामू :** जिले के हरिहरगंज शहरी क्षेत्र अन्तर्गत काफी दिनों से लोग अनियमित विद्युत आपूर्ति से त्रस्त उपभोक्ताओं ने जर्जर बिजली पोल-तार बदलने की मांग फिर दोराई है। कई गणमान्य लोगों ने बताया कि कई बार शहर के विद्युत उपभोक्ताओं के अलावा प्रबुद्ध व्यक्तियों के द्वारा भी एनएच किनारे जर्जर पोल तार से उत्पन्न समस्याओं की ओर विभागीय अधिकारियों का ध्यान भी आकृष्ट कराया । किंतु अधिकारियों ने अब तक इस ओर कोई ध्यान नहीं दिया। अधिकारियों की उपेक्षापूर्ण रवैया से लोग आक्रोशित हैं। कई लोगों ने कहा कि यहां बिजली शाही मेहमान की तरह आती और फिर चली जाती है। 24 घंटे में कई बार बिजली कटती रहती है। उधर शहरी क्षेत्र अंतर्गत मेन रोड और झंडा चौक सौंडिक मोहल्ला सहित कई मोहल्लों में पोल तार काफी पुराना होने की वजह से जर्जर हालत में है।

---

**षडयंत्र** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाया

# बेतहाशा बीएड की फीस वृद्धि शिक्षक बनने से वंचित रखने का षड्यंत्र: बमभोला



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं ने विश्वविद्यालय के कुलपति को कुमार कालिदास मेमोरियल महाविद्यालय के प्राचार्य के माध्यम से ज्ञापन देकर पाकुड़ में पीजी एवं कामर्स की पढ़ाई शुरू करने सहित कई अन्य विषयों पर समाधान की मांग की। कॉलेज मंत्री दुलाल चंद्र दास के नेतृत्व में ज्ञापन सौपते हुए विभाग संयोजक अमित साहा, कॉलेज उपाध्यक्ष आकाश एवं सागर वर्मा सह नगर मंत्री राकी रविदास, सानू दास, प्रकाश हेंब्रम रायसेन मरांडी, एवं सुमित सेन सहित अन्य कार्यकताओं ने बताया कि पिछले 5 सालों से विद्यार्थी पाकुड़ में पीजी की पढ़ाई शुरू करवाने को लेकर के संघर्ष कर रही है। पिछले वर्ष आमरण अनशन के बाद स्थानीय जनप्रतिनिधियों के द्वारा कुलपति का ध्यान भी आकृष्ट कराया गया था। नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमों के अनुरूप महाविद्यालय के पुस्तकालयों में पुस्तकों की उपलब्धता , विषयवार सभी विषयों में शिक्षक लिए भी प्राचार्य से आग्रह किया गया है। विश्वविद्यालय संयोजक बमभोला उपाध्याय ने महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ शिव प्रसाद लोहरा के समक्ष छात्रों की समस्याओं को प्रमुखता से रखा।

उन्होंने बताया बीएड के नए सत्र में विश्वविद्यालय ने बिना सिंडिकेट के बैठक बीएड शुल्क को 88000 से बढ़ाकर 150000 करने का आदेश पारित किया है। यह बात सर्वविदित है की संथाल परगना आर्थिक रूप से सबसे पिछड़ा क्षेत्र है यह जानते हुए विश्वविद्यालय का बीएड शुल्क वृद्धि का फैसला संथाल परगना के विद्यार्थियों को बीयड से वंचित रखने का षड्यंत्र नहीं तो और क्या है। कुलपति के समक्ष इस विषय को सभी महाविद्यालयों के द्वारा प्राचार्य के माध्यम से फीस कम करने हेतु रखा जा रहा है।

पाकुड़ जामताड़ा जैसे जिले में पीजी की पढ़ाई ना होना अत्यंत चिंताजनक है पाकुड़ में तो यह समस्या केवल पाकुड़ प्रखंड के विद्यार्थियों की नहीं है बल्कि पाकुड़ के सभी जिलों के छात्र-छात्राएं पाकुड़ में पीजी की पढ़ाई ना होने से पढ़ाई छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। विश्वविद्यालय के प्रभारी कुलपति संथाल परगना के विद्यार्थियों के धैर्य की परीक्षा ले रहे हैं। सभी महाविद्यालयों के द्वारा कुलपति को ज्ञापन एवं पत्राचार के माध्यम से शुल्क कम करने हेतु आग्रह किया जा रहा है। अगर इसके बाद भी विश्वविद्यालय अपना फैसला वापस नहीं लेता है तो विद्यार्थियों के हितों का ध्यान रखते हुए विद्यार्थी परिषद उग्र आंदोलन की तैयारी में है।

## न्यूज फटाफट

### जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए जागरूकता रथ किया रवाना



**देवघर :** उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री के निर्देशानुसार उप विकास आयुक्त डॉ कुमार ताराचन्द द्वारा समाहरणालय परिसर से जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर जागरूकता रथ का हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि रजिस्ट्रीकरण जागरूकता अभियान रथ के माध्यम से जिला, प्रखण्ड, पंचायत स्तर पर लोगों को जन्म मृत्यु का रजिस्ट्रीकरण से जुड़ी विस्तृत जानकारी दी जायेगी व जागरूक किया जायेगा। जन्म-मृत्यु निबंधन क्यों जरूरी है। साथ ही जन्म-मृत्यु निबंधन में होने वाली समस्याओं को दूर करने की जानकारियों के अलवा विभिन्न प्रपत्रों को भर कर आवेदन करने की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी से अवगत कराया। आगे उप विकास आयुक्त ने कहा कि जन्म प्रमाण पत्र लेना बच्चे का प्रथम वैधानिक अधिकार और पहचान पत्र है। सरकारी योजना, वोटर आईडी से नाम जोड़ने व हटाने की प्रक्रिया के अलावा जनसंख्या और स्वास्थ्य संबंधी आंकड़ों में भी इनका महत्व है। जन्म-मृत्यु रजिस्ट्रीकरण की प्रक्रिया के तहत घर के मुखिया या सगे संबंधी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता या कोटवार को घर में जन्म-मृत्यु घटित होने पर, गांव के मामले में गांव के मुखिया द्वारा जन्म-मृत्यु होने पर पंचायत सचिव (उपरजिस्ट्रार) को घटना घटित होने के 21 दिन के अंदर सूचना देना आवश्यक है। अस्पताल या अन्य संस्थाओं में जन्म-मृत्यु होने पर अस्पताल संस्थाओं के प्रभारी द्वारा जिला रजिस्ट्रार को सूचना दिया जाना है। नगरीय क्षेत्र में नगरीय निकायों के अधिकारी रजिस्ट्रार के रूप में काम करते हैं। निजी अस्पतालों द्वारा नगरीय निकायों के रजिस्ट्रार को उनके अस्पताल में हुए जन्म-मृत्यु की सूचना दी जानी है। ऐसे में जन्म का रजिस्ट्रीकरण कराना बच्चे का जन्मसिद्ध अधिकार है।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार



**मेदिनीनगर :** चैनपुर थाना की पुलिस ने जमीनी विवाद मारपीट मामले में शुक्रवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है ।गिरफ्तार आरोपियों में प्रेमन सिंह और मनोहर सिंह का नाम शामिल है ।इस संबंध में चैनपुर थाना प्रभारी रूपेश कुमार दुबे ने बताया की चैनपुर थाना क्षेत्र के पूर्वडीहा चेड़ाबार गांव में बुधवार को जमीन विवाद को लेकर भाजपा के वरिष्ठ नेता अमलेश्वर कुमार दुबे के भाई मनोज कुमार, दुबे, दिनेश कुमार दुबे, अखिलेश्वर दुबे, आयुष कुमार दुबे पर तीर धनुष से हमला किया गया था। सभी को मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था ।इसके बाद सभी घायलों को इलाज के लिए एमआरएमसीएच में भर्ती कराया गया था। घटना की जानकारी चैनपुर पुलिस को दे दी गई थी ।बताया जाता है की भाजपा नेता अमलेश्वर की जमीन पर दूसरे पक्ष के प्रेमन सिंह, तारकेश्वर सिंह, सुरेश सिंह, कौलेश्वर सिंह, धर्मेंद्र सिंह, कन्हाई सिंह, गोपाल सिंह, मनोहर सिंह ट्रैक्टर से जुताई कर रहे थे। सूचना मिलने पर मनोज कुमार, दुबे, दिनेश कुमार दुबे, अखिलेश्वर दुबे, आयुष कुमार दुबे सभी को रोकने के लिए मौके पर पहुंचे तो दूसरे पक्ष के लोगों ने उन पर तीर धनुष, गड़ासा और लाठी डंडे से हमला कर दिया जिससे सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बाद घायलों के परिजन द्वारा चैनपुर थाना में मामला को दर्ज कराया गया था ।मामला दर्ज होने के बाद पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापामारी अभियान चला रही थी ।इसी बीच दो आरोपियों को गिरफ्तार के शुक्रवार को जेल भेज दिया गया है।

## गरीब व मुसलमानों को शहर से हटाने का चल रहा षड्यंत्र: रूचिर

राष्ट्रीय खबर

**मेदिनीनगर:** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव राष्ट्रीय परिषद सदस्य रुचिर कुमार तिवारी ने चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री के अध्यक्ष आनंद शंकर और उसके डेलिगेटो द्वारा पलामू उपायुक्त को दिए गए आवेदन पर खोदा पहाड़ और निकला चुहिया वाली बात बताया है। उन्होंने कहा कि आनंद शंकर और उनकी टीम का एक ही मकसद छोटे लोगों को शहर में चल रहे व्यवसाय पर उनके पेट पर लात मारना है और उसको बाहर भगाने का मकसद ही इन धनासेठो का मकसद रहा है आनंद शंकर को शहर के प्रथम मेयर को आवेदन पत्र पहले ही देना चाहिए था लेकिन उस समय उनकी बुद्धि धि काम नहीं कर रही थी आज जब मेदिनीनगर नगर निगम के कुछ चुनिंदा लोग जो थोक व्यापारियों को सुबह के समय अपनी जिद के कारण व्यवसाय नहीं करने देना चाहते हैं उन को संरक्षण देने का काम आनंद शंकर के द्वारा किया जा रहा है। वही कोयल नदी के किनारे छोटे ट्रांसपोर्ट वाहन लगते हैं जिससे यात्रियों को सुविधा होती है वह नदी के किनारे स्नान भी कर लेते हैं और यात्रीगण भी नदी के किनारे आराम करके ट्रांसपोर्ट एवं सवारी गाड़ी से अपनी यात्रा करते हैं लेकिन चेंबर ऑफ कॉमर्स को उनकी यह सुविधा भी खटक रही है और इसीलिए वह ऐसा काम कर रहे हैं। थोक सब्जी व्यवसाई सुबह के समय में 4 बजे से 8 बजे तक सड़क के किनारे बैठकर अपनी सामान बेचते है ।

## ठप पड़े विकास योजनाओं को लेकर बीडीओ ने की मुखिया के साथ बैठक

राष्ट्रीय खबर



**महेशपुर :** प्रखंड के आस्कन्धा पंचायत में पंचायत चुनाव के बाद से ठप पड़े विकास योजना को लेकर उपायुक्त के निर्देश पर गुरुवार को बीडीओ सह पंचायत सचिवालय कार्यपालक पदाधिकारी उमेश मंडल की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में पंचायत के मुखिया एवं सभी वार्ड सदस्यों के साथ बैठक की गई। बैठक में पंचायत के 13 वार्ड सदस्य में 11 वार्ड सदस्य एवं मुखिया उपस्थित थे। बैठक में बीडीओ के द्वारा बीते एक साल बीत जाने के बावजूद भी पंचायत में विकास योजना नहीं किए जाने पर संबंधित वार्ड सदस्य एवं पंचायत के मुखिया से कारण पूछा। जिसके बाद वार्ड सदस्यों एवं मुखिया ने एक दूसरे के ऊपर आरोप-प्रत्यारोप लगाना शुरू कर दिया। जिसके बाद दोनों पक्ष को बीडीओ के द्वारा समझा-बुझाकर समन्वय स्थापित करते हुए पंचायत के विकास में भागीदारी निभाने को कंहा। बैठक में पंचायत के उप मुखिया अनीता मंडल,वार्ड सदस्य शेख कमाल हुसैन,सुनील सोरेन के अलावा अन्य वार्ड सदस्यों ने बताया कि पंचायत के मुखिया सुलेमान हेम्ब्रम कभी भी वार्ड सदस्यों के साथ चलना नहीं चाहते हैं। वे अपने चहेते लोगों के प्रभाव में सभी वार्ड सदस्यों के साथ समन्वय स्थापित कर काम करना नहीं चाह रहे थे। बीते कई माह पूर्व कार्यकारिणी की बैठक में मुखिया के चहेते लोगों के द्वारा वार्ड सदस्यों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया था। उस कार्यकारिणी की बैठक में योजना भी पारित की गई थी।

## ट्रांसफार्मर के मुद्दे पर ग्रामीणों ने किया सड़क जाम



राष्ट्रीय खबर

**हिरणपुर:** जिले के हिरणपुर प्रखंड के बाबूपुर पंचायत अंतर्गत बिंजामारा गांव मैं खराब पड़े ट्रांसफार्मर को नहीं बदलने के कारण हिरणपुर कांग्रेस के नेतृत्व में पढ़ाई हिरणपुर पाकुड़ मुख्य सड़क को किया गया ।जाम आज हिरणपुर प्रखंड के अंतर्गत मोहनपुर मोड़ के समीप पाकुड़ हिरणपुर मुख्य सड़क को हिरणपुर कांग्रेस आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रस्का हेमरोम वह प्रखंड अध्यक्ष मनोवर आलम के नेतृत्व में सड़क को जाम किया गया हिरणपुर प्रखंड अंतर्गत बिंजामारा गांव मैं कई माह से ट्रांसफार्मर खराब पड़ा हुआ था । जबकि प्रखंड अध्यक्ष वह कांग्रेस नेता रस्का हेमरोम ने मिलकर कई बार विभाग के पदाधिकारियों को ग्रामीणों का आवेदन देखकर ट्रांसफार्मर लगवाने की मांग किया लेकिन विवाह के उदासीन रवैया के कारण आज सड़क पर उतरना पड़ा सड़क पर उतरने के बाद मुख्य सड़क को जाम कर दिया गया। विभाग के पदाधिकारी हिरणपुर थाना प्रभारी से वार्ता के बाद जाम को हटाया गया मनोवर आलम ने कहा विभाग ग्रामीणों की समस्याओं को समझे तो आम लोगों को सड़क पर उतरने की जरूरत नहीं है आज कई माह से ग्रामीण अंधेरे में था और हम लोग एक दल के नेता हैं कांग्रेस हमेशा आम जनता के साथ आम जनता की जरूरत में खड़ा रहती है और हमारी सरकार होने के बावजूद भी अधिकारी एक साजिश के तहत हम लोगों को बात को अनसुना करते आ रहा है जबकि हम लोगों ने कई बार विभाग के पदाधिकारी से आग्रह किया था जल्द से जल्द ट्रांसफार्मर लगवा दिया जाए । लेकिन नहीं सुना इसी कारण हम लोगों को सड़क पर उतरना पड़ा और फिर वही काम हुआ जो आज से 2 महीना पहले विभाग को करना चाहिए था। भविष्य में अगर कोई भी विभाग आम जनता का काम नहीं करेगा तो हिरणपुर कांग्रेस कमेटी के द्वारा इसी तरह से सड़क पर उतर कर आंदोलन करने पर विवश होगा जाम के तुरंत बाद विभाग कैसे ट्रांसफार्मर देने के लिए तैयार हो गया यह समझने वाली बात है। वहीं कांग्रेस नेता और आदिवासी कांग्रेस के जिला अध्यक्ष रस्का हेमरोम ने कहा कि विवाह बिल्कुल लापरवाह है । जनता से कोई मतलब नहीं जनता की समस्याओं को देखने के लिए आंख बंद कर- के बैठे हुए हैं लोग न सुनते हैं ना देखते हैं लगातार हम लोग जनता के बीच में जाते हैं और जनता से सम बहुत सारा समस्या है जिसके सुनते हम लोग लेकिन विभाग कोई भी विभाग सुनने के लिए तैयार नहीं है आज जिस प्रकार से सड़क पर उतरने के बाद हम लोगों का प्रदेश कांग्रेस के महासचिव उदय लखवानी ने फोन पर बात किया और उनके आदेश और विभाग के पदाधिकारी के आश्वासन के बाद हम लोग तो जाम हटा दिए हैं और अब हम लोग पाकुड़ जाकर के ट्रांसफार्मर लेने के लिए कहा गया है और तुरंत उपलब्ध कराने के बाद पर हम लोग आंदोलन को समाप्त करते हैं।

स्थानीय जनप्रतिनिधियों से मेरा आग्रह होगा की जनता की समस्याओं को छूने क्योंकि जनता ने उनकी समस्याओं को समाधान के लिए ही चुना है यहां के आदिवासी मूलवासी अपनी समस्याओं को लेकर कहां जाएंगे अगर ट्रांसफार्मर लग गया होता तो आज आंदोलन की जरूरत नहीं पड़ती इस बात का हक है कि हमारी सरकार में भी हमारे पदाधिकारी हम लोगों का नहीं सुनते हैं एग्जाम में कांग्रेस के मुस्ताक अंसारी आबिद अंसारी शिव लाल मरांडी सैकड़ों की संख्या में गांव के ग्रामीण उपस्थित थे।

## प्रखंड स्तरीय खरीफ सह मिलेट्स कर्मशाला का हुआ आयोजन




राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** प्रखंड स्तरीय खरीफ कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन श्री अरुण कुमार, जिला कृषि पदाधिकारी, अरविन्द कुमार राय, उप परियोजना निदेशक, आत्मा पाकुड़, ओम प्रकाश सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर जिला कृषि पदाधिकारी अरुण कुमार द्वारा कृषि विभाग से संचालित योजनाओं का लाभ लेने का किसानों से आह्वान किया गया। किसान मित्र एवं प्रगति किसान से किसान क्रेडिट कार्ड के संबंध मे विस्तार से चर्चा किया गया, ताकि किसानों को यह मालूम हो कि केसीसी पास होने के बाद जितना किसान खाते से निकासी करेगा, उसी पर उस दिन से ब्याज लगेगा। किसानों को स्टेप वाइज कृषि ऋण फार्म को भरने का तरीका विस्तार से बताया गया है।

झारखंड राज्य कृषि ऋण माफी योजना के बचे हुए लाभुक का ई-केवाईसी कराने का किसान मित्रों को कहा गया। पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों का 14 वां किस्त मिलना है, लेकिन ई-केवाईसी, लैंड सीडींग या आधार सीडींग नही होने के कारण उस किसान को पीएम किसान का लाभ नही मिलेगा। इस लिए उस सभी किसान का समस्या निवारण करते हुए किसानों को लाभ दिलाए। किसानो को खरीफ फसल के आच्छादन एवं फसल उत्पादन हेतु तकनीकी जानकारी दिया गया। कृषि यंत्र जैसे ट्रेक्टर, रोटाभेटर, पंम्पसेट, स्प्रे मशीन, अन्य कृषि यंत्र भूमि संरक्षण एवं एन एफ एस एम द्वारा किसानों को लाभ लेना चाहिए। बागवानी फसल की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया। किसानों से वैक्लपिक खेती करने हेतु तैयार रहने का बात कही गयी, ताकि यदि बारिश कम हुई तो कम दिन की फसल उपरी और नमी वाले जमीन मे लगा कर कुछ उत्पादन किया जा सकता है।

---

**परेशानी** पांकी प्रखंड के महुगांई गांव का मामला

# प्लास्टिक की झोपड़ी में रहने को विवश है दलित परिवार, विधायक ने लिया संज्ञान

राष्ट्रीय खबर



**मेदिनीनगर :** पलामू जिले के पांकी प्रखंड के हूरलौंग पंचायत के महुगांई गांव में एक ऐसा दलित परिवार है, जिसके पास रहने को घर नहीं है और तन ढकने के लिए कपड़े भी नहीं है। राशन ही जीने का एक मात्र सहारा हैं। कभी - कभार भूखे भी सोना पड़ता है। सरकारी सुविधाओं से महरूम महुगांई गांव के वीरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां और उसकी धर्मपत्नी अपने छोटे बच्चे के साथ बांस और प्लास्टिक से बनी झोपड़ी में रहने को विवश है। पांकी विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने मामले को संज्ञान में लेते हुए दलित परिवार के घर पहुंचकर उनके पूरे हालात की जानकारी ली और पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह को वीडियो कॉल कर दलित परिवार का बांस और प्लास्टिक से बना झोपड़ी को दिखाया। हालांकि पांकी बीडीओ ने प्रखंड कर्मी को भेजकर उसे अंबेडकर आवास दिलाने की बात कही है। विधायक डॉ मेहता ने पांकी बीडीओ चंदन कुमार सिंह को साफ तौर पर कहा है कि दलित परिवार वीरेंद्र भुइयां को हर हाल में अंबेडकर आवास मुहैया कराते हुए उसे आवास को बनवाने की पहल किया जाए। विधायक डॉ मेहता ने कहा कि पांकी विधानसभा में इस तरह के दर्जनों असहाय व्यक्ति है, जो झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। ऐसे असहाय व्यक्तियों को चिन्हित कर तत्काल रुप से जिला प्रशासन को अंबेडकर आवास मुहैया कराना चाहिए। ताकि वे पक्का मकान बनाकर जीवन गुजार सके। विधायक डॉ मेहता ने दलित परिवार वीरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां और उनके पत्नी से बातचीत कर उन्हें अंबेडकर आवास दिलाने का भरोसा दिया है। बता दें कि 4 साल पूर्व उनका जर्जर कच्चा का मकान ढह गया है। आर्थिक अभाव के कारण विरेंद्र भुइयां उर्फ गिरेंद्र भुइयां मकान का निर्माण नहीं करा पाया और बांस और प्लास्टिक से झोपड़ी बनाकर रहने लगा।

## क्राइजाफ सोना मिश्रण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



राष्ट्रीय खबर

**पाकुड़:** झारखंड स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी के द्वारा जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के आई केयर परियोजना के अंतर्गत पाकुड़ सदर प्रखंड के रघुनंदनपुर पंचायत के चांचकी गांव में जूट उत्पादन करने वाले किसानों के साथ क्राइजाफ सोना मिश्रण पर प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विगत 20 फरवरी को राष्ट्रीय जूट महोत्सव के अवसर पर चास हाट फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड एवं जूट कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया के तहत समझौता किया गया था। इसी समझौता के तहत किसानों को प्रशिक्षण, अनुदान आधारित बीज, मशीन एवं उपकरण तथा उत्पादों को खरीदने हेतु कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। इसी के तहत गुरुवार को चांचकि गावँ के दर्जनों किसानों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

## शहर >> अपडेट

### डोर टू डोर जाएंगे बीएलओ

पेटरवार : पेटरवार नवनियुक्त बीएलओ की ओर से आगामी 21 जुलाई से डोर टू डोर जाकर नए मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जोड़ने का कार्य किया जाएगा। उक्त जानकारी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी ब्रजेश कुमार श्रीवास्तव ने दी। कहा कि केवल डोर टू डोर नही बल्कि मतदाताओं के घरों में मतदान से संबंधित स्टिकर भी चिपकाए जाएंगे। बीएलओ की ओर से प्रत्येक मतदाता के घरों में दो बार दस्तक दिया जाएगा । ताकि छूटे हुए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा सके।

## सिटी अपडेट्स >>



### मनोनयन

**कुडू** :प्रखंड के सुन्दरू पंचायत ग्राम ओपा में ग्राम प्रभारी एवं बूथ प्रभारी का चयन किया गया। जिसमें सर्व सहमति से बूथ प्रभारी लोकेश ठाकुर एवं रौशन उरांव एवं ग्राम प्रभारी प्रणव सिंह को बनाया। इस बैठक मे मुख्य रूप से शामिल कुडू प्रखंड अध्यक्ष कलीम खान, जिला उपाध्यक्ष विजय उरांव ,प्रखंड नेता सोनू वर्मा, मीडिया प्रभारी नवाज खान, पंचायत अध्यक्ष अफरोज खान, बुद्धिजीवी मंच के उपाध्यक्ष देवी पहान ,पंचायत सचिव विजय ठाकुर, लोकेश ठाकुर ,प्रभाकर लाल, प्रणव सिंह, रोशन उरांव , नितिन लोहरा ,रामेश्वर साहू, बिरसा उरांव ,अमर वर्मा, बैठक मे सामील हुवे ।यह जनकारी मिडिया प्रभारी नवाज खान ने दी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### महिलाएं ही करती हैं पुरोहित का कार्य

**कोडरमा** :इस व्रत की खासियत यह है कि इसमें यजमान के साथ पुरोहित की भूमिका भी महिलाएं ही निभाती हैं। यही एक ऐसा पर्व है जिसमें महिला ही पुरोहित होती हैं। कहने का अर्थ है कि बुजुर्ग महिलाएं ही पूजा करने का विधि-विधान और तौर- तरीके बताती हैं। इसके अलावा कथा भी महिलाएं ही कहती हैं। एस मिश्रा ने बताया कि व्रत में नवविवाहिता के भाई का बहुत ही बड़ा योगदान रहता है। प्रत्येक दिन पूजा समाप्ति के बाद भाई अपनी बहन को हाथ पकड़ कर उठाता है। नवविवाहिता अपने भाई को इस कार्य के लिए दूध, फल आदि प्रदान करती है। पूजा के अंतिम दिन व्रती को गर्म सुपारी, पान और आरत पत्ता से हाथ एवं पांव को दागा जाता है। ऐसी मान्यता है कि इससे पति-पत्नी का संबंध मजबूत होता है।

### टीम ब्लॉक को हराकर स्पोर्टिंग यूनियन फाइनल में

कोडरमा: जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे रमेश प्रसाद यादव मेमोरियल सीनियर क्रिकेट लीग में सेमीफाइनल मैच चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में स्पोर्टिंग यूनियन और टीम ब्लॉक के बीच खेला गया। स्पोर्टिंग यूनियन ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी चुनी। पहले बल्लेबाजी करते हुए स्पोर्टिंग यूनियन ने 25 ओवर में 240 रन बनाए। जिसमे सर्वाधिक 68 रन विभू लोहानी और विकास सिंह ने 43 रनो का योगदान दिया। गेंदबाजी करते हुए टीम ब्लॉक की ओर से करण सिंह ने तीन तथा संदीप, संगम और शुभम ने एक एक विकेट लिए। बाद में बल्लेबाजी करने उतरी टीम ब्लॉक ने 25 ओवर में 8 विकेट खोकर 147 रन ही बना सकी। जिसमे सर्वाधिक 71 रन निलेश कुमार तथा संगम चौहान और संदीप चौहान ने 15 - 15 रन बनाए। गेंदबाजी करते हुए स्पोर्टिंग यूनियन की ओर से सर्वाधिक 3 विकेट अभिराज गौतम ने लिया।

**समीक्षा** उपायुक्त ने अंचल कार्यालय में योजनाओं की समीक्षा

# योजनाओं का शीघ्र निष्पादन करें

राष्ट्रीय खबर




**चतरा:** प्रखंड सह अंचल कार्यालय गिद्धौर के सभा कक्ष में उपायुक्त अबु इमरान की अध्यक्षता में प्रखंड में संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक की गई।बैठक में मुख्य रूप से प्रधानमंत्री आवास योजना, बाबा साहब भीम राव अंबेडकर योजना, मनरेगा, मानव सृजन दिवस, डोभा, टीसीबी, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल योजना, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, अमृत सरोवर, खसरा रुबेला, फाइलेरिया अन्मुलन कार्यक्रम समेत अन्य की विस्तृत समीक्षा की गई। जानकारी दी गई की वित्तीय वर्ष 2016 से 22, 23 तक कुल प्राप्त लक्ष्य 3153 है इसके विरुद्ध अभी तक 3060 प्रधानमंत्री आवास योजना को पूर्ण कर लिया गया है। शेष 93 आवास को योग्य लाभुकों को लाभान्वित करते हुए 31 जुलाई तक पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी गिद्धौर संजीत कुमार सिंह ने प्रतिवेदन के माध्यम से जानकारी दिया की बाबा साहेब अंबेडकर को लेकर कुल 72 लक्ष्य प्राप्त थे इसके विरुद्ध 63 योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। शेष 9 योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।

वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में कुल 12 लक्ष्य प्राप्त है। इसके विरुद्ध चार योजनाएं पूर्ण कर ली गई है। दो योजनाएं भौतिक रूप से पूर्ण है। शेष योजनाओं में कार्य प्रारंभ है इसे जल्द से जल्द पूर्ण लिया जाएगा। इसे लेकर उपायुक्त ने कहा कि पूर्ण सभी वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना में चेंजिंग रूम बनाना सुनिश्चित करें। बिरसा हरित ग्राम योजना को लेकर जानकारी दिया गया कि वित्तीय वर्ष 23-24 में लाभुकों को लाभान्वित करने हेतु 40 एकड़ का लक्ष्य प्राप्त है। इसके विरुद्ध 39 एकड़ की स्वीकृति कर दी गई है। वही फेज टू में भी 48 एकड़ की योजनाओं का लक्ष्य प्राप्त है।

जिसके लिए लाभुकों को इस योजना से लाभान्वित करने हेतु लाभुक के चयन की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। उपायुक्त ने कहा कि बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना राज्य सरकार की महत्वकांक्षी योजना है। वित्तीय वर्ष 23-24 के फेज 1 में प्राप्त योजनाओं को 15 अगस्त 2023 तक सभी पात्र लाभुकों का चयन करते हुए लाभान्वित करने का निर्देश दिया और कहा कि प्राप्त लक्ष्य को शत प्रतिशत पूर्ण करें।मानव दिवस सृजन एवं योजनाओं के क्रियान्वयन में प्रति ग्राम कम से कम पांच योजनाएं संचालित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही यह भी कहा कि यह सुनिश्चित करें की मनरेगा के तहत प्रत्येक पंचायत में पांच योजनाएं संचालित हो। पंचायत सचिवालय में सभी पंचायत के कर्मियों को रोस्टर अनुसार उपस्थिति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अंचल की समीक्षा के क्रम में निर्देशित किया गया कि मोटेशन वाद अनावश्यक रूप से रद्द ना करें।

विधिवत जांच कर सही कारण होने पर रद्द करें। मोटेशन हेतु निर्धारित समय सीमा आपत्ति रहित वादो में 30 दिन, आपत्ति वाले वादो में 90 दिन के अंदर निष्पादित करना सुनिश्चित करें अन्यथा संबंधित के ऊपर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उक्त बैठक में अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, अनुमंडल पदाधिकारी सिमरिया सुधीर कुमार दास, जिला भू अर्जन पदाधिकारी गोरांग महतो, सिविल सर्जन श्यामनंदन सिंह, जिला आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, प्रखंड विकास पदाधिकारी संजीत कुमार सिंह, अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक, प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी व कर्मी समेत अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## बाबूलाल मरांडी के नेतृत्व में युग का निर्माण: अमित कुमार



राष्ट्रीय खबर

**बालूमाथ :** बालूमाथ के युवक झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री एवम प्रदेश के नव नियुक्त प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी जी से मिल उनको बधाई देने के साथ में मार्गदर्शन आशीर्वाद प्राप्त किया। साथ ही साथ पुराने अनुभव के साथ पार्टी को एक बेहतर दिशा में मजबूती के साथ लोक सभा एवम विधानसभा में जीत दर्ज करा कर झारखंड की जनता को एक नया सवेरा देना है। झारखंड को उन्नति की ओर ले जाना ही हमारे नए प्रदेश अध्यक्ष का प्रेरणा है। मौके पर लातेहार पूर्व विधायक बलजीत राम एवम भाजपा एससी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अमित कुमार जी ने बधाई दिए।

## डीडीसी ने विशेष जागरूकता रथ को किया रवाना

राष्ट्रीय खबर




**चतरा:** उप विकास आयुक्त उत्कर्ष गुप्ता ने जन्म-मृत्यु निबंधन का प्रतिशत बढ़ाने के लिए आमलोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष जागरूकता प्रचार वाहन को समाहरणालय परिसर से हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया।

जन्म एवं मृत्यु निबंधन हेतु राज्यव्यापी विशेष अभियान के तहत शत-प्रतिशत जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु यह जागरूकता रथ दिनांक 14 जुलाई 2023 से 14 अगस्त 2023 तक जिले के सभी प्रखण्ड अन्तर्गत आने वाले पंचायतों, हाट बजारों, शहरी क्षेत्रों में घुम घुमकर जन्म-मृत्यु पंजीकरण के प्रति आमलोगों को जागरूक करने का कार्य करेगी ।

उक्त अभियान के तहत जन्म-मृत्यु पंजीकरण से छूटे हुए सभी बच्चों एवं नये जन्म लिये हुए सभी बच्चों और सभी मृत व्यक्तियों का पंजीकरण कराने के लिए जन जागरूकता हेतु जन्म एवं मृत्यु निबंधन विशेष जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। उक्त मौके पर अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी अनूप कुमार, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, जिला शिक्षा पदाधिकारी दिनेश कुमार मिश्र, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी सुरजमुनि कुमारी, कार्यपालक पदाधिकारी अभय कुमार झा समेत अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

## बिहार में लोकतंत्र का गला घोंटा गया: ओम प्रकाश

राष्ट्रीय खबर



**लोहरदगा:**भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश सिंह ने पटना में कल हुए भाजपा के विधानसभा घेराव के कार्यक्रम में अमानवीय तरीके से लाठीचार्ज किये जाने तथा एक कार्यकर्ता की मृत्यु पर बिहार सरकार की घोर निन्दा की है।

भाजपा नेता ने कहा है कि नितिश कुमार की सरकार ने लोकतंत्र का गला घोंटने का कार्य किया है। भाजपा के कार्यकर्ता जनतांत्रिक ढंग से जनसमस्याओं को लेकर विधानसभा का घेराव करने जा रहे थे उन पर बिहार पुलिस ने जानलेवा लाठी चार्ज कर वृद्ध तथा महिला कार्यकताओं को बुरी तरह मारपीट कर घायल का दिया। यह राज्य सरकार की बौखलाहट का ही परिणाम है।

बिहार की जनता राज्य सरकार के इस कृत्य को देख रही है। और आने वाले दिनों में नितिश सरकार को सबक सिखाएगी।

इस घटना की निन्दा करने वालों में ओमप्रकाश सिंह के अलावा अजय पंकज, दीपक सर्राफ,संजय बर्मन, परमेश्वर भगत, देवाशिष कार,अनिल पाण्डेय,शशि भूषण सिंह, मिथुन तमेडा,बबलू जायसवाल,परमानंद कुमार,जियाउल हक अशर्फी आदि शामिल हैं।

## बिना संत कोई भी इस भवसागर से पार नहीं जा सकता है : देवी शिख

राष्ट्रीय खबर

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड के बुंडू पंचायत अंतर्गत मेला टांड में वीणा परिषद के तत्वावधान में चल रहे श्रीमद्भागवत कथा के चौथे दिन वृंदावन से आई देवी शिखा चतुर्वेदी ने अपने प्रवचन में कहा कि हम भगवान तपस्या करते है तो भगवान हमारे लिए सदैव तत्पर रहते है ।

अपने भक्तों के लिए सदैव खड़े रहते है। कहा कि हमारे अंदर श्रद्धा ओर विश्वास की कमी होती है । भगवान भक्तों के लिए तो कुछ भी करने को तैयार होते है। अपने प्रवचन में कहा कि बिना संत कोई भी इस भवसागर से पार नहीं जा सकता है।

चौथे दिन के प्रवचन के दौरान भगवान वामन अवतार एवं कृष्ण जन्मोत्सव का भव्य अवतार झांकी का मंचन किया गया जिसके कारण श्रद्धालु झूम झूम कर श्री कृष्ण अवतार का स्वागत गान ओर बधाई गीत से माहौल को भक्तिभाव से भावविभोर कर दिए।

## 21 लोगों को सांप ने डसा

राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा:** एक तो जिले में बारिश नहीं होने के चलते लोग धान का बीज खेतो में अपेक्षा के अनुरूप नहीं बो सके।

उसके बाबजूद बरसात के इस मौसम में सांप ने कई लोगों को काट कर जख्मी कर दिया। आंकड़े बताते है अकेले जून जुलाई में 21 लोगों को सांप ने काटा लिया।

हालांकि राहत की बात यह रही की दवा की उपलब्धता के चलते जान-माल की क्षतिपूर्ति नहीं हुई ओर लोग इलाज करा स्वस्थ होकर अपने -अपने घरों को गए। बताया जाता है कि कोडरमा जिले सांप का मामला प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है।

बरसात के मौसम में अगर हम कोडरमा सदर अस्पताल की बात करें तो जून के महीने में जहां 9 लोगों को सांप काटा वहीं जुलाई के 13 तारीख तक 12 लोगों को सांप ने काटा है।

हालांकि राहत की बात यही रही कि सांप काटने के मामले में एक भी मौत नहीं बताई जा रही है। बहरहाल इस तरह के आंकड़े एक बार डराने के लिए काफी है।

## कोडरमा जिले में खुलेगा तीरंदाजी सेंटर

राष्ट्रीय खबर



**कोडरमा:** जिले में खेलों के विकास के लिए बड़ी पहल हो रही है। राज्य के सभी 24 जिलों में एक खेलो इंडिया सेंटर की शुरूआत इसी सत्र से होने जा रही है। केंद्र सरकार की योजना खेलो इंडिया के तहत प्रदेश के सभी जिलों में छह खेलों के केंद्र शुरू होंगे। कोडरमा जिले में तीरंदाजी का खेलो इंडिया तीरंदाजी सेंटर खोला जाना है।

इस केंद्र हेतु झारखंड सरकार के खेल विभाग की मॉनिटरिंग में संचालित होगी। खेल विभाग ने सभी जिलों में स्थलों का चयन कर लिया है। वहीं कोडरमा जिले में खुलने वाला केंद्र हेतु बाघीटांड स्टेडियम कोडरमा को चिन्हित किया है। इस केंद्र के संचालन के लिए राज्य सरकार को भारत सरकार की ओर से प्रति वर्ष प्रति सेंटर पांच लाख रुपये दिए जाएंगे। इस राशि से कोच का मानदेय दिया जाएगा और खिलाड़ियों के लिए उपकरण की व्यवस्था की जाएगी।

**सौगात** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा की पहल पर न्यायालय परिसर में लगा

# देवघर की बेटी ने सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन सौंपा



राष्ट्रीय खबर

**कोडरमा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार कोडरमा की पहल पर झारखण्ड मूल की बेटी देवघर जिला निवासी एवं नीदरलैंड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत प्रीतिका शर्मा ने व्यवहार न्यायालय परिसर में लगाने हेतु सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन देकर न्यायालय में कार्यरत महिला कर्मचारियों, महिला अधिवाक्ताओ एवं न्यायालय परिसर में आने वाली महिला पक्षकारो को एक बड़ी सौगात दी है उल्लेखनीय है कि इन दिनों न्यायालय में महिला कर्मचारियों एवं महिला अधिवक्ताओ की संख्या में काफी इजाफा हुआ है साथ ही साथ कोडरमा न्यायालय परिसर में महिला पक्षकारो की संख्या भी इन दिनों काफी बढ़ी है सेनेटरी पैड की अनुपलब्धता के कारण महिलाओ को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था कोडरमा के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार विरेन्द्र कुमार तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद की पहल पर उक्त सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन व्यवहार न्यायालय परिसर में लगाने की दिशा में सक्रिय पहल करते हुए कोडरमा जिले में कार्यरत गैर सरकारी संस्था हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के सहायक महाप्रबंधक रवि रंजन से इस बावत बात की गई क्व्यवहार न्यायालय परिसर में इस आवश्यकता को महसूस करते हुए रवि रंजन की बहन झारखण्ड मूल की बेटी देवघर जिला निवासी एवं नीदरलैंड में सॉफ्टवेयर इंजीनियर के पद पर कार्यरत प्रीतिका शमार्ने सेनेटरी पैड वेंडिंग मशीन दिए जाने की इच्छा जाहिर की तथा तत्काल उक्त मशीन के साथ साथ सेनेटरी पैड भी उपलब्ध करायाक्आगे भी इंजीनियर प्रीतिका शर्मा ने महिलाओ एवं किशोरियों के स्वास्थ्य सुविधाओ से सम्बंधित अन्य उपकरणों को भी उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया है कप्रीतिका शर्मा के भाई रवि रंजन ने उनके द्वारा प्रदान की गई उक्त मशीन को प्रधान जिला जज विरेन्द्र कुमार तिवारी को सुपुर्द किया जिसे व्यवहार न्यायालय परिसर में स्थापित किया जायेगा मौके पर प्रधान जिला जज विरेन्द्र कुमार तिवारी प्राधिकार के सचिव अभिषेक प्रसाद, न्यायाधीश प्रभारी प्रशांत कुमार वर्मा, हैण्ड इन हैण्ड इंडिया के सहायक महाप्रबंधक सहित महिलाओ के प्रति जागरूकता एवं समर्पण को देखते हुए प्रीतिका शर्मा द्वारा किये गये इस कार्य की सर्वत्र सराहना की जा रही है

## न्यूज फटाफट

### उत्पाद विभाग की छापेमारी में दो शराब तस्कर गिरफ्तार

चतरा: उत्पाद विभाग की टीम ने प्रतापपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाकर एघारा पंचायत के जुड़ी गांव स्थित दो शराब तस्करों के किराना दुकानों में छापेमारी कर अंग्रेजी शराब एवं बियर की पेटियों को जब्त किया है। मौके से उत्पाद विभाग ने पुछताछ के लिए दो शराब तस्करों को भी अपने साथ चतरा ले गई। गिरफ्तार शराब तस्करों में जुड़ी गांव के शंकर साव कमलेश्वर साव के पुत्र मनीष कुमार का नाम शामिल है। अभियान का नेतृत्व उत्पाद विभाग के सब इंस्पेक्टर निर्मल मरांडी कर रहे थे। छापेमारी के दौरान उत्पाद विभाग की टीम ने दोनों शराब तस्करों के किराना दुकानों से किंग फिशर ब्रांड का बियर 34 बोतल, बी-7 ब्रांड का 360 एमएल का 24 बोतल, 180 एमएल का 15 बोतल तथा आईबी ब्रांड का 360 एमएल का 24 बोतल अंग्रेजी शराब जब्त किया। इस संबंध में निर्मल मरांडी ने बताया कि चतरा एसपी राकेश रंजन को गुप्त सूचना मिली कि एघारा के जुड़ी गांव स्थित दो किराना दुकानों से ड्राई स्टेट बिहार में खपाने के इरादे से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब एवं बियर छुपा कर रखा हुआ है। सूचना के आलोक में त्वरित कार्रवाई करते हुए उत्पाद विभाग ने एक टीम गठित कर छापेमारी अभियान चलाया। जहां छापेमारी के दौरान गिरफ्तार दोनों शराब तस्करों के किराना दुकान से भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब एवं बियर की बोतलों को जब्त किया गया। अभियान में निर्मल मरांडी के साथ उत्पाद विभाग के पदाधिकारी एवं आरक्षी शामिल थे।

### उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल करेंगे ट्रक मालिक



**लोहरदगा :** लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन विमरला के पदाधिकारियों ने रांची के प्रोजेक्ट भवन में झारखंड के वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव से मुलाकात की एवं मांग पत्र सौंपा और मंत्री से वार्ता के दौरान बताया की हम लोगों के ट्रक जो कि हिंडाल्को के बॉक्साइट माइन्सो मे बिमरला ,न्यू अमतीपानी एवं गुरदरी माइंस में चलते थे,पिछले लगभग दो महीने से लगभग ग्यारह सौ ट्रक खड़े हैं ,कंपनी से पूछने पर कंपनी कहती है कि जिला प्रशासन के द्वारा हमें जमीन उपलब्ध नहीं कराई जा रही है जिसके कारण माइंस चालू नहीं है । इस बीच एक जुलाई को गुमला उपायुक्त महोदय से मिलकर मांग पत्र सौंपा गया था और इसको लेकर गुरूवार को भी गुमला उपायुक्त कार्यालय को पुन: मांगपत्र सौंपते हुए ट्रकों का परिचालन शुरू कराने की मांग की गई है, किंतु अभी तक इस पर कोई पहल नहीं हुई। इस पर वित्त मंत्री डॉ रामेश्वर उरांव ने कहा की यह हमारे विधानसभा क्षेत्र की बात है और प्रत्यक्ष -अप्रत्यक्ष रूप से लगभग पचीस से तीस हजार लोग इससे प्रभावित हो रहे हैं, इस पर मैं शीघ्र ट्रकों का परिचालन शुरू कराऊँगा, इधर दूसरी ओर एसोसिएशन के संरक्षक सह राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू से एसोसिएशन के अध्यक्ष ने दूरभाष पर वार्ता की एवं पूरी वस्तु स्थिति से उनको अवगत कराया , संरक्षक महोदय ने भी कहा है कि मैं शीघ्र झारखंड आ रहा हूं और इस पर ठोस पहल करूंगा आप लोगों का व्यवसाय को सुचारू रखने का प्रयास करूंगा। वही एसोसिएशन ने यह निर्णय लिया कि अगर शीघ्र ही ट्रकों का परिचालन शुरू नहीं होता है ट्रक मालिक वैसे भी भुखमरी के कगार पर चले गए हैं तो आंदोलन की शुरूआत करते हुए गुमला उपायुक्त कार्यालय के समक्ष भूख हड़ताल की जाएगी एवं हिंडाल्को कंपनी का भी घेराव किया जाएगा क्योंकि इन दोनों पक्षों के कारण ही ट्रकों का परिचालन शुरू नहीं हो पा रहा है। आज के प्रतिनिधिमंडल में लोहरदगा गुमला ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष कवलजीत सिंह, उपाध्यक्ष अभय सिंह, विनोद सिंह, मोहम्मद आफताब आलम गुड्डू, बरज सिंह एवं झारखंड ट्रक ऑनर एसोसिएशन के अध्यक्ष विनोद राम (बिनु) मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### हाट से बाइक की चोरी

**कुडू :** टमाटर खरीदना एक युवक को भारी पड़ा। कुडू बाजार टांड साप्ताहिक हाट से आज्ञात चोरों ने उसकी बाइक गायब कर दी। मामले में युवक ने कुडू पुलिस को आवेदन देकर बाइक की बरामदगी की गुहार लगाई है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार कुडू थाना क्षेत्र के सिंजो डूमरटोली निवासी संजय साहू अपनी बाइक हीरो स्प्लेंडर प्लस निबंधन संख्या जेएच01डीसी - 1913 से कुडू बाजार टमाटर खरीदने गया था। टमाटर लेकर वापस लौटने पर जिस जगह बाइक खड़ा किया था वहां बाइक नहीं थी। काफी खोजबीन करने के बाद जब बाइक का कुछ पता नही चला तो युवक ने कुडू थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

### भाजपा कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दी बधाई

**पेटरवार** : पेटरवार शुक्रवार को श्री हरि कोटा से चंद्रयान 3 के प्रक्षेपन पर पेटरवार के भाजपा कार्यकताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए देश के तेजस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सहित उनकी पूरी टीम को बधाई दी है। बधाई देने वालों में भाजपा के वरिष्ठ नेता शांति लाल जैन, सुधीर कुमार सिन्हा, जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार स्वर्णकार, प्रखंड भाजपा अध्यक्ष रवि शंकर जायसवाल, प्रह्लाद महतो, असित कुमार बनर्जी, सांसद प्रतिनिधि पंकज कुमार सिन्हा, भाजपा नेता मोहन लाल अग्रवाल, नीरज कुमार सिन्हा, प्रदीप कुमार नायक, नागेश्वर सिंह, अजित लोहानी, प्रकाश रवानी, निरंजन महतो, स्वरुप सहाय सहित अन्य के नाम शामिल हैं

### आप नेता महेश यादव को भेजा जेल



**जयनगर :** प्रखंड अंतर्गत बेको पंचायत ग्राम आल्हो निवासी आम आदमी पार्टी बरकट्ठा विधानसभा प्रभारी एवं पूर्व प्रत्याशी महेश कुमार यादव को जयनगर पुलिस प्रशासन ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बताते चलें कि श्री यादव 84/22 केस संख्या में प्राथमिक अभियुक्त थे। थाना प्रभारी ऋषिकेश सिन्हा ने जानकारी दिया कि इनके खिलाफ सरकारी कामकाज में बाधा पहुंचाने का आरोप लगा हुआ था। इन्हें गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

### युवती ने की आत्महत्या की कोशिश

**कोडरमा :** कोडरमा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मेघातारी दिबोर मे बीती रात एक युवती ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की। जिसकी पहचान पिंकी कुमारी (उम्र 16 वर्ष पिता कृष्णा भुईयां, ग्राम मेघातारी) के रूप मे हुई है। जानकारी के अनुसार मां बेटी में झगड़ा के बाद बेटी ने जहर खाकर आत्महत्या की कोशिश की जिसके बाद परिजन आनन-फानन में कोडरमा सदर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां इलाज चल रहा है।

## न्यूज फटाफट

### गोला फेंक एथलीट तूर ने जीता स्वर्ण पदक



**बैंकॉक :** भारतीय गोला फेंक एथलीट तेजिंदरपाल सिंह ने शुक्रवार को यहां एशियाई एथलेटिक्स चैम्पियनशिप में अपना स्वर्ण पदक बरकरार रखते हुए महाद्वीपीय सर्किट में अपना आधिपत्य स्थापित किया। हालांकि दूसरे थ्रो में सर्वश्रेष्ठ प्रयास के बाद वह लंगड़ाते हुए बाहर आये। एशियाई रिकॉर्डधारी तूर ने दूसरे थ्रो में 20.23 मीटर की दूरी पर गोला फेंका लेकिन इस प्रयास के बाद वह ह्यग्रोइनह्ल हिस्से में चोट से लंगड़ाते हुए बाहर आये।रान के साबेरी मेहदी (19.98 मीटर) ने रजत पदक और कजाखस्तान के इवान इवानोव (19.87 मीटर) ने कांस्य पदक अपने नाम किया। तूर (28 वर्ष) तीसरे गोला फेंक एथलीट हैं जिन्होंने एशियाई चैम्पियनशिप खिताब कायम रखा है।

### सहल अब्दुल समद मोहन बागान के लिये खेलेंगे



**कोलकाता :** स्टार मिडफील्डर सहल अब्दुल समद ने शुक्रवार को मोहन बागान क्लब के साथ पांच वर्ष का करार किया है। समद 2017 से केरला ब्लास्टर्स के साथ जुड़े थे वहीं इंडियन सुपर लीग के कप्तान और डिफेंडर प्रीतम कोटल केरला ब्लास्टर्स के लिये खेलेंगे। केरला ब्लास्टर्स ने ट्वीट किया '' क्लब एक खिलाड़ी के बदले सहल अब्दुल समद के स्थानांतरण और एक अज्ञात स्थानांतरण शुल्क के लिए समझौता किया है। भारी मन से क्लब सहल को अलविदा कहता है और हम उनकी आगे की यात्रा के लिए शुभकामनाएं देते हैं।''

### इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ने आयोजित की प्रशिक्षण कार्यशाला



**नई दिल्ली :** इंदिरा गांधी शारीरिक शिक्षा एवं खेल विज्ञान संस्थान ने अपने बी.एस.सी., बी.पी.एड. और एम.पी.एड. विद्यार्थियों के लिए ''विशेष समावेशन प्रशिक्षण कार्यक्रम एकीकृत खेल : कौशल विकास'' पर तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यशाला आयोजित की। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन स्पेशल ओलंपिक्स के राष्ट्रीय खेल निदेशक (महिला विभाग) एकता झा, (मीडिया प्रभारी), रमन रेखी, (क्षेत्र निदेशक) विक्रम सिंह तथा संस्थान के प्रधानाचार्य, (कार्यवाहक) प्रोफेसर संदीप तिवारी ने किया। कार्यशाला का उद्देश्य विशेष आवशयकताओं के विद्यार्थियों को खेलों के माध्यम से समाज की मुख्य धारा में लाना एवं उनका मानसिक, शारीरिक , भावनात्मक बौद्धिक एवं सामाजिक विकास करवाना है। उनकी सिखाई के तरीकों मूल्यांकन, व्यक्तित्व के विभिन्न पहलुओं को किस प्रकार से विकसित करने के तरीकों को, संस्थान के भविष्य के विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। कार्यक्रम के पहले दिन वक्ताओं ने स्पेशल ओलिंपिक भारत के इतिहास, मिशन और मूल्यों को बताया। समावेशी खेलों की महत्ता तथा उनका प्रभाव स्पेशल नीड के बच्चों पर उनके व्यक्तित्व को विकसित करने में इस कार्यक्रम की महत्ता पर चर्चा की गयी जबकि दूसरे दिन विक्रम सिंह (क्षेत्र निदेशक, स्पेशल ओलंपिक भारत) ने विशेषज्ञ के तौर पर कार्यक्रम की कमान संभाली उन्होने कार्यशाला के माध्यम से छात्रों को बौद्धिक अक्षमता के बच्चों को किस प्रकार समूह में विभिन्न तकनीकों एवं ड्रिल का प्रयोग कर प्रभावशाली प्रशिक्षण द्वारा शिक्षित किया ।

**गौरव** | भारत और वेस्टइंडीजः विराट कोहली ने हासिल की एक और उपलब्धि

# कोहली ने वीरेंद्र सहवाग को छोड़ा पीछे, टॉप पर तेंदुलकर बरकरार

- टीम इंडिया के लिए पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है
- सहवाग की कुल संख्या 8,586 रन है

एजेंसियां



**नई दिल्ली :** भारत और वेस्टइंडीज के बीच पहला टेस्ट डोमिनिका में खेला जा रहा है। टेस्ट मैच के दूसरे दिन विराट कोहली ने अपने शानदार करियर में एक और उपलब्ध्धि हासिल की। डोमिनिका में वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन शुभमन गिल के आउट होने के बाद बल्लेबाजी करने आए कोहली 36 रन बनाकर नाबाद रहे, जिससे भारत ने विंडीज के 150 के जवाब में 2 विकेट पर 312 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। मध्यक्रम में रहने के दौरान, कोहली ने एक और ऐतिहासिक उपलब्ध्धि हासिल की।

कोहली पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग को पीछे छोड़ते हुए लाल गेंद प्रारूप में टीम इंडिया के लिए पांचवें सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी बन गए है। इस सूची में सबसे आगे सचिन तेंदुलकर हैं, जिन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 15,921 रनों के साथ अपना करियर समाप्त किया। दूसरे नंबर पर आते हैं द वॉल के नाम से मशहूर राहुल द्रविड़। वर्तमान भारतीय मुख्य कोच ने 13,265 रन बनाए जबकि लिटिल मास्टर सुनील गावस्कर 10,122 रन बनाकर लौटे। वीवीएस लक्ष्मण 8,781 रनों के साथ चौथे स्थान पर बने हुए हैं, जबकि कोहली के अब 8,515 रन हो गए हैं, उन्होंने सहवाग (जो भारत के लिए शानदार 8,503 रनों के साथ समाप्त हुए) को पीछे छोड़ दिया है। यह ध्यान दिया जाना चाहिए कि सहवाग की कुल संख्या 8,586 रन है, हालांकि, उनमें से 83 विश्व कबनाम ऑस्ट्रेलिया के लिए आए।पदार्पण कर रहे सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और कप्तान रोहित शर्मा के शतक और दोनों के बीच पहले विकेट की रिकॉर्ड साझेदारी से भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले क्रिकेट टेस्ट के दूसरे दिन गुरुवार को यहां स्टंप्स तक पहली पारी में दो विकेट पर 312 रन बनाकर 162 रन की बढ़त के साथ मैच पर अपना दबदबा कायम कर लिया। दूसरे दिन का खेल खत्म होते समय जायसवाल 143 जबकि विराट कोहली 36 रन बनाकर खेल रहे थे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए अब तक 72 रन की अटूट साझेदारी कर ली है। भारत पूरे दिन 90 ओवर के खेल में सिर्फ 232 रन ही बना सका।

## रोहित-यशस्वी की दोहरी शतकीय साझीदारी, भारत को 162 की लीड

एजेंसियां




**डोमिनिका :** यशस्वी जयसवाल (143 नाबाद) के पदार्पण टेस्ट में शतक और कप्तान रोहित शर्मा (103) के साथ दोहरी शतकीय साझीदारी की बदौलत भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन गुरूवार को दो विकेट पर 312 रन बना कर 162 रनों की मजबूत बढ़त हासिल कर ली है। रविचंद्रन अश्विन के पांच विकेट की घातक गेंदबाजी के चलते वेस्टइंडीज की पहली पारी में महज 150 रन पर सिमट गयी थी। मुबंई के 21 वर्षीय खिलाड़ी का जादू विंडसर पार्क की पिच पर सिर चढ़ कर बोला जिसका मेजबान गेंदबाजों के पास कोई तोड़ नहीं था। दूसरे छोर पर कप्तान रोहित शर्मा ने अपने टेस्ट करियर को 10वां शतक बनाया। वेस्टइंडीज ने दूसरे सत्र में दो विकेट चटकाए मगर उनके गेंदबाज मेहमान टीम को बड़ी लीड हासिल करने से नहीं रोक सके। पहले सत्र में पिच से टर्न और उछाल मिलने के चलते वेस्टइंडीज के स्पिनरों ने रोहित और जयसवाल को खुल कर खेलने का मौका नहीं दिया। भारतीय बल्लेबाज 32 ओवरों में केवल 66 रन ही बना सके। इस बीच जयसवाल केवल एक चौका लगाने में सफल रहे और उन्होंने अपना पहला अर्धशतक पूरा किया। दूसरे घंटे में स्पिनरों का दबदबा रहा और उन्होंने टर्न और बाउंस से भारतीय सलामी बल्लेबाजों को परेशान किया।

टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का बड़ा बयान, कहा-

## हर मैच के लिए योजना बनाने से मदद मिल रही है

एजेंसियां



**पुणे :** एशियाई खेलों और अगले साल होने वाले ओलंपिक की तैयारियां कर रही भारतीय टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा का मानना है कि अपना दृष्टिकोण बदलने और प्रत्येक मैच के लिए व्यापक रणनीति बनाने से उनके खेल को बेहतर बनाने में मदद मिली है। भारतीय दल इस सितंबर में एशियाई खेलों के लिए हांगझोउ के लिए उड़ान भरेगा तब मनिका टेबल टेनिस में पदक के लिए देश की सबसे बड़ी उम्मीदों में से एक होंगी। मिश्रित युगल में उनके जोड़िदार जी साथियान के मुताबिक इस जोड़ी से ओलंपिक में पदक की उम्मीद की जा सकती है।पिछले नवंबर में एशियाई कप में कांस्य पदक जीतने वाली 28 साल की मनिका ने कहा कि कोच अमन बाल्गु के साथ काम के दौरान उनके खेल में बदलाव आया है। मनिका अल्टिमेट ने साक्षात्कार में कहा, कोच की भूमिका काफी अहम होती है। अमन शानदार मेंटोर और कोच है। वह मेरे साथ यात्रा करते हैं और रणनीति बनाने पर काम करते हैं। यूटीटी में बेंगलुरु स्मैशर्स का प्रतिनिधित्व करने वाली इस खिलाड़ी ने कहा, मैं इससे पहले योजना बनाने पर ज्यादा काम नहीं करती थी लेकिन अब हर मैच से पहले हम योजना बनाते है। मुझे लगता है कि इससे मुझे काफी मदद मिल रही है। मनिका ने 2022 राष्ट्रमंडल खेलों में निराशाजनक अभियान के बाद अमन बाल्गु की सेवाएं ली थीं।

## फ्रांस में वेकेशन मना रही है नीना गुप्ता



एजेंसियां

**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री नीना गुप्ता इन दिनों फ्रांस में पति विवेक मेहरा के साथ वेकेशन मना रही हैं। नीना गुप्ता इन दिनों पति विवेक मेहरा के साथ फ्रांस में वेकेशन इंजॉय कर रही हैं।नीना गुप्ता ने सोशल मीडिया पर फ्रांस वेकेशन की कई फोटो और वीडियो शेयर किए हैं, जो इंटरनेट पर वायरल हो रहे हैं। नीना गुप्ता ने एक वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वह फ्रांस के किसी रेस्त्रां में बॉलीवुड के गाने पर थिरकती नजर आ रही हैं। उनके पति भी उनका खूब साथ दे रहे हैं और इंजॉय कर रहे हैं। इस वीडियो को शेयर करते हुए नीना गुप्ता ने कैप्शन में लिखा है, ह्यमौगिन्स, फ्रांस में मौजा ही मौजा!ह्ल इसके अलावा नीना ने वेकेशन से एक और वीडियो शेयर किया है, जिसमें वह कई लोगों के साथ नजर आ रही हैं। सोशल मीडिया पर फैंस नीना गुप्ता के वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं।

## फीमेल एक्टर्स को दमदार रोल नहीं मिलने से कम हो रहा बॉलीवुड का चार्म : अमीषा पटेल

एजेंसियां



**मुंबईः** जानीमानी अभिनेत्री अमीषा पटेल का कहना है कि फिल्मों में फीमेल एक्टर्स को दमदार रोल नहीं मिलने और उन्हें फिल्मों के पोस्टर में जगह नहीं मिलने से बॉलीवुड का चार्म अब कम होता जा रहा है। अमीषा पटेल ने कहा, फिल्मों के पोस्टर से हीरोइन गायब होती जा रही हैं। पहले लोग अपनी पसंदीदा हीरोइन को पोस्टर में देखकर ही फिल्म देखने का मन बना लेते थे। लेकिन, अब इस पैटर्न में भी काफी बदलाव आ चुका है। फिल्म सिर्फ हीरो सेंट्रिक नहीं हो सकती। हां, हीरो भी किसी भी फिल्म का इम्पोर्टेन्ट पार्ट जरूर होता है। अमीषा पटेल ने कहा,एक समय था जब फिल्म के हर आस्पेक्ट पर गौर किया जाता था। हीरो, हीरोइन से लेकर फिल्म का पोस्टर, गाने, स्टाइल और ग्लैमर हर चीज को अहमियत दी जाती थी। लोग फिल्मों के गानों से आकर्षित होकर ही फिल्म देखने आएं, ऐसा उस समय बहुत कॉमन था।ऑडियंस फिल्मों में विलेन, कॉमेडियन, म्यूजिक और फैशन सेंस भी बड़े शौक से देखती थी। लेकिन, अब ये सब गायब होता जा रहा है। लोग बॉलीवुड के चार्म से प्यार करते थे, वो खत्म हो रहा है।इन्हीं कारणों की वजह से बॉलीवुड की फिल्में बॉक्स-ऑफिस पर पिछड़ रही हैं।

## प्रदीप पांडेय चिंटू और काजल राघवानी की फिल्म 'इश्क' का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर

एजेंसियां

**मुंबईः** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता प्रदीप पांडेय चिंटू और अभिनेत्री काजल राघवान की फिल्म इश्क का वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर दंगल एप और भोजपुरी सिनेमा पर 15 जुलाई 2023 को शाम 7 बजे से होगा। दंगल एप पर हो रहे डिजिटल प्रीमियर को लेकर निर्माता राजकुमार आर पांडेय ने कहा कि फिल्म 'इश्क' को अब भोजपुरी के दर्शक दंगल एप को भी डाउनलोड कर देख सकेंगे। वर्तमान समय में माध्यम अनेक हैं, डिजिटल माध्यम उनमें इंटरनेट के युग में सशक्त और प्रखर माध्यम है। उन्होंने कहा कि हमारी फिल्म की जो कहानी है, वह आम तौर पर हमारे बीच अमूमन देखी जाती है। इस कहानी में जितना प्रेम और इमोशन है, उतना ही एक्शन और थ्रिल भी है। गौरतलब है कि 'इश्क' के लेखक-निर्माता-निर्देशक राजकुमार आर पांडेय हैं। फिल्म इश्क के गीतकार राजकुमार आर पांडेय और सुमित सिंह चंद्रवंशी हैं। संगीत राजकुमार आर पांडेय का है। डीओपी महेश वेंकट हैं। एक्शन प्रदीप खड़का और कोरियोग्राफी पप्पू खन्ना और कानू मुखर्जी हैं।

## ऋतिक रौशन ने अपने दादा रौशन की 106वीं जयंती पर लिखा इमोशनल नोट

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेता ऋतिक रौशन ने अपने दादा रौशन की 106वीं जयंती पर उनके लिए इमोशनल नोट लिखा है। ऋतिक रौशन ने अपने दादा रौशन की एक पुरानी ब्लैक एंड व्हाइट तस्वीर साझा करते हुए,बैकग्राउंड म्यूजिक के रूप में ह्यओ रे ताल मिले नदी के जल मेंह्ल गाने का इस्तेमाल किया। फोटो के साथ ऋतिक ने कैप्शन में लिखा, आज मेरे दादूजी रोशन की 106वीं जयंती है, जिनका नाम मुझे विरासत में मिला है। हालांकि मुझे उनसे मिलने, उनसे सीखने या शारीरिक रूप से उनके प्यार का अनुभव करने का सम्मान कभी नहीं मिला, लेकिन मुझे एक अमूल्य खजाना मिला है – उनका काम और उनका संगीत। ऋतिक ने लिखा, उन के पास अपनी कला के माध्यम से समय को पार करने का एक तरीका है। उनके गाने रोशन परिवार की यात्रा की नींव हैं और मुझे उनकी इस असाधारण वंशावली का हिस्सा होने पर बेहद गर्व है। मैं अपने पसंदीदा गीतों में से एक के माध्यम से अपने दादूजी की अमर विरासत का जश्न मना रहा हूं। मैं इस गाने का और भी अधिक जश्न मनाता हूं क्योंकि मेरे दादूजी को कभी इसकी सफलता का जश्न मनाने का मौका नहीं मिला।

### गुंजन सिंह का गाना रिलीज

**मुंबई :** भोजपुरी सिनेमा के जानेमाने अभिनेता-गायक गुंजन सिंह का सावन स्पेशल गाना 'देवघर से हरिहर चूड़िया लेले अईहा' रिलीज हो गया है। देवघर से हरिहर चूड़िया लेले अईहा गाना गुंजन सिंह ने शिल्पी राज के साथ गाया है। यह गाना गुंजन सिंह के ऑफिशियल यूट्यूब चैनल से रिलीज किया गया है। इस गाने को लेकर गुंजन सिंह ने कहा कि बाबा भोलेनाथ की महिमा अपरंपार है और उनकी भक्ति में यह एक मेरा छोटा सा गीत समर्पित है। उन्होंने कहा कि वह भगवान भोलेनाथ के परम भक्त हैं और हर साल में उनके लिए गाना गाते हैं जिसे शिवभक्त श्रद्धालुओं का खूब प्यार और स्नेह मिलता है। इस बार भी हम भगवान शिव और उनके श्रद्धालुओं के लिए यह खूबसूरत प्यारा सा गीत लेकर आए हैं उम्मीद है सबों का आशीर्वाद और प्यार जरूर मिलेगा।

## नेहा शर्मा ने शेयर किया वर्कआउट वीडियो

एजेंसियां



**मुंबईः** बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा ने सोशल मीडिया पर अपना वर्कआउट वीडियो शेयर किया है। नेहा शर्मा अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती हैं। वह अक्सर ही अपने वर्कआउट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर करती हैं। नेहा शर्मा ने एक बार फिर अपना वर्कआउट वीडियो फैंस के साथ शेयर किया है, जिसमें वह जिम में एक्सरसाइज करती हुयी नजर आ रही हैं। वीडियो में नेहा स्पोर्टी लुक में नजर आ रही हैं। वह अपना बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए दिखाई दे रही हैं। वीडियो को शेयर करते हुए नेहा शर्मा ने कैप्शन में लिखा, 'सुबह की सबसे शुरुआत जिम में समय बिताने के साथ होती है। मेरी खुशी की जगह'।सोशल मीडिया पर फैंस नेहा के इस वीडियो को काफी पसंद कर रहे हैं।

## प्रदेश >> अपडेट

### भोपाल को स्वच्छतम शहर बनाना है : शिवराज

**भोपाल:** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज कहा कि भोपाल, राज्यों की राजधानी में स्वच्छतम राजधानी है, अब पुनः स्वच्छता सर्वेक्षण होने वाला है, जिसमें सभी लोग अपना फीडबैक दें। श्री चौहान ने कहा कि अभी इस सिलसिले में सिटीजन फीडबैक मांगा जा रहा है। इसी क्रम में उन्होंने अपना फीडबैक दे दिया है।

## शॉर्ट न्यूज अपडेट्स >>

### श्रीनगर में विदेशी पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

**श्रीनगर:** जम्मू-कश्मीर की ग्रीमकालीन राजधानी श्रीनगर के एक होटल में शुक्रवार को हंगामा और दो विदेशी पर्यटकों के साथ दुर्व्यवहार करने के आरोप में पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शुक्रवार को यहां बताया कि आरोपियों की पहचान उमर मेहराज हकीम, आशिक अहमद, उबैद गुलजार और उबैद बिलाल बंदे के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने पॉश राजबाग इलाके के एक होटल में हंगामा किया और दो विदेशी महिला पर्यटकों के साथ कथित तौर पर दुर्व्यवहार कर रहे थे।

### छात्र की पानी में डूबने से मृत्यु, दो शिक्षक निलंबित

**बैतूल:** मध्यप्रदेश के बैतूल जिला मुख्यालय में कक्षा तीन के एक छात्र की गड्ढे में भरे पानी से मौत के मामले में दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया। गंज थाना क्षेत्र में कल कक्षा तीसरी के एक छात्र की स्कूल के पास गड्ढे में जमा पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। जिला शिक्षा अधिकारी ने लापरवाही के चलते आज दो शिक्षकों को निलंबित कर दिया।
आधिकारिक जानकारी के अनुसार कल दोपहर शासकीय प्राथमिक शाला में अध्ययनरत छात्र सावन पारधे की स्कूल के पास गड्ढे में जमा पानी में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

## संक्षिप्त >> अपडेट्स

### लोनिवि सचिव मालन नदी पर बने पुल टूटने की जांच करेंगे :सतपाल

**देहरादून:** उत्तराखंड के लोक निर्माण, सिचाई, लघु सिचाई, पर्यटन, पंचायती राज, ग्रामीण निर्माण, जलागम प्रबन्धन, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल रावत उर्फ महाराज ने भारी बारिश के बाद बाढ़ और भू-कटाव की चपेट में आये कोटद्वार के मालन नदी पर बने पुल के टूटने के मामले में लोक निर्माण विभाग (लोनिवि) सचिव पंकज पाण्डेय को जांच के आदेश दिए हैं। मंत्री ने सचिव को निर्देश दिये हैं कि सड़कों के अवरुद्ध होने की स्थिति में वैकल्पिक मार्गो को खोला जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि बरसात बंद होने के पश्चात तत्काल प्रदेश की सभी सड़कों को ठीक करने की कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। उन्होंने सिचाई विभाग के प्रमुख अभियंता जयपाल सिंह से प्रदेश की सभी नदियों की स्थिति और जल स्तर का ब्यौरा भी तलब किया है।

### कश्मीर में जालसाजी के आरोप में 19 के खिलाफ आरोपपत्र पेश

**श्रीनगर:** केन्द शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने शुक्रवार को 19 आरोपियों के खिलाफ यहां यात्री कर अदालत में आरोप पत्र पेश किया, क्योंकि ये लोग पुलिस विभाग में फर्जी और जाली नियुक्तियां करवाने में शामिल थे। दरअसल, अपराध शाखा को शिकायत मिली थी, जिसमें आरोप लगाया गया था कि फर्जी और जाली नियुक्ति आदेशों के आधार पर कुछ व्यक्तियों को जम्मू-कश्मीर पुलिस (जिला श्रीनगर) में नियुक्त किया गया है। इसके बाद, यह मामला 2015 में अपराध शाखा थाने में दर्ज किया गया और आगे की जांच शुरू हुई। जांच के दौरान पता चला कि नियुक्ति के दौरान, आदेश नियमों और स्थापित मानदंडों का स्पष्ट उल्लंघन करने और रिकॉर्ड में हेरफेर के बाद ही नियुक्तियां की गयी थीं।

**बधाई** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार इसरो के वैज्ञानिकों को सफलता के लिए बधाई दी

# चंद्रयान 3 के सफल प्रक्षेपण से सातवें आसमान पर है देश की खुशी : खड़गे

- सारामाई ने अगस्त 1969 में इसरो बनाया
- इसके लिए होमी भाभा और विक्रम साराभाई का धन्यवाद



राष्ट्रीय खबर

**नयी दिल्ली:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने शुक्रवार को चन्द्रयान-3 के सफल प्रक्षेपण पर खुशी व्यक्त करते हुए इसरो के वैज्ञानिकों को सफलता के लिए बधाई दी । श्री खड़गे ने अपने बधाई संदेश में कहा, हमारे वैज्ञानिकों इंजीनियरों और चन्द्रयान-3 मिशन के सफल प्रक्षेपण में शामिल सभी लोगों की जबरदस्त प्रतिभा, समर्पण, कौशल और कड़ी मेहनत को धन्यवाद। इस उल्लेखनीय उपलब्धि के लिए हमें आपमें से प्रत्येक पर बेहद गर्व है। कांग्रेस पार्टी इसरो की असाधारण टीम के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करती है। उन्होंने कहा भारत का चंद्र मिशन 2008 में चंद्रयान-1 के साथ शुरु हुआ जिसने चंद्रमा पर पानी के अणुओं की उपस्थिति की पुष्टि की। यह हमारे देश की एक ऐतिहासिक उपलब्धि थी। चंद्रयान-2 ने पहली बार रिमोट सेंसिंग के माध्यम से क्रोमियम, मैंगनीज और सोडियम की मौजूदगी का पता लगाया। हमारे वैज्ञानिकों की दृढ़ता व्यर्थ नहीं गई और आज चंद्रयान-3 पंडित नेहरु, लाल बहादुर शास्त्री, इंदिरा गांधी, पीवी नरसिम्हा राव, राजीव गांधी, अटल बिहारी वाजपेयी और डॉ. मनमोहन सिंह सहित हमारे सभी पूर्व प्रधानमंत्रियों की दूरदर्शिता, दृढ़ संकल्प और उपलब्धि का प्रमाण है। श्री खड़गे ने कहा, यह डॉ. विक्रम साराभाई और डॉ. सतीश धवन और अनगिनत दूरदर्शी वैज्ञानिकों के प्रति हमारी सच्ची श्रद्धांजलि है जिन्होंने हमारे लोगों के लिए मानव और सामाजिक विकास के लिए वैज्ञानिक सोच स्थापित करने और विकसित करने के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। कांग्रेश संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने कहा,चंद्रयान-3 का सफलतापूर्वक लॉन्च होना हम सभी भारतीयों के लिए बेहद गर्व और उत्साह का अवसर है। इस अवसर पर हम 22 अक्टूबर, 2008 को चंद्रयान-1 और 22 जुलाई, 2019 को चंद्रयान-2 की सफल लॉन्चिंग को भी याद करते हैं। भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के आत्मनिर्भर होने का एक लंबा इतिहास रहा है और इस दौरान इसे राजनीतिक नेतृत्व द्वारा भरपूर समर्थन मिला है। अंतरिक्ष अनुसंधान के लिए भारतीय राष्ट्रीय समिति-इंकॉसपर की स्थापना फरवरी 1962 में की गई थी। इसके लिए होमी भाभा और विक्रम साराभाई का धन्यवाद। साराभाई ने अगस्त 1969 में इसरो बनाया। यह उनका और बाद में सतीश धवन का विज़न था जिसने भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम को एक विशिष्ट विकासात्मक उद्देश्य दिया। वर्ष 1972 और 1984 के बीच धवन ने हर तरह से इसरो समुदाय का मार्गदर्शन किया। यू आर राव से शुरू होकर अब तक उनके प्रत्येक उत्तराधिकारी ने साराभाई-धवन की विरासत को आगे बढ़ाया है और महत्वपूर्ण योगदान दिया है।हम आज पूरे इसरो परिवार को सलाम करते हैं और उनके कार्यों की सराहना करते हैं।

## जैन समाज के प्रदर्शनों का कमलनाथ ने किया समर्थन



राष्ट्रीय खबर

**भोपाल:** कर्नाटक में एक जैन मुनि की हत्या की घटना के विरोध में देश में विभिन्न स्थानों पर हो रहे प्रदर्शनों के बीच वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि वे समाज के शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का समर्थन करते हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ ने ट्वीट के जरिए कहा, जैन धर्म के मुनि और संत समाज की सुरक्षा को लेकर देश के अलग अलग हिस्सों में जैन समाज ने शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए हैं। मैं जैन समाज के इन शांतिपूर्ण प्रदर्शनों का समर्थन करता हूं और आश्वस्त करता हूं कि कांग्रेस पार्टी जैन समाज की भावनाओं का सम्मान करती है। कर्नाटक के जिस प्रकरण को लेकर जैन समाज चिंतित है, वहां भी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुनि और संत समाज की सुरक्षा और अभय विचरण सुनिश्चित करना सबकी नैतिक और संवैधानिक जिम्मेदारी है। हाल ही में कर्नाटक में जैन मुनि कामकुमार नंदी महाराज की हत्या कर दी गयी है।

किसी राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले चंदे की सीमा हटा दी गई

## चुनावी बॉन्ड की अपारदर्शी व्यवस्था को खत्म करेंगे : कांग्रेस

राष्ट्रीय खबर



**नयीदिल्ली:** कांग्रेस ने इलेक्ट्रॉल बॉन्ड के माध्यम से राजनीतिक दलों को मिलने वाले चंदे को अपारदर्शी करार देते हुए कहा है कि पार्टी इसका लगातार विरोध करती रही है और सत्ता में आने के बाद वह भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने वाली इस अपारदर्शी व्यवस्था को खत्म कर देगी। कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनावी बॉन्ड के माध्यम से पार्टियों को दिए जाने वाले चंदे की पहले की पारदर्शी व्यवस्था को अब खत्म कर दिया गया है। नयी व्यवस्था के तहत अब किसी कंपनी, व्यक्ति या संगठन से किसी राजनीतिक दलों को दिए जाने वाले चंदे की सीमा हटा दी गई है। किस दल को किस कंपनी ने कितना चंदा दिया है इस बारे में अब कहीं कोई पूछताछ नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि चुनावी बॉन्ड के जरिये दो वित्त वर्षों में एक पार्टी के खाते में 5200 करोड़ रुपए आये। यह पैसे कहां से आया और किसने दिया, इसका कहीं कोई हिसाब किताब नहीं है। इस बारे में कोई पूछताछ करने वाला नहीं है। यह सब भाजपा सरकार कि उस मनमानी के कारण हुआ है। पहले कंपनियों को बताना पड़ सकता था कि किस पार्टी को कितना पैसा दिया है लेकिन अब इस व्यवस्था को हटा दिया है और चुनावी बॉन्ड से पार्टियों को मिलने वाले चंदे को अपारदर्शी बना दिया गया है। प्रवक्ता ने कहा, इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण इलेक्टोरल फंडिंग गैर-पारदर्शी हो गई। इस बॉन्ड के खिलाफ चुनाव आयोग, सुप्रीम कोर्ट, आरबीआई सभी की आपत्तियां थीं। लेकिन इसे मनी बिल की तरह पारित किया गया है। इस एक मनी बिल के जरिए भजपा ने विधायकों को खरीदने और सरकारें गिराने का काम किया है। चुनावी बांड्स को लेकर पहले की व्यवस्था का जिक्र करते हुए श्री खेड़ा ने कहा, पहले एक कंपनी अपने तीन साल के नेट प्रॉफिट का 7.5 प्रतिशत से ज्यादा दान नहीं कर सकती थी लेकिन अब भजपा सरकार ने यह लिमिट हटा दी।

## नड्डा, अनुराग का मंडी में बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का दौरा



राष्ट्रीय खबर

**मंडी:** सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मंडी के बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों के हालात जायजा लेने आज यहां पहुंचे। दोनों नेता यहां बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में जाकर मौके पर हालात और नुकसान का जायजा लेंगे। वह बाढ़ प्रभावितों से भी मिलेंगे तथा केंद्र सरकार को अपनी रिपोर्ट देंगे। केंद्र बाढ़पीड़तों के लिये राहत-पैकेज की भी घोषणा कर सकता है। दोनों केंद्रीय नेताओं के साथ पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पार्टी प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल और संगठन मंत्री सिद्धार्थन भी साथ हैं। दिल्ली से हेलीकॉप्टर में यहां पहुंचने के बाद श्री नड्डा, श्री ठाकुर और श्री ठाकुर सीधे प्राचीन पंत्रवक्र मंदिर रवाना हुए जहां मत्था टेकने के बाद रविवार को ब्यास नदी में आई बाढ़ से मंदिर और आसपास के क्षेत्रों में हुए नुकसान का जायजा लिया। इसके बाद वे सर्किट हाउस पहुंचे जहां अधिकारियों के साथ बैठक कर स्थिति की जानकारी ली। बैठक में राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) शिमला के क्षेत्रीय अधिकारी अब्दुल बासित, परियोजना निदेशक-मंडी वरुण चारी ने मंडी-कुल्लू राष्ट्रीय राजमार्ग को हुए नुकसान के बारे में पूरी जानकारी दी। श्री चारी ने कहा कि चार मील के निकट इस राजमार्ग को बहाल करने के लिये कार्य प्रगति पर है। इसके अलावा शेष मार्गों पर यातायात बहाल कर दिया गया है।

## मोदी की बात न मानकर गलती की: कुमारस्वामी

राष्ट्रीय खबर



**बेंगलुरु:** जनता दल सेक्युलर (जेडीएस) नेता एचडी कुमारस्वामी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बात न मानकर गलती की, अन्यथा वह 2018 में मुख्यमंत्री बने रहते। पूर्व मुख्यमंत्री ने हालांकि यह नहीं बताया कि प्रधानमंत्री और उनके बीच क्या बातचीत हुई। उन्होंने राज्य विधानसभा में कहा जब मैं मुख्यमंत्री था तब मेरी श्री मोदी से डेढ़ घंटे तक बातचीत हुई थी। अगर मैंने उनकी बात मानी होती तो मैं मुख्यमंत्री बना रहता। इसके विपरीत मैंने कांग्रेस के प्रति वफादार रहना चुना जो यह एक गलती थी। कर्नाटक में 2018 विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस ने जेडीएस के साथ गठबंधन सरकार बनाई और कुमारस्वामी मुख्यमंत्री बने। हालांकि सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं चल पाई और गठन के करीब एक साल बाद ही 2019 में सरकार गिर गई। श्री कुमारस्वामी के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कांग्रेस विधायक रिजवान अरशद ने कहा कि यह अच्छा है कि उनकी पार्टी उनसे जुड़ी नहीं है। हालांकि, भाजपा ने श्री कुमारस्वामी के बयान पर यह कहकर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया कि प्रधानमंत्री और कुमारस्वामी की बातचीत के दौरान उनका कोई भी नेता मौजूद नहीं था।

**जत्था रवाना** जम्मू-कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से शुक्रवार को

# अमरनाथ के लिए 7245 तीर्थयात्रियों का नया जत्था जम्मू आधार शिविर से रवाना

- बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी
- 101 वाहनों के काफिले में 3144 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए हैं



राष्ट्रीय खबर

**जम्मू:** जम्मू-कश्मीर के भगवती नगर आधार शिविर से शुक्रवार को 'बम बम भोले' के जयकारों के बीच 7245 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था अमरनाथ गुफा के लिए रवाना हुआ। तीन दिनों तक निलंबित रहने के बाद यात्रा मंगलवार को जम्मू आधार शिविर से फिर शुरू हुई। जम्मू-श्रीनगर राष्ट्रीय राजमार्ग पर रामबन में बारिश से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कार्य के कारण यात्रा स्थगित कर दी गई थी। एक अधिकारी ने आज यहां बताया कि 7245 तीर्थयात्रियों का जत्था 226 वाहनों के काफिले में आधार शिविर से रवाना हुआ है। उन्होंने बताया कि कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच 125 वाहनों के काफिले में 4101 तीर्थयात्री पहलगाम के लिए रवाना हुए और 101 वाहनों के काफिले में 3144 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए हैं। तीर्थयात्रियों का स्वागत करते हुए रामबन के उपायुक्त ने आज सुबह ट्वीट किया कि अमरनाथ यात्री चंद्रकोटे में एसएएसबी यात्री निवास पहुंच गये है। अधिकारी ने बताया कि गुरुवार को 16,061 अमरनाथ यात्रियों ने पवित्र गुफा का दौरा किया और दर्शन किए, इसी के साथ ही इस सीजन में अब तक कुल 1,62,569 तीर्थयात्री अमरनाथ गुफा में दर्शन कर चुके हैं। उन्होंने बताया कि पवित्र गुफा के दर्शन करने वालों में 12701 पुरुष, 2945 महिलाएं, 236 बच्चे, 176 साधु और तीन साध्वियां शामिल हैं।

## न्यूज फटाफट

### सूडान हिंसा में मारे गए 87 लोगों के शव दारफुर सामूहिक कब्र में मिले

**खार्तूम:** सूडान के अर्धसैनिक रैपिड सपोर्ट फोर्सेज (आरएसएफ) और उनके सहयोगियों द्वारा कथित तौर पर मारे गए करीब 87 लोगों के शव को पश्चिम दारफुर प्रांत की राजधानी एल-जेनिना के बाहर एक सामूहिक कब्र से बरामद किये गए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त के कार्यालय ने गुरुवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में यह जानकारी दी है। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने कहा कि गत 13-21 जून के आसपास एल-जेनिना के अल-मदारेस और अल-जमरेक जिलों में 87 जातीय मसलित और अन्य लोग मारे गए थे। इसमें 14 जून को आरएसएफ की हिरासत में पश्चिमी दारफुर के गवर्नर खामिस अब्बकर की हत्या के बाद हुई हिंसा के कई पीड़ित शामिल थे। संयुक्त राष्ट्र कार्यालय ने एक विश्वसनीय जानकारी का हवाला देते हुए कहा कि मृतकों में सात महिलाएं और सात बच्चे शामिल हैं। इसके अलावा, जो लोग घायल हो गए थे उन्होंने समय पर उपचार नहीं मिल पाने की वजह से दम तोड़ दिया। कार्यालय के अनुसार स्थानीय लोगों ने जब इन शवों को सामूहिक कब्र में दफनाने से इंकार किया तो उन्हें दफनाने के लिए मजबूर किया गया। बयान में संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त वोल्कर तुर्क ने आरएसएफ और सूडान संघर्ष के अन्य पक्षों से जातीय पृष्ठभूमि के आधार पर बिना किसी भेदभाव के मृतकों की तत्काल खोज करने का आन किया।

### उत्तर कोरिया द्वारा प्रक्षेपित मिसाइल रूस में गिरी: संयुक्त राष्ट्र

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उत्तर कोरिया द्वारा बुधवार को प्रक्षेपित की गई मिसाइल रूस के विशेष आर्थिक क्षेत्र में गिरी और संभवतः यह सबसे लंबी दूरी का बैलिस्टिक मिसाइल प्रक्षेपण था। संयुक्त राष्ट्र के सहायक महासचिव, राजनीतिक और शांति निर्माण मामलों और शांति संचालन विभाग खालिद खियारी ने गुरुवार को कहा, मिसाइल को बुधवार स्थानीय समयानुसार सुबह 10:00 बजे प्योंगयांग क्षेत्र से एक ऊंचे प्रक्षेप पथ पर प्रक्षेपण किया था और रूस के विशेष आर्थिक क्षेत्र के अंदर समुद्र में गिरने से पहले मिसाइल 1,001.2 किमी और 6,648.4 किमी की ऊंचाई तक उड़ान भरी थी। कथित तौर पर उड़ान करीब 74 मिनट की थी, जो कि संभवतः उत्तर कोरिया की सबसे लंबी दूरी तक मार करने वाली बैलिस्टिक मिसाइल है। उन्होंने कहा कि उत्तर कोरिया ने 2022-2023 में अपनी मिसाइल प्रक्षेपण गतिविधियों को बढ़ाया और इसी क्रम में उसने बैलिस्टिक मिसाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके 90 से अधिक प्रक्षेपण किए है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा परिषद इसको लेकर चिंतित है।कोरियन संट्रल न्यूज एजेंसी (केसीएनए) ने भी इस बात की पुष्टि की है कि उत्तर कोरिया ने बुधवार को नए प्रकार की ''ह्सोंग-18 अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण किया। मिसाइल 6,648.4 किलोमीटर की अधिकतम ऊंचाई तक पहुंची और करीब 75 मिनट में 1,001.2 किलोमीटर की दूरी तय की।

### चीन के मौसम विभाग ने मूसलाधार बारिश लेकर जारी किया ब्लू अलर्ट

**बीजिंग:** चीन के मौसम विज्ञान ने देश में शुक्रवार को देश के कुछ हिस्सों के लिए मूसलाधार बारिश का ब्लू अलर्ट जारी किया है। राष्ट्रीय मौसम विज्ञान केंद्र ने शुक्रवार सुबह आठ बजे से शनिवार सुबह आठ बजे के दौरान इनर मंगोलिया, हेइलोंगजियांग, जिलिन, लियाओनिग, जियांग्सू और युन्नान के कुछ हिस्सों में मूसलाधार बारिश या बारिश कातूफान आने का अनुमान किया है। केंद्र ने बताया कि इनमें से कुछ क्षेत्रों में प्रति घंटा 30 मिमी से 60 मिमी से अधिक तेज बारिश होगी, साथ ही तूफान और आंधी जैसी गंभीर मौसम की स्थिति का सामना करना पड़ सकता है। मौसम केंद्र ने स्थानीय सरकारों और निवासियों को उचित सावधानी बरतने की सलाह दी है। उन्होंने स्कूलों और किंडरगार्टन को छात्रों और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है।

### तंजानिया सड़क दुर्घटना में छह लोगों मौत

**दार एस सलाम:** तंजानिया के उत्तर-पश्चिमी क्षेत्र गाइता में मिनी बस और ट्रक के बीच आमने-सामने की टक्कर में कम से कम छह लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को यह जानकारी दी है। गाइता क्षेत्र की पुलिस कमांडर सोफिया जोंगो ने बताया कि टक्कर गुरुवार को स्थानीय समयानुसार सुबह 6:07 बजे बुकोम्बे जिले के उयोवु वार्ड के मज़िबिरा इलाके में हुई। सुश्री जोंगो ने कहा कि सभी पीड़ित मिनी-बस में सवार थे, प्रारंभिक जांच से पता चला है मिनी-बस के चालक ने तेजी गति से गाड़ी चला रहा था और उसे झपकी आने पर वाहन की आमने सामने की टक्कर हो गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मतृकों में बस का ड्राइवर, उसका कंडक्टर और चार यात्री शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मिनी बस शिनयांगा क्षेत्र के काहामा जिले से कागेरा क्षेत्र के बिहारामुलो जिले के न्याकानाज़ी की ओर जा रही थी।

### जापान में रॉकेट इंजन परीक्षण के दौरान फटा

**टोक्यो:** जापान के अकिता प्रान्त में नोशिरो परीक्षण केंद्र में परीक्षण के दौरान एक रॉकेट इंजन में विस्फोट की घटना सामने आयी है। जापान की अंतरिक्ष एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी है। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी ने बताया कि अकिता प्रान्त में नोशिरो परीक्षण केंद्र में छोटे एप्सिलॉन एस रॉकेट इंजन में हुए विस्फोट में किसी के घायल नहीं हुआ है। अंतरिक्ष एजेंसी के अनुसार परीक्षण शुरू होने के करीब एक मिनट बाद रॉकेट के इंजन में विस्फोट हुआ। टेलीविजन फुटेज में परीक्षण केन्द्र के बाहर आग की लपटें निकलती देखी गई है।

## आज का इतिहास

- 1611: आमेर के राजा और मुगल साम्राज्य के वरिष्ठ सेनापति जयसिंह का जन्म।
- 1795: 'ला मारसेइलेसी' को फ्रांस का राष्ट्रीय गान घोषित किया गया।
- 1840: शिक्षाविद, ग्रन्थकार और सांख्यिकीविदअंग्रेज अधिकारी विलियम विलसन हन्टर का जन्म।
- 1883: प्रसिद्ध भारतीय व्यवसायी जमशेद जी जीजाभाई का जन्म।
- 1885: आधुनिक केरल प्रदेश के प्रमुख नेता का जन्म।
- 1903: भारत रत्न सम्मानित स्वतंत्रता सेनानी, राजनेता और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री के. कामराज का जन्म।
- 1904: अमेरिका के लॉस एंजिल्स में पहला बौद्ध मंदिर बना।
- 1909: आंध्र प्रदेश की प्रथम महिला नेता दुर्गाबाई देशमुख का जन्म।
- 1916: दुनिया की सबसे बड़ी एयरोस्पेस कंपनी बोइंग शुरू हुई।
- 1925: प्रसिद्ध अभिनेता, नाटककार, निर्देशक और रंगमंच के सिद्धांतकार बादल सरकार का जन्म।
- 1926: बॉम्बे (अब मुंबई) में पहली मोटरबस सेवा की शुरुआत हुई।
- 1937: हिंदी के जाने-माने पत्रकार प्रभाष जोशी का जन्म।
- 1962: अल्जीरिया अरब लीग का हिस्सा बना था।
- 1967: मराठी रंगमंच के महान नायक और प्रसिद्ध गायक बाल गन्धर्व का निधन।
- 1984: पंजाब में सिख समुदाय के अशांत होने के बाद पंजाब को आतंकवाद प्रभावित क्षेत्र घोषित किया गया था।
- 2000: सिएरा लियोन में सैन्य कार्यवाही द्वारा भारतीय सैनिको को मुक्त कराया गया।
- 2002: अमेरिकी पत्रकार डेनियल पर्ल के हत्यारे उमर शेख को पाकिस्तानी अदालत ने मौत की सजा सुनाई।
- 2004: भारतीय चिकित्सा वैज्ञानिक तथा परिवार नियोजन विशेषज्ञ बानो जहांगीर कोयाजी का निधन।
- 2011: भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने पीएसएलवी सी-17 के जरिए जीसैट-12 ए का श्रीहरिकोटा से सफल प्रक्षेपण किया।
- 2017: गणित का प्रतिष्ठित सम्मान 'फील्ड्स मेडल' पाने वाली पहली महिला गणितज्ञ मरियम मिर्जाखानी का निधन।

# राष्ट्रीय ख़बर
## हमारी नज़र

प्रथम पृष्ठ 2

रांची शनिवार 12

web : www.rashtriyakhabar.com
epaper.rastriyakhabar.com

15:07:2023


## रांची के बजरा मौजा जमीन मामले में ईडी ने मुख्य

**रांची:** सेना सहित अन्य जमीनों की अवैध खरीद-बिक्री मामले में मनी लांड्रिंग मामले की जांच कर रही केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने इस मामले में झारखंड के मुख्य सचिव को पत्र लिखा है। अपने पत्र में ईडी ने मुख्य सचिव से हेहल अंचल स्थित बजरा मौजा जमीन मामले में केस दर्ज करने की अनुशंसा की है। ईडी ने पीएमएलए की धारा 66(2) के तहत मुख्य सचिव को पत्र भेजकर एफआईआर दर्ज करने की बात कही है।

मानसून

### 16 जुलाई से राज्य में मानसून फिर से हो सकता सक्रिय

# हल्के से मध्यम दर्जे की बारिश का अनुमान

- कुछ दिनों में मानसून का असर राज्य में देखा जा सकता है
- हालांकि बारिश हल्के से मध्यम दर्जे की होगी

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** राज्य में फिलहाल अलग अलग जिलों में मौसम का मिजाज अलग अलग है। कुछ जिलों में छिटपुट बारिश हो रही है। तो वहीं कुछ जिलों में लोगों को गर्मी का भी एहसास हो रहा है। मानसून आगमन के बाद भी लोगों को गर्मी से पूरी तरह राहत नहीं मिली है। वहीं, मौसम विज्ञान केंद्र की मानें तो आने वाले कुछ दिनों में मानसून का असर राज्य में देखा जा सकता है। मौसम वैज्ञानिक अभिषेक आनंद की मानें तो 16 जुलाई से राज्य में मानसून फिर से सक्रिय हो सकता है। इस दौरान राज्य भर में बारिश की संभावना है। हालांकि बारिश हल्के से मध्यम दर्जे की होगी। इस दौरान तेज वज्रपात की संभावना जतायी गयी है।मौसम केंद्र की मानें तो 15 और 16 जुलाई को राज्य में बारिश होगी। इस दौरान 15 जुलाई को दक्षिण पूर्वी भाग में कहीं- कहीं बारिश होगी। तो वहीं 16 जुलाई को उत्तर पश्चिमी हिस्सों में बारिश होगी। जिसमें पलामू, चतरा, गढ़वा, दुमका, गिरिडीह, हजारीबाग, देवघर जामताड़ा आदि जिले शामिल हैं। हालांकि राज्य के अन्य हिस्सों में हल्के दर्जे की बारिश की संभावना व्यक्त की गयी है। राजधानी रांची की बात करें तो आने वाले दिनों में रांची के कुछ हिस्सों में बादल छाये रहेंगे। जबकि दिन में छिटपुट बारिश की बात की गयी है।तापमान की बात करें तो आने वाले कुछ दिनों में राज्य के तापमान में कोई बदलाव नहीं देखा जायेगा। पांच दिनों तक राज्य का तापमान 31 डिग्री सेल्सियस तक रहने की संभावना है। हालांकि इस दौरान पाकुड़ समेत कुछ जिलों का तापमान 35 डिग्री तक रहने की संभावना जतायी गयी है। वहीं राजधानी रांची का तापमान 29 डिग्री तक रहने की बात कही गयी है। बारिश की बात करें तो पिछले 24 घंटे में सबसे अधिक बारिश गढ़वा में दर्ज की गयी है। जो 6.5 एमएम दर्ज की गयी। वहीं, गुमला में 2.5 एमएम बारिश हुई। अन्य किसी भी जिले में इस दौरान बारिश नहीं हुई।

# कंबल से बंधा हुआ शव बरामद




राष्ट्रीय खबर

**रांची:** राजधानी रांची के धुर्वा इलाके से एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। व्यक्ति की हत्या कर उसके शव को कंबल में लपेट कर धुर्वा इलाके में फेंक दिया गया है। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई है, फिलहाल शव की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस हत्याकांड की गुत्थी सुलझाने की कोशिश कर रही है। आशंका जताई जा रही है कि शव पुलिस या केंद्रीय बल का जवान हो सकता है।धुर्वा से जिस व्यक्ति का शव बरामद किया गया है वह हाफ खाकी पैंट पहने हुए है। पुलिस को आशंका है कि मृतक पुलिस या फिर किसी केंद्रीय बल का जवान था। जिस इलाके से अज्ञात शव बरामद हुआ है उस इलाके में सीआईएसएफ, सीआरपीएफ के कैंप और कार्यालय हैं। इसके साथ ही पुलिस के लिए भी ट्रेनिंग सेंटर है। पुलिस ट्रेनिग में जिस तरह के कपड़े पहने हुए हैं मृतक के कपड़े काफी हद तक उसी तरह के हैं। ऐसे में ट्रेनिंग सेंटर में उसकी तस्वीर भेजी गई है ताकि पहचान की जा सके।मृतक के शरीर के कई हिस्सों में गहरे जख्म के निशान पाए गए हैं, पुलिस को लगता है कि उसकी हत्या कहीं और की गई और हत्याकांड पर पर्दा डालने की नीयत से धुर्वा इलाके में लाकर फेंक दिया गया है। शव को एक कंबल में बांधकर फेंका गया है। जिस स्थान पर शव और मिला है वहां भी खून बिखरा पड़ा है।शुक्रवार को रांची के धुर्वा थाना को स्थानीय लोगों के द्वारा सूचना दी गई कि कंबल से लिपटा हुआ एक व्यक्ति का शव खेत में पड़ा हुआ है। मौके पर जब पुलिस पहुंची तो तफ्तीश के दौरान यह पता चला कि जिस अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया गया है उसकी हत्या की गई है। हटिया डीएसपी राजा मिश्रा ने बताया कि मृतक की पहचान की कोशिश की जा रही है। पहचान होने पर हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने में मदद मिलेगी। प्रथम द्रष्टया देखने से यही लग रहा है कि जिस व्यक्ति का शव बरामद किया गया है वह पुलिस या फिर केंद्रीय बल का जवान है। हालांकि यह अभी सिर्फ अंदेशा है।

## लाइट हाउस के लाभुकों का हंगामा

**रांची:** धुर्वा में बन रहे लाइट हाउस प्रोजेक्ट में फ्लैट बुक करने वाले लाभुकों ने आज नगर निगम कार्यालय के बाहर हंगामा किया। लाभुकों का आरोप है कि लाइट हाउस के एक ब्लॉक में निमार्णाधीन लिफ्ट का हिस्सा गिरने के बाद हमलोगों के मन में गुणवत्ता को लेकर संशय की स्थिति बन गयी है। फ्लैट के लिए पैसे जाम कर चुके लोगों का कहना है कि जब से निर्माण की गड़बड़ी सामने आई है। तब से हम फ्लैट को देखने के लिए साइट पर जाना चाहते हैं। लेकिन हमे वहां जाने नहीं दिया जा रहा है। बिल्डिंग बनने से पहले गिरने लगी है, इसलिए हम खुद जाकर निर्माण कार्य की समीक्षा करना चाहते हैं। लाभुकों का कहना है कि हमलोग गरीब है और बहुत मुश्किल से पैसे की जुगाड़ कर फ्लैट के लिए पैसा जमा किये है। यदि हमें घटिया फ्लैट मिलेगा तो फिर हमलोगों की जीवन भर की कमाई खत्म हो जायेगी।

# हाईकोर्ट में नेता प्रतिपक्ष मामले की सुनवाई, कोर्ट ने विधानसभा सचिव से मांगा जवाब

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** झारखंड हाईकोर्ट ने राज्य की विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का मामला लंबित रहने पर विधानसभा सचिव से जवाब मांगा है। हाईकोर्ट ने पूछा है कि जब विपक्षी पार्टी द्वारा नेता प्रतिपक्ष के लिए किसी विधायक का नाम प्रस्तावित किया गया है तो क्या स्पीकर इस मामले का निर्णय सिर्फ इस आधार पर पेंडिंग रख सकते हैं कि उस विधायक के खिलाफ दलबदल का मामला चल रहा है?कोर्ट ने यह भी जानना चाहा है कि क्या हाईकोर्ट को यह शक्ति है कि वह विधानसभा के स्पीकर को नेता प्रतिपक्ष बनाने के लिए निर्देश दे सकता है? झारखंड हाईकोर्ट ने शुक्रवार को एक जनहित याचिका की सुनवाई के दौरान इन दोनों बिंदुओं पर विधानसभा और सरकार से जवाब देने को कहा। मामले की अगली सुनवाई 25 जुलाई को मुकर्रर की गई है।दरअसल, झारखंड विधानसभा में प्रमुख विपक्षी पार्टी भाजपा ने नेता प्रतिपक्ष के लिए बाबूलाल मरांडी का नाम प्रस्तावित किया था। लेकिन, उनके खिलाफ दलबदल की शिकायत के कारण स्पीकर ने उन्हें नेता प्रतिपक्ष का दर्जा नहीं दिया। हालांकि, स्पीकर के न्यायाधिकरण ने दलबदल से जुड़ी शिकायत पर सुनवाई पूरी कर ली है। लेकिन, फैसला सुरक्षित रखा है।राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष का पद रिक्त रहने की वजह से राज्य की एक कई संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्षों और सदस्यों की नियुक्ति नहीं हो पा रही है। इन पदों पर नियुक्ति के लिए निर्णय लेने वाली जो चयन समिति होती है, उसमें नेता प्रतिपक्ष भी सदस्य होते हैं। उनकी गैर मौजूदगी के कारण यह समिति डिफंक्ड है।सूचना आयोग, महिला आयोग सहित करीब एक दर्जन संवैधानिक संस्थाओं में अध्यक्षों और सदस्यों के पद रिक्त रहने के कारण हाईकोर्ट एडवोकेट एसोसिएशन की ओर से हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली बेंच में याचिका पर शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान झारखंड विधानसभा की ओर से अधिवक्ता अनिक कुमार और प्रार्थी की ओर से वरीय अधिवक्ता वीपी सिंह एवं अभय कुमार मिश्र ने पैरवी की।

# राशन उठायें अन्यथा स्वत: समाप्त हो जायेंगे कार्ड



राष्ट्रीय खबर

**रांची:** जिला में ग्रीन कार्डधारियों द्वारा राशन का उठाव नहीं किया जा रहा है। जानकारी के अनुसार वर्तमान में दिसंबर माह का राशन वितरण किया जा चुका है। रांची जिला के सभी 18 प्रखंडों के अलावा रांची शहरी क्षेत्र व बुण्डू नगर पंचायत में कुल 41586 लोग ग्रीन राशनकार्ड के लाभार्थी हैं। इन सभी लाभुकों के लिए कुल 596960 किलो चावल व 42458 लीटर किरोसिन तेल का आवंटन किया गया है। लेकिन इसके एवज में लाभुकों द्वारा महज 131292 किलो चावल व 57.57 ली किरोसिन तेल का उठाव किया गया है। इस प्रकार महज 21.99 प्रतिशत ग्रीन कार्ड के लाभुक ही कार्ड पर आवंटित राशन का लाभ ले रहे हैं। यदि प्रखंडवार बात करें तो खलारी प्रखंड में सबसे अधिक 66.03 प्रतिशत व रातू में सबसे कम 13.04 प्रतिशत राशन का उठाव किया गया है। यदि रांची शहरी क्षेत्र की बात करें तो यहां सबसे अधिक गीन राशन कार्डधारी हैं, जिनकी संख्या 24522 है। लेकिन यहां चावल का उठाव की प्रतिशत महज 16.96 प्रतिशत ही है। रांची जिला के बुंडू नगर पंचायत व 10 ऐसे प्रखंड हैं जहां से दिसंबर माह के लिए आवंटित किरोसिन तेल का उठाव नगण्य है. जिला के लिए दिसंबर माह में कुल 42458 लीटर तेल आवंटित किया गया है जबकि महज 57.97 लीटर ही कार्डधारियों द्वारा उठाया गया। अनगड़ा, बेड़ो, बुंडू, खलारी, मांडर, राहे, रातू, सिल्ली, सोनाहातू व तमाड़ के अलावा बुंडू नगर पंचायत के कार्डधारियों ने तेल का उठाव नहीं किया है।रांची डीएसओ अल्बर्ट बिलुंग ने कहा कि ग्रीन राशन कार्डधारियों से जिला प्रशासन ने अपील की है कि वो अपने राशन का उठाव अवश्य करें। उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं किये जाने की स्थिति में उनका राशन कार्ड स्वत समाप्त हो जायेगा, जिसके बाद वो कार्ड के सभी लाभों से हमेशा के लिए वंचित हो जाएंगे।

# पेंशन योजनाओं के लाभुकों का आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूरी करें : डीसी

राष्ट्रीय खबर




**रांची:** डीसी रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिलास्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा रविशंकर मिश्रा, जिला कल्याण पदाधिकारी संगीता शरण, जिला कृषि पदाधिकारी विकास कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक एवं विभिन्न बैंकों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।बैठक में डीसी राहुल कुमार सिन्हा द्वारा सर्वप्रथम राज्य एवं केंद्र द्वारा संचालित विभिन्न पेंशन योजनाओं के अंतर्गत लाभान्वित लाभुकों के खातों के आधार सीडिंग के संबंध में समीक्षा की गई। उपायुक्त ने सभी बैंकों से पेंशन लाभुकों के खातों से आधार सीडिंग की प्रक्रिया पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही जिन खातों की आधार सीडिंग की प्रक्रिया अपूर्ण हैं, उन्हें निर्बाध रूप से पेंशन का भुगतान करने का निर्देश दिया।केसीसी, पीएम-किसान सम्मान निधि संबंधित खातों की समीक्षा के दौरान जिला में किसान क्रेडिट कार्ड एवं पीएम-किसान सम्मान निधि से सम्बंधित खाताधारकों के आधार सीडिंग में होने वाली समस्याओं के संबंध चर्चा गयी। विभिन्न बैंकों में किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम-किसान सम्मान निधि से संबंधित वैसे लाभुक जिनका आधार मैपिंग नहीं हुआ है, वैसे लाभुकों को चिन्हित कर मैपिंग की प्रक्रिया को पूर्ण करने का निर्देश उपायुक्त ने दिया। डीसी द्वारा बैंक अधिकारियों को लंबित आवेदनों का त्रुटि निराकरण करते हुए जल्द से जल्द निष्पादन करने का निदेश दिया गया। साथ ही विभिन्न कारणों से अस्वीकृत हुए आवेदनों की जांच कर लाभुकों से सीधे संपर्क करते हुए उनका खाता खोलने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिला कृषि पदाधिकारी को बैंकों से समन्वय स्थापित करते हुए निरस्त हो रहे आवेदनों से संबंधित प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निदेश दिया।

## अदालत के दो फैसलों से झारखंड की पुलिसिंग पर उठे सवाल

**रांची:** पिछले पांच दिनों के अंदर कोर्ट की तरफ से दो फैसले ऐसे आए है, जिसने झारखंड की पुलिसिंग पर सवाल खड़े कर दिए हैं। पहला फैसला बीते सोमवार को सुप्रीम कोर्ट से आया, तो दूसरा शुक्रवार को झारखंड हाईकोर्ट से आया। दोनों फैसले एक जैसे ही हैं, जिसमें कोर्ट ने सीसीए के तहत जेल में बंद ईडी के दो गवाहों को तत्काल जेल से रिहा करने को को कहा है।सुप्रीम कोर्ट ने 10 जुलाई को अपने फैसले में कहा कि 1000 करोड़ के अवैध खनन घोटाले से संबंधित जेल में बंद ईडी के गवाह जयप्रकाश यादव उर्फ मुगेंरी यादव को उसी दिन शाम पांच बजे तक रिहा किया जाए। फैसला आने के बाद आनन फानन में झारखंड सरकार को उन्हें उसी शाम रिहा करना पड़ा।

पड़ताल

### जेल से रची गई थी अकाउंटेंट संजय की हत्या की साजिश, शूटर गिरफ्तार

# संजय सिंह की हत्याकांड का खुलासा

- हत्या और रेकी करने वाले तीनो को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है
- काली मंदिर रोड में ताबड़तोड़ फायरिंग कर संजय को मार डाला था

राष्ट्रीय खबर



**रांची:** शहर के जाने-माने बिल्डर रहे स्वर्गीय कमल भूषण के अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्याकांड का खुलासा रांची पुलिस ने कर लिया है। हत्याकांड में शामिल भाड़े के दो शूटर सहित कुल तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संजय हत्याकांड रांची के एक पूर्व दागी जमीन कारोबारी को भी गिरफ्तार किया गया है। अकाउंटेंट संजय सिंह की हत्या की साजिश भी रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अंदर से रची गई थी। बिल्डर कमल भूषण के हत्याकांड के मुख्य आरोपी राहुल कुजूर और डब्लू कुजूर ने ही भाड़े के हत्यारों से संजय सिंह की हत्या करवाई थी। हत्या और रेकी करने वाले तीनो को रांची पुलिस ने गिरफ्तार किया है। संजय सिंह की हत्या करने के लिए दोनों हत्यारों को 50 हजार रुपये एडवांस के तौर पर दिए गए थे। 7 जुलाई को जब संजय सिंह रांची के सुखदेव नगर थाना क्षेत्र स्थित अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे तभी दोनों अपराधियों ने काली मंदिर रोड में ताबड़तोड़ फायरिंग कर संजय को मार डाला था। हत्याकांड की गुत्थी को सुलझाने के लिए रांची एसएसपी के द्वारा एसआईटी बनाया गया था। एसआईटी ने टेक्निकल सेल की मदद से अपराधियों को गिरफ्तार किया है।राहुल कुजूर और कमल भूषण के बीच उस समय से दुश्मनी शुरू हो गई थी जब राहुल ने कमल भूषण की बेटी से शादी कर ली थी। दुश्मनी इतनी बड़ी थी कि राहुल ने अपने पिता और चाचा के साथ मिलकर पिछले साल मई महीने में कमल भूषण की दिनदहाड़े हत्या कर दी थी। कमल भूषण की हत्या के बाद राहुल कुजूर जेल से ही संजय सिंह पर कमल भूषण के पास बकाया पैसे के भुगतान के लिए दबाव डाल रहा था।राहुल का पिता डब्ल्यू कुजूर पहले कमल भूषण के साथ ही काम किया करता था। लेकिन जब राहुल ने कमल भूषण की बेटी के साथ शादी कर लिया तब से दोनों परिवार एक दूसरे के दुश्मन बन गए। इसी दुश्मनी की वजह से कमल भूषण की भी हत्या की गई थी।

राहुल कुजूर का दावा था कि उसके पिता के करोड़ों रुपए कमल भूषण के बेटे पवन के पास है। राहुल यह चाहता था कि संजय सिंह उसके बकाया पैसे को दिलवा दे। इस बाबत कई बार राहुल के द्वारा जेल से ही संजय सिंह को धमकी भी दिलवाई गयी थी। जब राहुल को पैसे नहीं मिले तब उसने संजय सिंह की हत्या सिर्फ इसलिए करवा दी ताकि कमल भूषण के परिवार में दहशत फैले और उसके पैसे उसे मिल जाए।


